जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल

**कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 : भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने पर मीराबाई चानू...**



Page 09 देश

**गुरु केवल शिक्षा नहीं, जीवन को दिशा भी देते हैं, गुरुजनों के आदर्शों को जीवन में उतारें...**

शुक्ल पक्ष, उत्तराषाढ़ा, | विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • मंगलवार • 28 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 236 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,33,700 | ₹ 2,40,000 |

## आज का इतिहास

**1858 :** भारतीय प्रशासनिक सेवा के सर विलियम जेम्स हर्शल द्वारा इजाद किये गये पहचान के तौर पर अंगूठे के निशान का पहली बार प्रयोग।

**2014 :** अमेरिकी और यूरोपीय संघ द्वारा रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसमें देश की मार्शल, पावर और आर्थिक क्षेत्रों से जुड़ी सीमाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## न्यूज बाइट्स

### एक अगस्त से बदल जाएगा तत्काल टिकट बुकिंग का तरीका

**नई दिल्ली (ए.)।** रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए एक अगस्त 2026 से नई व्यवस्था लागू होने जा रही है। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और रिजर्वेशन काउंटरों पर लगने वाली लंबी कतारों को कम करने के उद्देश्य से वेस्ट सेंट्रल रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के लिए टोकन सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है।

### बिहारशरीफ डेयरी प्रोजेक्ट को मिली नई सौगात

# सीएम ने किया सुधा के 20 एमटी दही-लस्सी संयंत्र का शिलान्यास

- सीएम ने कहा कहा- सुधा ब्रांड को दिलाएंगे अंतर्राष्ट्रीय पहचान

**निज संवाददाता | बिहारशरीफ(नालंदा)**

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कॉम्फेड की इकाई बिहारशरीफ डेयरी प्रोजेक्ट, नालंदा परिसर में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले अत्याधुनिक दही एवं लस्सी संयंत्र का शिलान्यास किया। इसी अवसर पर सहकार से समृद्धि' की अवधारणा के तहत कॉम्फेड द्वारा संचालित किए जाने वाले पीसीएल पेट्रोल पंप तथा सुधा कैफेटेरिया की भी आधारशिला रखी गई। नए दही एवं लस्सी संयंत्र की स्थापना से सुधा ब्रांड के उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ राज्य एवं देश के विभिन्न बाजारों में इसकी पहुंच और मजबूत होगी। वहीं पीसीएल पेट्रोल पंप की स्थापना से गुणवत्तापूर्ण ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ कॉम्फेड की व्यावसायिक आय में भी वृद्धि होगी, जिससे भविष्य में डेयरी प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश को और गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन संसाधन विभाग के सचिव तथा कॉम्फेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक ने कहा, आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की। इसमें सुधा सखी योजना, प्रधानमंत्री पशु औषधि विक्रय केंद्रों का विस्तार, पशुओं की नस्ल सुधार परियोजनाएं, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत लखीसराय में सीमेन स्टेशन तथा मुंगेर में एआईटीटी (कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण) केंद्र जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर सुधा ब्रांड के फ्रोजन डेयरी उत्पादों के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए 300 खुदरा विक्रेताओं के बीच डीप फ्रीजर का वितरण भी किया। साथ ही पशुओं के सुरक्षित उठाव एवं परिवहन के लिए विशेष वाहन का लोकार्पण किया गया। इस वाहन के माध्यम से बीमार एवं असहाय पशुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक आसानी से पहुंचाया जा सकेगा।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कॉम्फेड और उससे जुड़े दुग्ध संघों द्वारा पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में सुधा ब्रांड न केवल भारतीय बाजार बल्कि वैश्विक स्तर पर भी एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी डेयरी ब्रांड के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि इससे बिहार के लाखों पशुपालकों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन संसाधन मंत्री नंद किशोर राम, अस्थावां विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार, डेयरी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी दीपक कुमार तथा विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### 2,500 से अधिक नई दुग्ध उत्पादक समितियों का गठन

कार्यक्रम के दौरान डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन संसाधन विभाग के सचिव तथा कॉम्फेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक ने बिहार सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि कॉम्फेड और उससे जुड़े दुग्ध संघों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 2,500 से अधिक नई दुग्ध उत्पादक समितियों का गठन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप विगत वर्ष की तुलना में प्रतिदिन तीन लाख लीटर से अधिक अतिरिक्त दुग्ध संग्रहण दर्ज किया गया है।

### बकरी दूध के लिए बनेगा अलग फेडरेशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में अब डेयरी क्षेत्र को केवल गाय और भैंस के दूध तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि बकरी पालन और उसके उत्पादों को भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बनाया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में बकरी के दूध के लिए अलग फेडरेशन बनाया जाएगा, जिससे बकरी पालकों को बेहतर बाजार, उचित मूल्य और नई संभावनाएं मिल सकेंगी।

# लोक परीक्षा संशोधन बिल पर लोकसभा में नहीं हो सकी चर्चा



- नीट पेपर लीक प्रदर्शन पर लाठीचार्ज को लेकर विपक्ष का हंगामा, आज दोपहर 12 बजे चर्चा की संभावना

**एजेंसी | नई दिल्ली**

लोकसभा में सोमवार को लोक परीक्षा संशोधन विधेयक पेश किया गया, लेकिन विपक्ष के जोरदार हंगामे के कारण पहले दिन इस पर चर्चा नहीं हो सकी। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दल नीट पेपर लीक के विरोध में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के मुद्दे पर बहस और गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़े रहे। हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही चार बार स्थगित करनी पड़ी। कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद वेल में पहुंचकर बैनर और नारेबाजी के साथ विरोध जताने लगे। गतिरोध समाप्त कराने के प्रयास में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सरकार और विपक्ष से सहमति बनाकर चर्चा कराने की अपील की। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से अलग-अलग मुलाकात भी की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लोक परीक्षा संशोधन विधेयक पर चर्चा मंगलवार दोपहर 12 बजे से शुरू होने की संभावना है।

पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सोमवार को इस्तीफा देने के बाद पहली बार संसद पहुंचे। संसद परिसर में एनडीए सांसदों ने उनका शॉल और मिथिला पाग पहनाकर स्वागत किया तथा उनके समर्थन में नारे लगाए। सांसद उन्हें सम्मान के साथ संसद भवन के भीतर तक लेकर गए। उल्लेखनीय है कि धर्मेंद्र प्रधान ने 25 जुलाई को नीट पेपर लीक विवाद के बीच अपने पद से इस्तीफा दिया था। केंद्र सरकार सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में संशोधन के लिए यह विधेयक लाई है। प्रस्तावित संशोधन के तहत पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में आरोपियों के लिए सजा और जुर्माना दोनों बढ़ाए जाएंगे। साथ ही राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को ऐसे मामलों के त्वरित निपटारे के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें गठित करने का अधिकार मिलेगा, जहां रोजाना सुनवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह कानून केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों द्वारा आयोजित सभी प्रमुख सार्वजनिक परीक्षाओं पर लागू होगा।

# औरंगाबाद समेत कई जिलों में बारिश 26 जिलों में अलर्ट

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में सोमवार को मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। औरंगाबाद, बगहा, अररिया और सुपौल में झमाझम बारिश हुई, जबकि मधुबनी और बक्सर में दिनभर बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने राज्य के 26 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए गरज-चमक, तेज बारिश, आकाशीय बिजली और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी दी है। अररिया में देर रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई। वहीं औरंगाबाद में सोमवार सुबह हुई तेज बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, शेष 12 जिलों में मौसम सामान्य रहने की संभावना है। हालांकि इन क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। बीते 24 घंटों के दौरान पटना, नालंदा और बेगूसराय में तेज धूप के बीच हल्के बादल छाए रहे, जबकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम सामान्य रहा। इस दौरान जहानाबाद, शेखपुरा, पटना और वैशाली के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 4.5 मिमी वर्षा जहानाबाद में रिकॉर्ड की गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रदेश में नमी युक्त हवाओं के प्रभाव और स्थानीय स्तर पर बढ़ रही गर्मी के कारण तेजी से बादलों का विकास हो रहा है। यही वजह है कि दिनभर कभी तेज धूप तो कभी अचानक बारिश और मेघगर्जन की स्थिति बन रही है।

# हर थाली में बिहारी तरकारी अभियान को मिलेगी रफ्तार

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के तत्वावधान में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी परिसंघ लिमिटेड (वेजफेड) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक सोमवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य में 'हर थाली में बिहारी तरकारी' अभियान को गति देने, त्रिस्तरीय सहकारी व्यवस्था को मजबूत करने तथा सब्जी उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वेजफेड राज्य स्तर पर एक शीर्ष संस्था, 9 क्षेत्रीय सब्जी संघों तथा 534 प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों (पीभीसीएस) के माध्यम से कार्य कर रहा है। वर्तमान में 1.18 लाख से अधिक किसान इस नेटवर्क से जुड़े हैं। कुल 114 स्वीकृत परियोजनाओं में से 107 के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है। इनमें 93 संरचनाओं का निर्माण पूरा हो गया है, जबकि 14 परियोजनाएं अभी निर्माणाधीन हैं।

# हर खेत तक पहुंचेगा पानी, लघु सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार पर सरकार का जोर

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री एवं हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा है कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों को समय पर पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और जब तक हर खेत तक पानी नहीं पहुंचेगा, तब तक किसानों की आय में अपेक्षित वृद्धि संभव नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार लघु सिंचाई योजनाओं के विस्तार, जल संरक्षण और सिंचाई अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। डॉ. सुमन ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में लघु सिंचाई परियोजनाओं, चेक डैम, आहर-पइन के जीर्णोद्धार, लिफ्ट सिंचाई योजनाओं तथा अन्य जल संरक्षण कार्यों को गति दी गई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया जाए, ताकि किसानों को समय पर इनका लाभ मिल सके और खेती अधिक लाभकारी बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और बिहार सरकार की किसान हितैषी नीति के अनुरूप कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू खनन मामले में रजौली पुलिस ने फरार नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 239/25 के फरार नामजद अभियुक्त बीरेंद्र यादव को गंगटा गांव से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के संबंध में उन्होंने जानकारी दी कि बीते 15 मई 2025 की संध्या को कुम्हरुआ गांव के पास नदी स्रोत से बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के न्यू हॉलैंड 4010 ट्रैक्टर और ट्रॉली पर लदे करीब 80 सीएफटी अवैध बालू को गश्ती दल द्वारा गुप्त सूचना पर जब्त किया गया था, हालांकि उस समय अंधेरे का लाभ उठाकर आरोपी फरार होने में सफल रहा था जिसके बाद अनुसंधानकर्ता सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आखिरकार पुलिस ने सोमवार आरोपी को धर दबोचा और अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### 11हजार हाईटेंशन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र की पेश पंचायत स्थित दुर्गापुर पेश गांव में सोमवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। बिजली के 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आने से सीताराम यादव के 18 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार, मोनू कुमार गांव के मोड़ के समीप (पहाड़ के किनारे) अचानक से 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार के संपर्क में आ गया। बिजली का झटका इतना जोरदार था कि घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ एसआई अभिषेक कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कागजी कार्रवाई और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया और अंतपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल, नवादा भेज दिया। घटना की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता सीताराम यादव, माता और बड़े भाई सोनू कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्वजन के चीत्कार और विलाप से पूरा माहौल गमगीन हो गया। हादसे की सूचना पाकर स्थानीय मुखिया शशि भूषण कुमार उर्फ वेणु यादव, नरेश यादव, बाल्मीकि यादव, अवधेश यादव और बिक्की कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक-संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। मुखिया ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार काफी गरीब है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन कोष से जल्द से जल्द अनुग्रह राशि दी जाए। साथ ही उन्होंने कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के तहत भी आश्रितों को तुरंत आर्थिक सहयोग राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### विधुत विभाग के द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने के लिये मांगी गयी नाजायज राशि

#### डेढ़ लाख देने के बाबजूद नही हुआ कार्य

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के हंडिया गांव में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने विभाग के कनीय अभियंता और एक कर्मी पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीण कृष्णदेव सिंह, नवल सिंह, नरेश सिंह और महेश कुमार समेत अन्य लोगों का कहना है कि गांव में पांच ट्रांसफार्मर, पोल और तार लगाने के एवज में अधिकारियों ने दो लाख रुपये की मांग की थी। बाद में सौदा डेढ़ लाख रुपये में तय हुआ, जिसके बाद गरीब किसानों ने चंदा एकत्र कर एक लाख रुपये की राशि दे दी। रुपये लेने के बावजूद विभाग ने केवल पंडपा गांव तक ही पोल गाड़े, जबकि हंडिया गांव में तीन महीने बीत जाने के बाद भी न तो ट्रांसफार्मर लगा और न ही तार बिछाए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि 25 जुलाई को अधिकारियों ने बिजली न देने की धमकी दी और विरोध करने पर पुलिस के सामने उलझ गए। इतना ही नहीं, जेई ने ग्रामीणों पर ही थाने में झूठा मामला दर्ज करा दिया। उधर, बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह ने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और निराधार बताया है।

### बेरोटा गांव में सद्भावना सत्संग का आयोजन, ईश्वर भक्ति का दिया संदेश

**नरहट (नवादा)।** सोमवार को प्रखंड के बेरोटा गांव में मानव उत्थान सेवा समिति, गया (बिहार) के सौजन्य से सद्भावना सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सत्संग प्रेमी धर्मेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सत्संग को संबोधित करते हुए मानव उत्थान सेवा समिति से जुड़ी महात्मा तारणी बाई जी एवं संगीता बाई जी ने मानव जीवन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसे सार्थक बनाने के लिए ईश्वर भक्ति एवं सत्कर्म आवश्यक हैं। उन्होंने लोगों से लोक को सुखी तथा परलोक को सुहेला बनाने के लिए नियमित रूप से ईश्वर का स्मरण, सत्संग और सदाचार अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उषा कुमारी, रामनरेश प्रसाद, दिलीप प्रसाद, बाल्मीक्की प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, सोनी देवी, महावीर प्रसाद सहित अन्य सत्संग प्रेमी उपस्थित रहे।

### पीएनबी के खाते से साइबर अपराधियों ने उड़ाए 47 हजार 250 रुपये

**कौआकोल।** साइबर अपराधियों ने थाना क्षेत्र के बिन्दीचक गांव निवासी संजीत कुमार के पंजाब नेशनल बैंक, शाखा कौआकोल के खाते से 47 हजार 250 रुपये साइबर अपराधी द्वारा निकासी कर ली गई। पीड़ित को जब खाते से राशि निकासी का संदेश मोबाइल पर प्राप्त हुआ, तब उसे धोखाधड़ी की जानकारी मिली। पीड़ित ने बताया कि उसके खाते से बिना अनुमति के ही साइबर अपराधी के द्वारा 26 जुलाई 2026 को एक ही दिन यूपीआई के माध्यम से दो बार में पहले 27 हजार तथा दूसरी बार 20 हजार 250 रुपये निकाल लिए गए। घटना के बाद उसने तुरंत बैंक शाखा पहुंचकर खाते को सुरक्षित कराने की प्रक्रिया शुरू की और संबंधित साइबर थाना एवं कौआकोल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यात्री वाहन की ठोकर से रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी गांव के समीप सोमवार को यात्री वाहन की ठोकर से एक रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मधुरापुर गांव निवासी 60 वर्षीय राजो साव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल इलाज के लिए कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सरौनी गांव के पास एक यात्री वाहन ने रिक्शा चालक को टक्कर मार दी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### 30 जुलाई 2026 को एकदिवसीय रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

नवादा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 30.07.2026 को संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.), नवादा के प्रांगण में स्वतंत्र माइक्रोफिन लिमिटेड द्वारा फील्ड ऑफिसर (एस.एफ.ओ.) के 50 रिक्त पदों के लिए रोजगार कैम्प आयोजित किया जाएगा। उक्त पद के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं एवं स्नातक निर्धारित है। वेतन 12,500 (सी.टी.सी.) के साथ ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी., इंसेंटिव, इंश्योरेंस, मेडिकल इंश्योरेंस एवं निःशुल्क रूम की सुविधा प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थल नवादा एवं गया होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो तथा बायोडाटा के साथ चयन हेतु संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.), नवादा के प्रांगण में आयोजित रोजगार कैम्प में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगा। केवल वही अभ्यर्थी रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं, जो एन.सी.एस. पोर्टल पर निबंधित हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे स्वयं अथवा जिला नियोजनालय, नवादा में अपना निबंधन कराकर रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

# कुत्ता काटने की सुई को लेकर अस्पताल में बवाल

## "दवाई है तो क्यों नहीं दे रहे" - परिजन-स्वास्थ्यकर्मी आमने-सामने, डॉक्टर के हस्तक्षेप से मामला शांत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को कुत्ता काटने की सुई को लेकर जमकर हंगामा हुआ। स्वास्थ्यकर्मियों और मरीज के परिजनों के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई, जिसे अस्पताल में तैनात चिकित्सक के बीच-बचाव के बाद शांत कराया गया।मामला डाक बंगला चौराहा निवासी रंजीत कुमार के 10 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार से जुड़ा है। आलोक को 23 जुलाई को घर के पास गली के कुत्ते ने काट लिया था। परिजनों ने उसी दिन पहला डोज लगवा दिया था। सोमवार को आलोक की चाची पूनम अग्रवाल उसे दूसरा डोज दिलवाने अस्पताल लाईं। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने पर स्वास्थ्यकर्मियों ने कह दिया कि "2 बजे के बाद सुई नहीं दी जाती, वापस चले जाइए"। इस परिजन भड़क गए। उन्होंने कहा कि उनका बच्चा नवादा के दिल्ली पब्लिक स्कूल में पढ़ता है और छुट्टी होने के बाद जब बच्चा घर पहुंचा,तो उसे सुई दिलवाने अस्पताल लाया गया। पूनम ने सवाल किया - "अगर अस्पताल में सुई है तो



रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में विवाद के बाद बच्चा के साथ परिजन

इमरजेंसी स्टाफ क्यों नहीं दे रही?" परिजनों के विरोध के बाद ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के निर्देश पर आलोक को दूसरा डोज लगाया गया।

**अस्पताल की व्यवस्था पर उठे सवाल** :- डोज लगने के बाद मामला और गरमा गया। परिजनों ने अस्पताल की व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि "दवाई रहने के बावजूद आनाकानी की जाती है। अस्पताल में कुव्यवस्था फैली है। यहां से मंगलसूत्र गायब हो जाता है, बाइक चोरी होती है, युवक-युवतियां निजी पल बिताने आते हैं और स्टाफ का बिगड़ा बोल मरीजों को आहत करता है।" वहीं स्वास्थ्यकर्मियों का तर्क था कि इमरजेंसी रूम में फ्रिज नहीं है, इसलिए वे ज्यादा दवाई नहीं रख पातीं। पहला डोज जरूर दिया जाता है।

**प्रभारी डीएस ने दी सफाई** :- इस पूरे विवाद पर अस्पताल प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि अस्पताल के स्टोर में फ्रिज मौजूद है और जरूरत पड़ने पर वहीं से कुत्ता काटने की सुई निकालकर दी जाती है।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब स्टोर में व्यवस्था थी तो परिजनों को पहले क्यों घुमाया गया? फिलहाल डॉक्टर के समझाने पर मामला शांत हुआ, लेकिन इस घटना ने सरकारी अस्पताल की कार्यशैली और मरीजों की परेशानी को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

## फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, दो देशी कट्टा व बाइक बरामद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के डोमनबाग गांव में फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो देशी कट्टा तथा घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की गई है।कौआकोल थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पकरीबरावां के एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी ने बताया कि रविवार की संध्या पुलिस को सूचना मिली थी कि डोमनबाग गांव में 4-5 युवकों द्वारा फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की गई है। सूचना यह भी मिली कि ग्रामीणों ने एक बदमाश को पकड़ रखा है और अन्य आरोपित दोबारा गांव में आने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरावां गांव निवासी सूरज मांझी (पिता- योगेंद्र मांझी) को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।उसकी निशानदेही पर पुलिस ने दरावां गांव से एक देशी कट्टा बरामद किया। वहीं दरावां गांव निवासी अंकित राज,पिता हरिश्चंद्र साव उर्फ लूटन साव के पास से एक अन्य देशी कट्टा तथा घटना में प्रयुक्त बाइक भी जब्त की गई। इसके बाद पुलिस ने अंकित राज को भी गिरफ्तार कर लिया।एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# रजौली में 200 संदिग्धों के रहने की आशंका से हड़कंप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**"बिना कागजात रह रहे बंगाल के लोग, हो सकती है घुसपैठ" - समाजसेवी ने पुलिस से की जांच की मांग**

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के सिमरकोल और घसियाडीह समेत कई मोहल्लों में बिना वैध पहचान पत्र के लगभग 200 संदिग्ध लोगों के रहने की खबर से इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय समाजसेवी वीरेंद्र सिंह ने प्रशासन से इन लोगों के दस्तावेजों की गहन जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

**बर्तन-बिंदी बेचने के बहाने कर रहे थे रेकी?** :- समाजसेवी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से कुछ लोग मोहल्लों में घूमकर खराब मोबाइल के बदले बर्तन, महिलाओं के बाल लेकर बिंदी-गार्डर दे रहे थे। इसी संदेह पर उन्होंने इलाके का सर्वे शुरू किया। सर्वे के दौरान सिमरकोल मोड़ के पास 3-4 आवासीय परिसरों में लगभग 100 लोग ऐसे मिले जिनके पास कोई वैध कागजात नहीं थे। वहीं घसियाडीह मोहल्ले के कई नवनिर्मित घरों में भी दर्जनों संदिग्ध लोग रह रहे थे। पूछताछ में उन्होंने खुद को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, मालदा और आसनसोल का रहने वाला बताया। उन्होंने संदेह जताया कि मकानमालिक कुछ पैसों की लालच में बिना किसी वैध कागजातों के किराया पर दे देते हैं,जो क्राइम करके फिर दूसरे जगह पलायन कर जाते हैं।

**"बांग्लादेशी घुसपैठ की आशंका"** :- समाजसेवी ने आशंका जताई कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर यानी मतदाता सूची पुनरीक्षण के कारण कई बांग्लादेशी देश के विभिन्न हिस्सों में घुसपैठ कर चुके हैं। उन्हीं में से कुछ लोग रजौली क्षेत्र में आकर रह रहे हैं। उनके अनुसार रजौली क्षेत्र में लगभग 200 बांग्लादेशी अवैध रूप से रह सकते हैं। वीरेंद्र सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि इन संदिग्धों के सिर्फ आधार कार्ड नहीं, बल्कि वोटर कार्ड और राशन कार्ड की भी जांच की जाए।

**पुलिस ने शुरू की जांच** :- इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि समाजसेवी से सूचना मिलने के बाद एसआई सचिन कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों को जांच के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस टीम इलाके में जाकर लोगों के दस्तावेजों का सत्यापन कर रही है। फिलहाल पूरे मामले की जांच के बाद ही कुछ साफ हो पाएगा, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में बिना कागजात लोगों के मिलने से स्थानीय लोगों में दहशत है।

# उचित मूल्य दुकान अनुज्ञप्ति को लेकर औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** बिहार लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016, द्वितीय संशोधन आदेश, 2022 तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत निर्देशों के आलोक में विज्ञापन संख्या-01/2025 के माध्यम से जन वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य दुकानों की नई अनुज्ञप्ति जारी करने की प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

उक्त विज्ञापन के अनुसार नवादा सदर अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों के लिए कुल 35 तथा रजौली अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के लिए कुल 15, अर्थात कुल 50 रिक्तियों के विरुद्ध योग्य एवं सक्षम अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन कराया गया तथा विभागीय दिशा-निर्देशों, आरक्षण नियमों एवं निर्धारित अर्हताओं के अनुरूप पंचायतवार/वार्डवार औपबंधिक मेधा सूची तैयार कर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली द्वारा जिला स्तरीय चयन समिति को उपलब्ध कराई गई।

आज जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में उक्त औपबंधिक मेधा सूची पर विचारोपरांत निर्णय लिया गया कि सूची का प्रकाशन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली के कार्यालयों के सूचना पट्ट पर किया जाए तथा असंतुष्ट आवेदकों से दावा एवं आपत्ति प्राप्त की जाए।

कोई भी असंतुष्ट आवेदक औपबंधिक मेधा सूची के संबंध में अपना दावा अथवा आपत्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर, अर्थात दिनांक 11 अगस्त 2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा (समाहरणालय, नवादा, ग्राउंड फ्लोर, पिन-805110) के कार्यालय में साक्ष्य सहित लिखित रूप में व्यक्तिगत रूप से, स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से अथवा ई-मेल nawadadso@gmail.com पर समर्पित कर सकते हैं।

दिनांक 11 अगस्त 2026 को अपराह्न 5:00 बजे के बाद प्राप्त किसी भी दावा अथवा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। अतः सभी संबंधित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही अपना दावा/आपत्ति आवश्यक साक्ष्यों सहित समर्पित करना सुनिश्चित करें।

जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय के आलोक में औपबंधिक मेधा सूची नवादा जिला की आधिकारिक वेबसाइट https://nawada.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है।

# बारिश के मौसम में मच्छरों से राहत के लिए रजौली नगर पंचायत में शुरू हुई फॉगिंग

## वार्ड-वार चलाया जा रहा अभियान, डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** बारिश के मौसम में बढ़ते मच्छरों और उससे होने वाली बीमारियों को देखते हुए रजौली नगर पंचायत प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में फॉगिंग मशीनों के जरिए मच्छर मारने का अभियान शुरू किया गया है, ताकि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों पर लगाम लगाई जा सके। नगर पंचायत कर्मियों की टीम सोमवार से ही नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में बारी-बारी से फॉगिंग कर रही है। सुबह और शाम के समय फॉगिंग मशीनों से धुआं छोड़कर नालियों, गली-मोहल्लों, खाली प्लॉट और सार्वजनिक स्थानों पर छिड़काव किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि बरसात में जमा पानी और गंदगी में पनपने वाले मच्छरों को खत्म कर लोगों को राहत दिलाई जाए। स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि मौसम बदलने के साथ ही मच्छरों का प्रकोप



नगर पंचायत कर्मी वार्डों में फॉगिंग करते हुए

बढ़ जाता है। इसे देखते हुए हर साल की तरह इस बार भी फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में दवा और कर्मियों की तैनाती की गई है। अभियान को लेकर एक रूट चार्ट भी तैयार किया गया है, जिसके अनुसार रोजाना विभिन्न वार्डों में फॉगिंग की जा रही है। अगले 10 दिनों में पूरे नगर पंचायत क्षेत्र को कवर करने का लक्ष्य है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत के इस कदम की सराहना की है। वार्ड नंबर 3 की निवासी सीमा देवी ने कहा कि "पिछले साल बरसात में मच्छर बहुत थे। रात में सोना मुश्किल हो जाता था। इस बार समय से फॉगिंग शुरू हुई है तो थोड़ी राहत है।" वहीं नगर पंचायत कर्मियों ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। कूलर, टायर और गमलों में जमा पानी को समय-समय पर साफ करते रहें। साथ ही फॉगिंग के समय घर की खिड़की-दरवाजे खोलकर रखें ताकि धुआं अंदर तक पहुंच सके। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अगर किसी वार्ड में मच्छरों की शिकायत मिलती है तो वहां विशेष रूप से फॉगिंग कराई जाएगी। प्रशासन का प्रयास है कि इस बरसात के मौसम में नगर वासियों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाया जा सके।

## घर से मिला 2.040 किलोग्राम अवैध गांजा; महिला गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वारिसलीगंज** थाना पुलिस शनिवार की रात साइबर अपराधियों की तलाश में छापेमारी करने पहुंची, लेकिन मौके पर पुलिस के हाथ साइबर अपराधी नहीं लगे। हालांकि, तलाशी के दौरान घर से 2 किलो 40 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। नवादा पुलिस दुसरा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 26 जुलाई की रात्रि में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर अपराधों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में वारिसलीगंज थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इस टीम में थाना के पुलिस पदाधिकारियों के साथ सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे। टीम को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम लालपुर स्थित अरविंद प्रसाद (पिता- स्वर्गीय ब्रह्मदेव प्रसाद) के घर पर छापेमारी की गई।

पुलिस ने पूरे घर की बारीकी से तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर से 2 किलो 40 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामदगी के बाद मौके पर मौजूद सुलेखा देवी (50 वर्ष), पति- अरविंद प्रसाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया और जब्त गांजा को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इस मामले में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 524/26 दर्ज करते हुए महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बरामद गांजा केवल व्यक्तिगत उपयोग के लिए रखा गया था या फिर इसके पीछे किसी बड़े तस्करी नेटवर्क का संबंध है। इस पहलू पर भी गहन छानबीन जारी है।

# खनवां में नाबालिग की हत्या मामले में दो युवक गिरफ्तार, जांच जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** खनवां गांव स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय परिसर में नाबालिग किशोर का शव मिलने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मामले में मृतक के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि मृतक गोलू कुमार के पिता विनोद उर्फ विलोचन सिंह के आवेदन पर शिवम कुमार और कन्हैया कुमार के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि रविवार दोपहर करीब दो बजे नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, मदनपुर खनवां के परिसर से नाबालिग का शव बरामद होने के बाद गांव में सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की।

थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि मृतक और दोनों आरोपित स्कूल परिसर में गांजा पीने गए थे। हालांकि हत्या के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और मामले के अनुसंधान जारी है।





## सात निश्चय-3 के तहत जिलेभर में आयोजित हुई जनसुनवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा श्री शम्भू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 19 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान थाना-नारदीगंज, ग्राम-मधुवन के प्यारे यादव द्वारा मुआवजा भुगतान के संबंध में, थाना-अकबरपुर, ग्राम-डेरमा की धरमिंता देवी द्वारा रास्ता रोकने के संबंध में, थाना-अकबरपुर, ग्राम-रजहट के मैहरोज अहमद द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगवाने के संबंध में, थाना-अकबरपुर, ग्राम-चेता बिगहा के उपेन्द्र प्रसाद द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में आवेदन दिया गया एवं अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में सदर/रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कलश यात्रा में दो पक्षों के बीच मारपीट, लाठीबाजी के बाद गोली भी चलाई, डीजे बजाने के लेकर झड़प



**नालन्दा**। नालंदा में सोमवार को कलश शोभायात्रा के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दो पक्ष आपस में भिड़ गए। कलश यात्रा किस रूट से गुजरेगी इसको लेकर भी दोनों ओर से विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि बात मारपीट-गोलीबारी तक हो गई। हिंसक झड़प में एक युवक को गोली लगी है, जबकि मारपीट में 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना अस्थावां मोहल्ले का है। स्थानीय लोगों के सहयोग से अखंड पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई थी, जिसमें डीजे भी शामिल था। घटना के चश्मदीद और घायल पिंकू यादव ने बताया कि कलश यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकल रही थी और इसमें मोहल्ले के सभी लोग शामिल थे। इसी बीच, भूषण यादव, वीरेंद्र यादव और उनके कुछ सहयोगी जबरन डीजे को एक ऐसी गली में ले जाने की जिद करने लगे, जहां डीजे जाने के लिए पर्याप्त जगह ही नहीं थी। दूसरे पक्ष के लोगों ने संकरी गली में डीजे ले जाने से मना किया, तो आरोपी पक्ष उग्र हो गया। पिंकू यादव का आरोप है कि मना करने पर उन लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की गई। कौशल यादव के कान को छूते हुए बुलेट निकल गई। मारपीट और हिंसक झड़प में कुल 8 लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज बिहार शरीफ सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों में धर्मपाल कुमार, विकर्षण कुमार, सुमन कुमार, सत्यपाल कुमार, प्रकाश यादव, रौशन कुमार, पिंटू यादव और मुन्ना कुमार शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। घटना के संबंध में सदर डीएसपी (वन) अमरनाथ ने बताया कि कलश यात्रा के दौरान दो पक्षों के बीचमामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। गोलीबारी की बात बेबुनियाद है।

### गयाजी में चलती ट्रेन से उतरे यात्री, फ्लेटफार्म पर गिरे, आरपीएफ जवानों ने गाड़ी के नीचे जाने से बचाया



**गयाजी**। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल अंतर्गत गया रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के जवानों ने एक यात्री को ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच गिरने से बचा लिया। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर गाड़ी संख्या 13305 अप धनबाद-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस आकर रुकी थी। अपने निर्धारित ठहराव के बाद ट्रेन धीरे-धीरे गंतव्य की ओर रवाना होने लगी। इसी दौरान एक यात्री चलती ट्रेन से नीचे उतरने का प्रयास करने लगा। उतरने के क्रम में अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह लड़खड़ा गया। औंधे मुंह प्लेटफार्म पर गिर पड़ा। यात्री की पहचान सीवान के रहने वाले 56 वर्षीय रवि कुमार के रूप में हुई है। उनके पास से पहाड़पुर से गयाजी तक का रेल टिकट मिला है। घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई है। यात्री सीधे प्लेटफार्म और पटरी के बीच मौजूद गैप की तरफ गिरने लगा। सादे लिबास में तैनात आरपीएफ की टीम वहां गश्त कर रही थी। टीम में सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, प्रधान आरक्षी वशिष्ठ यादव और आरक्षी राकेश कुमार सिंह शामिल थे। यात्री को गिरता देख जवानों ने बिना एक पल गंवाए त्वरित कार्रवाई की। वे तुरंत दौड़कर मौके पर पहुंचे। जवानों ने यात्री को खींच लिया और एक बड़ा हादसा टल गया।

### सारनाथ को यूनेस्को का ताज, बोधगया, नालंदा और राजगीर से जुड़ी ज्ञान परंपरा को मिली वैश्विक मुहर

**नालंदा**। सारनाथ को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के साथ ही भारत की अमर बौद्ध विरासत को एक नई अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। यह केवल एक पुरातात्विक स्थल का सम्मान नहीं है, बल्कि उस आध्यात्मिक, ज्ञान और करुणा परंपरा की वैश्विक स्वीकृति है। जिसकी जड़ें बिहार के बोधगया, राजगीर की पहाड़ियों और नालंदा महाविहार से गहराई से जुड़ी हुई हैं। विश्व में ज्ञान की धारा बहाने वाले नालंदा महाविहार को यह दर्जा मिलने के ठीक 3,663 दिन बाद, भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश स्थल (धर्मचक्र प्रवर्तन) सारनाथ को यह गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े चार प्रमुख स्थलों में से कुशीनगर को छोड़कर बोधगया, नालंदा-राजगीर, लुंबिनी (नेपाल) और अब सारनाथ को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर मान लिया गया है। पर्यटन और पुरातात्विक दृष्टिकोण से इस फैसले ने 'बुद्ध सर्किट' को पहले की अपेक्षा कहीं अधिक सबल और प्रामाणिक बना दिया है। इतिहासकार सारनाथ और नालंदा को बौद्ध सभ्यता की दो परस्पर पूरक धरोहरें मानते हैं। इतिहास गवाह है कि बुद्ध ने बोधगया में ज्ञान प्राप्त करने के बाद अपना पहला उपदेश (धर्मचक्र प्रवर्तन) सारनाथ में ही अपने पांच पूर्व साथियों (कौण्डिन्य, वप्प, भद्दिय, महानाम व अस्सजि) को दिया था। यहीं से बौद्ध संघ की स्थापना हुई थी। इसके बाद बुद्ध कई बार मगध आए। राजगीर के गृद्धकूट पर्वत पर उन्होंने 'सद्धर्मपुण्डरीक सूत्र' सहित कई महत्वपूर्ण प्रवचन दिए। यहां का वेणुवन विहार उनका प्रिय निवास रहा।सारनाथ में जिस धर्मचक्र को गति मिली, बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद नालंदा महाविहार ने उसी बौद्ध ज्ञान व तर्कशास्त्र को शताब्दियों तक संरक्षित किया और चीन, जापान, तिब्बत सहित पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया में इसका प्रसार किया।

इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता के बाद क्षेत्र के समेकित विकास की मांग उठने लगी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना के पूर्व प्रमुख डॉ. सुजीत नयन ने एक महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा है कि हम्पी की तरह पूरे मगध क्षेत्र को इस सूची में शामिल किया जाना चाहिए। इससे भगवान बुद्ध से जुड़े तमाम स्थानों को विकसित करने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बिहार और उत्तर प्रदेश सरकारें मिलकर बोधगया, राजगीर, नालंदा, वैशाली, कुशीनगर और सारनाथ को एक एकीकृत बौद्ध पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित करें, तो इसके दूरगामी परिणाम होंगे। पर्यटन विशेषज्ञ कौलेश कुमार के अनुसार, इस नए टैग से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बुद्ध सर्किट का आकर्षण और बढ़ेगा। इसके परिणामस्वरूप विदेशी पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। होटल उद्योग, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक पर्यटन को नई गति मिलेगी। सारनाथ का विश्व धरोहर बनना इस बात का प्रतीक है कि बुद्ध का संदेश किसी एक राज्य या देश की सीमा में बंधा नहीं है, बल्कि यह एक साझा वैश्विक धरोहर है जिसे सहेजने और संवारने का समय आ गया है।

# आत्मसम्मान और आत्मरक्षा में फेंका मिर्च पाउडर

## 4.61 करोड़ रुपये के विवाद में सरिता देवी का पक्ष आया सामने

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज**। रानीगंज के गरेरिया गांव में कथित 4 करोड़ 61 लाख रुपये के बकाया भुगतान को लेकर चल रहे विवाद ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। एक ओर झारखंड के चतरा जिले के कोयला कारोबारी धर्मेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पिछले एक महीने से अधिक समय से संतोष अग्रवाल के घर के बाहर बकाया राशि की मांग को लेकर बैठे हैं, वहीं दूसरी ओर संतोष अग्रवाल की पत्नी सरिता देवी ने अपने परिवार की सुरक्षा और आत्मसम्मान को सर्वोपरि बताते हुए मिर्च पाउडर फेंके जाने की घटना को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया है। सरिता देवी का आरोप है कि रविवार को धर्मेंद्र सिंह अपने कई समर्थकों के साथ उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए घर में घुसने का प्रयास किया। उस समय घर में महिलाएं मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि वह रसोईघर में काम कर रही थीं, जहां मसालों में उपयोग होने वाला मिर्च पाउडर रखा हुआ था। स्थिति को देखते हुए उन्होंने किसी पर हमला करने की नीयत से नहीं, बल्कि लोगों को घर से दूर रखने और स्वयं की सुरक्षा के लिए मिर्च पाउडर फेंका था। सरिता देवी ने कहा कि यदि उनके पति के ऊपर किसी प्रकार की कोई बकाया राशि है, तो उसका निपटारा न्यायालय के आदेश और कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाना चाहिए। उन्होंने यह



आत्मरक्षा में मिर्च पाउडर फेंकने का दावा करने वाली सरिता देवी की फाइल फोटो।

भी कहा कि वह किस्तों में भुगतान की प्रक्रिया अपनाने के लिए तैयार हैं। उनका मानना है कि किसी भी आर्थिक विवाद का समाधान कानून के दायरे में होना चाहिए, न कि किसी परिवार के घर के बाहर लंबे समय तक धरना देकर दबाव बनाने से। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर भी समय रहते उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। सरिता देवी का कहना है कि पिछले एक महीने से उनका परिवार मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहा है। घर की महिलाओं और बुजुर्गों के बीच भय का माहौल बना हुआ है।



कथित बकाया राशि की मांग को लेकर धरने पर बैठे कोयला कारोबारी धर्मेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की फाइल फोटो।

वहीं, धर्मेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह का आरोप है कि संतोष अग्रवाल ने कोयला बिक्री के एवज में उनका लगभग 4 करोड़ 61 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया है और वह पूरी राशि मिलने तक वहां से नहीं हटेंगे। उनका यह भी दावा है कि संतोष अग्रवाल घर से फरार हैं। फिलहाल, यह पूरा मामला कथित बकाया भुगतान को लेकर दो पक्षों के दावों और आरोपों के बीच उलझा हुआ है। मामले के सभी आरोप अभी संबंधित पक्षों के दावे हैं और इसका अंतिम निपटारा न्यायिक एवं कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव होगा।

## युवक की गोली मारकर हत्या, खेत जा रहे थे, बदमाशों ने घेरकर मारी 3 गोलियां



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा में सोमवार को युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक देवनंदन पासवान के बेटे सन्नी पासवान (26) हैं। जो घर से खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में 7-8 बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और फायरिंग करने लगे। इनमें से एक बिहार पुलिस से रिटायर्ड व्यक्ति गणेश भी है। सन्नी को 3 गोलियां लगी हैं। वारदात के बाद सभी बदमाश फरार हो गए। बताया जा रहा कि हत्या के पीछे जमीन विवाद है। घटना खुदागंज थाना क्षेत्र के सरथुआ खुर्द गांव की है।

**खेत में काम करने के लिए जा रहे थे**: मृतक के भाई रखु कुमार ने कहा कि सन्नी खेत में काम करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में सुनसान जगह देखकर करीब बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और गोली मार दी। घटना की सूचना हमें मिली तो हमलोग मौके पर पहुंचे। देखा सन्नी खून से लथपथ पड़ा था। हमने सन्नी को नजदीकी इस्लामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद हमने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

हिलसा डीएसपी-2 ऋषिराज ने बताया कि सुबह करीब 11:30 बजे खुदागंज थानाध्यक्ष को सरथुआ में गोलीबारी की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल सन्नी पासवान को पीएचसी पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया है और एफएसएल (FSL) की टीम को बुलाया गया। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# जहां कभी गूंजता था लाल सलाम, वहां अब गूंजेगी शिक्षा की अलख; तरवापहरी में 80 लाख रुपए से बना गुरुकुल आश्रम सह छात्रावास

## जंगल की तराई में शिक्षा की नई क्रांति, नक्सल प्रभावित तरवापहरी में खुला निःशुल्क गुरुकुल आश्रम



गुरुकुल आश्रम के उद्घाटन समारोह में मंचासीन अतिथि।



80 लाख की लागत से निर्मित गुरुकुल आश्रम सह छात्रावास भवन।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज**। गयाजी जिले के नक्सल प्रभावित एवं सुदूरवर्ती बांकेबाजार प्रखंड के तरवापहरी गांव में शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल हुई है। कभी जिस इलाके में नक्सलियों के लाल सलाम की गूंज, बंदूकों की गरज और बम धमाकों की आवाजें सुनाई देती थीं, आज उसी धरती पर बच्चों की किलकारियां और शिक्षा की नई इबारत लिखी जा रही है। जंगल की तराई में बसे इस गांव में 80 लाख रुपए की लागत से निर्मित श्याम गुरुकुल आश्रम सह सुरती सरस्वती धाम छात्रावास का भव्य उद्घाटन किया गया। यह केवल एक भवन का उद्घाटन नहीं, बल्कि शिक्षा से कोसों दूर बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस छात्रावास का निर्माण मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चैरिटेबल ट्रस्ट, सूरत के सहयोग से कराया गया है, जबकि इसके सहयोगी दाता महंत श्री गुरुश्यामलनाथ गुरुबालकनाथ, ग्राम संघपुर, जिला मेहसाणा (गुजरात) हैं। कार्यक्रम में वॉटरमैन लौंगी भुइयां, श्री केशुभाई पानसूरिया, श्री जसवंतभाई पटेल (उपप्रमुख, सरदारधाम, अहमदाबाद), श्री पारसभाई परमार (लीडरशिप एंड लाइफस्टाइल कोच, अहमदाबाद) एवं सूरत के धनजी भाई वनानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संस्था की ओर से बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा, पाठ्य सामग्री, खेलकूद की सुविधाएं एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई है। यहां स्थानीय एवं बाहरी शिक्षकों की मदद से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। आज भी इस इलाके के कई बच्चे शिक्षा से वंचित हैं। ऐसे में इस गुरुकुल आश्रम का निर्माण यहां के बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने वाला साबित होगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पहल क्षेत्र में शिक्षा की क्रांति लाएगी और बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगी। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बांकेबाजार के बाद इमामगंज एवं डुमरिया जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी करोड़ों रुपये की लागत से ऐसे कई शिक्षा केंद्र स्थापित करने की योजना है। विशेष रूप से उन स्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां आज भी सरकारी शिक्षा व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह नहीं पहुंच सकी हैं।

कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तरवापहरी गांव में इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। लोगों की आंखों में अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य की झलक साफ दिखाई दे रही थी। इस संबंध में जसवंतभाई पटेल ने कहा कि हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य देश के दूरदराज, आदिवासी, पहाड़ी एवं पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों तक शिक्षा की अलख जगाना है। स्थानीय लोगों के सहयोग से ऐसे स्थानों पर सरस्वती धाम एवं छात्रावास का निर्माण कराया जाता है, जहां शिक्षा की सुविधाएं सीमित हैं। वर्तमान में 351 सरस्वती धाम निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें 260 का निर्माण पूरा हो चुका है। भविष्य में इस अभियान का विस्तार कर एक हजार सरस्वती धाम स्थापित करने का लक्ष्य है। वहीं इस संबंध में केशुभाई पानसूरिया ने कहा कि हमारी संस्था का संकल्प देश के अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाना है। जहां शिक्षा की सुविधाएं नहीं हैं, वहां स्थानीय लोगों के सहयोग से सरस्वती धाम एवं छात्रावास का निर्माण कराया जाता है। भविष्य में एक हजार सरस्वती धाम स्थापित कर अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की योजना है।

# बॉयफ्रेंड ने गर्लफ्रेंड को बाइक से 100 मीटर घसीटा, लड़का शादी से इनकार कर रहा था

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा के राजगीर में युवती को बाइक से घसीटे जाने का मामला सामने आया है। इसका आरोप उसके प्रेमी पर ही लगा है। आरोपी चार से पांच दिन पहले अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। इस दौरान लड़की ने शादी की बात कही तो आरोपी मुकर गया और घर की ओर जाने लगा। इसके बाद लड़की ने अपने प्रेमी को रोकने की कोशिश की तो उसने करीब 100 मीटर तक लड़की को घसीटा।

100 मीटर दूर जाने के बाद बाइक चला रहे आरोपी का बैलेंस बिगड़ गया और वो सड़क पर गिर गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। राजगीर पुलिस के मुताबिक, आरोपी नवादा जिले के नारदीगंज में अमीन के पोस्ट पर है। वो लगातार युवती से शादी से इनकार कर रहा था। चार-पांच दिन पहले ये वीडियो हमारे पास आया था। फिलहाल, नारदीगंज में युवती ने अपने प्रेमी के खिलाफ लिखित शिकायत दी है।

पूरा मामलाः सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया, जिसमें बाइक सवार एक युवती को घसीटता नजर आ रहा है। आरोपी युवक और घायल महिला प्रेमी-प्रेमिका हैं। दोनों के बीच लंबे समय से अफेयर चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, युवती राजगीर थाना क्षेत्र की, जबकि आरोपी नवादा का रहने वाला है। अक्सर युवक और युवती राजगीर में अलग-अलग जगहों पर मिलते थे।

चार से पांच दिन पहले जब युवती के बुलाने पर उससे मिलने के लिए आरोपी राजगीर पहुंचा, तो इस दौरान लड़की ने शादी की बात छेड़ दी। इस दौरान पहले युवक और युवती के बीच जमकर बहस हुई। फिर युवती को छोड़कर आरोपी घर की ओर जाने लगा। प्रेमी के शादी से मुकरने और जाने के दौरान युवती ने उसकी बाइक पकड़ ली। इस दौरान आरोपी ने बाइक की रफ्तार कम नहीं की और करीब 100 मीटर तक उसे घसीटता रहा। इस दौरान युवती अपने प्रेमी को छोड़ देने और बाइक रोकने की गुहार लगाती रही, लेकिन उसने बाइक नहीं रोकी।

**GAYA COLLEGE, GAYA**
(A Constituent Unit of Magadh University, Bodh Gaya, Bihar India)

Ref.No. : PR/536/2026 Date:27.07.2026

**TENDER INVITATION NOTICE**

Notice No: 01/26 Dated: 27/07/2026

Sealed quotations are invited from registered contractors/ service provider / firms who can undertake the assignment of upgrade and refurbish the Furniture fixture, Barcoded Library Automation System with Web-OPAC, Supply and installation of Electronic and Electric equipment, Fire & Safety Equipment and CCTV for Professional courses, Vocational courses, B.Ed. and Traditional courses as required by the college as per the detailed specifications which can be ascertained from the college during working hours and can be downloaded from college website https://gayacollege.ac.in.
Interested and eligible firms are requested to submit their quotations separately for Technical Bid and financial Bid to the office of the undersigned within 21 days from the date of notice. The undersigned reserves the right to reject any or all the tenders without assigning the reason.

Principal
Gaya College, Gaya Ji

**बिहार सरकार**

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद औरंगाबाद का कार्यालय
निविदा आमंत्रण की सूचना
(ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– NIT No.05/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक–20.07.2026
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–30.07.2026 से दिनांक–03.08.2026 के 3:00 बजे अप0 (www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– 30.07.2026 को समय 3:00 बजे अप0 (स्थान–कार्यालय नगर परिषद, औरंगाबाद)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि :– दिनांक–05.08.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :– दिनांक–07.08.2026 समय 3:30 बजे अपराह्न
7. **कार्य की विवरणी**–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु. में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) | परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत महाराणा प्रताप चौक के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। (पुर्ननिविदा) | 648201.00 | 13000.00 | 1250 | As Per EPROC2 | 3 माह |
| 2 | नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत बस स्टैण्ड (रामाबांध) में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। (पुर्ननिविदा) | 648201.00 | 13000.00 | 1250 | As Per EPROC2 | 3 माह |
| 3 | नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत फार्म (लॉरिक चौक) के पास सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य। | 648201.00 | 13000.00 | 1250 | As Per EPROC2 | 3 माह |

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in
8. निविदा की वैद्यता अवधि :120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा www.prdbihar.gov.in मे देखा जा सकता है।
10. सक्षम प्राधिकार को बिना कोई कारण बताये निविदा के सभी/किन्हीं कार्यों को या किसी कार्य के किन्ही अंश/अंशो को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नही होगा।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 008614 (B&C) 2026-27

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् औरंगाबाद

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त समाचार

### रूफटॉप सोलर लगाना हुआ और आसान, आवेदन शुल्क व मीटर टेस्टिंग शुल्क माफ : ईएसई

**सासाराम /रोहतास।** विद्युत आपूर्ति अंचल सासाराम अंतर्गत अपनी छत पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पैनल लगाने की योजना बना रहे घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब ऐसे उपभोक्ताओं से आवेदन शुल्क और मीटर टेस्टिंग शुल्क नहीं लिया जाएगा। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ना है। विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया की बिजली कंपनी के इस फैसले से खासकर छोटे घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। हालांकि इससे होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई केंद्र सरकार का नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय करेगा। पीएम सूर्य घर योजना के तहत 3 किलोवाट के ग्रिड कनेक्टेड सोलर सिस्टम पर घरेलू उपभोक्ताओं को 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी मिल रही है। इसमें पहले किलोवाट पर 30 हजार रुपये, दूसरे किलोवाट पर 60 हजार रुपये और तीसरे किलोवाट पर 78 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। अब आवेदन और मीटर टेस्टिंग शुल्क भी नहीं देना होगा, जिससे सोलर लगवाना पहले की तुलना में और आसान हो जाएगा। उन्होंने बताया की रोहतास मे अब तक 388 उपभोक्ताओं की छतों पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर सिस्टम लगाया जा चुका है। वहीं कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं की छतों पर निःशुल्क ग्रिड कनेक्टेड सोलर लगाने की योजना पर भी काम कर रही है। अब तक इस योजना के तहत बिजली कंपनी और उपभोक्ता के बीच 1000 रूपये के स्टांप पेपर पर एग्रीमेंट करना पड़ता था, जिसका खर्च उपभोक्ता वहन करते थे। इसके अलावा सोलर से बनने वाली बिजली की रिकॉर्डिंग के लिए लगाए जाने वाले मीटर की जांच का शुल्क भी देना होता था। नए फैसले के बाद एग्रीमेंट शुल्क और मीटर टेस्टिंग शुल्क दोनों माफ कर दिए गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा।

### पंचायत सरकार भवन से कर्मी की बाईक चोरी
### चोरी की घटना सीसीटीवी में दर्ज, पुलिस कर रही शिनाख्त

**राजपुर-** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजपुर पंचायत सरकार भवन परिसर से शनिवार को शाम एक सरकारी कर्मी का होंडा एचपी 325 बाईक चोरी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है. जिसको लेकर राजपुर प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित कार्यपालक सहायक सौरभ सागर ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है. जानकारी देते हुए घटना के पीड़ित ने बताया कि वे अपनी बाईक संख्या बीआर 24 एके 8159 सरकार भवन परिसर में खड़ा कर पंचायत सचिव के कार्यालय में बैठकर सरकारी कार्य निपटा रहे थे. कार्य समाप्त कर जब वापस आये तो बाईक को गायब पाया गया.पडोस में स्थित किसान भवन पर लगा सीसीटीवी का फुटेज प्राप्त कर अपने स्तर से घटना की तहकीकात शुरू किया गया तो पाया गया कि दो युवकों ने घटना को अंजाम दिया है. मामले में थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि मामले में प्राथमिकी संख्या 151/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है.

### मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस ने भेजा जेल
**आरोपित के पास से पुलिस ने चोरी का चार मोबाइल किया बरामद**

**राजपुर –** मोबाइल चोरी के आरोप में स्थानिय पुलिस ने सोमवार को एक व्यक्ति को राजपुर बजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अंशु माला ने बताया कि गिरफ्तार चोर काराकाट थाना क्षेत्र का देव पडसर गांव निवासी छठू डोम का बेटा कृष्णा कुमार है.बजार में एक दुकान से चोरी का प्रयास कर रहा था.जिसके बाद लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया.पुलिस द्वारा तलाश लिये जाने पर उसके पास से चार मोबाइल बरामद हुआ है.जिसको जब्त करके उसे न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया.

### फर्जी मतदान रोकने हेतु स्याही लगाने की मांग कर प्रत्याशी ने निर्वाची पदाधिकारी को लिखा पत्र
**मंगरवलिया पैक्स चुनाव मतदान में धांधली की जताई आशंका**

**राजपुर –** मंगरवलिया पैक्स अध्यक्ष समेत कार्यकारणी सदस्यों के लिए के लिए एक अगस्त 2026 को होने वाले मतदान के दौरान मतदाताओं के अंगुली में स्याही लगाये जाने का प्रखंड निर्वचीमां पदाधिकारी से मांग किया गया है.ऐसा नहीं होने पर मतदान में दबंगों द्वारा धांधली करने कि आशंका जताई गई है.जिसको लेकर पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बने मलांव गांव निवासी मिथिलेश कुमार सिंह ने राजपुर अंचलाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी को सोमवार को पत्र प्रदान किया है. पत्र में उन्होंने बताया है कि मतदान का बुथ मंगरवलिया गांव स्थित उर्दू मध्य विद्यालय को बनाया गया है.जो बीच गांव में काफी संक्रीण जगह पर स्थित है.उक्त गांव के लोग दबंगई करते हैं और बाहर के लोगों को बुलाकर फर्जी आधार कार्ड बनवाकर वोट डालने का प्रयास करते हैं.अगर कोई ऐजेंट उस पर रोकथाम का प्रयास करता है तो मारपीट की धमकी दिये जाने की बात आती है. उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी से मांग करते हुए लिखा है कि फर्जी मतदाता का प्रश्न खडा होने पर प्रशासन उक्त मतदाता से दुसरे अन्य विकल्प यथा राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या पैन कार्ड की मांग कर फर्जी मतदान की रोकथाम करें.मत दे चुके मतदाताओं के अंगुली पर पैक्स चुनाव मतदान के दौरान स्याही नहीं लगाये जाने की परम्परा को समाप्त करते हुए स्याही लगवाये.जिससे धांधली रहीत निष्पक्ष मतदान सम्भव हो सके. मामले में निर्वाची पदाधिकारी ने कहा कि इसको वरीय अधिकारियों के समक्ष रखा जायेगा.

### बिहार बोर्ड का ओपन स्कूलिंग और एग्जामिनेशन के द्वारा संचालित प्रायोगिक परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में जारी

**कटिहार।** बिहार बोर्ड का ओपन स्कूलिंग और एग्जामिनेशन के द्वारा संचालित प्रायोगिक परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में जारी है। परीक्षा की प्रथम चरण में प्रायोगिक परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में कदवा प्रखंड के पीएम श्री ए.एल.उच्च विद्यालय सोनौली एवं पीएम श्री दुर्गा प्रसाद उच्च विद्यालय दुर्गागंज में जारी है। दोनों परीक्षा केंद्र पर 367 छात्राएं परीक्षा में भाग ली है। जिसमें पीएम श्री एल उच्च विद्यालय सोनौली में 198 तथा पीएम श्री दुर्गा प्रसाद उच्च विद्यालय दुर्गागंज में 169 छात्रा परीक्षा में भाग ली है।

पीएम श्री ए.एल.उच्च विद्यालय सोनौली के प्रधानाध्यापक आनंद कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक तरुण कुमार यादव एवं प्रधान लिपिक उत्तम कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 25, 27 एवं 28 जुलाई को बिहार बोर्ड का ओपन स्कूलिंग एंड एग्जामिनेशन के द्वारा संचालित प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन किया गया है।25 जुलाई, 27 जुलाई की परीक्षा संपन्न होने के पश्चात 28 जुलाई को प्रायोगिक परीक्षा होकर परीक्षा प्रायोगिक समाप्त हो जाएगी। परीक्षा में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा परीक्षा कार्य शांतिपूर्ण वातावरण में संपादित किया जा रहा है। प्रायोगिक परीक्षा के पश्चात ये छात्रा सैद्धांतिक परीक्षा दूसरे केंद्र पर परीक्षा देंगे।

बिहार मुक्त विद्यालय शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के माध्यमिक 30 जुलाई से प्रारंभ होकर 12 अगस्त तक परीक्षा संचालित किया जाएगा। दसवीं की परीक्षा 30 जुलाई को प्रथम पाली 9:30 बजे से 12:45 बजे तक विज्ञान, द्वितीय पाली 2:00 से 5:15 बजे तक ड्राइंग, 31 जुलाई को प्रथम पाली 9:30 बजे से 12:45 बजे तक गृह विज्ञान,द्वितीय पाली 2:00 से 5:15 बजे तक सामाजिक विज्ञान, 1 अगस्त को प्रथम पाली अंग्रेजी, द्वितीय पाली गणित, 3 अगस्त को प्रथम पाली में हिंदी, द्वितीय पाली में भारतीय संस्कृति एवं विरासत, 6 अगस्त को प्रथम पाली योग एवं शारीरिक शिक्षा, द्वितीय पाली को बेसिक कंप्यूटर, 7 अगस्त को प्रथम पाली उर्दू, द्वितीय पाली संस्कृत, 8 अगस्त को प्रथम पाली व्यवसाय अध्ययन, द्वितीय पाली मैथिली, 10 अगस्त को प्रथम पाली भोजपुरी या बांग्ला, द्वितीय पाली को अरबी या फारसी, 11 अगस्त को प्रथम पाली विज्ञान, द्वितीय पाली चित्रकला, 12 अगस्त को प्रथम पाली हिंदी, द्वितीय पाली भारतीय संस्कृति एवं विरासत विषय की परीक्षा होना तय हुआ है। प्रधानाध्यापक आनंद कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक तरुण कुमार यादव एवं प्रधान लिपिक उत्तम सिंह ने बताया कि बिहार बोर्ड ओपन स्कूल की कक्षा 10 की परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। जून एवं दिसंबर माह में बिहार बोर्ड ओपन स्कूल की कक्षा 10 का टाइम टेबल जारी किया गया है। इसी टाइम टेबल के तहत परीक्षा ली जाएगी। 25, 27 एवं 28 से जुलाई को प्रायोगिक परीक्षा शांतिपूर्ण वत वातावरण में जारी है।

# क्लस्टर मीट 2026 में डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा का शानदार प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बिक्रमगंज /रोहतासः** गयाजी में आयोजित डीएवी क्लस्टर मीट 2026 का शुभारंभ 26 जुलाई 2026 को हुआ । जिस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया । जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया । फुटबॉल अंडर-17 (बालक वर्ग) प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले तक अपनी जगह बनाई । रोमांचक और संघर्षपूर्ण फाइनल में टीम ने डीएवी कैंट एरिया विद्यालय का सामना किया तथा उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया । विद्यालय की ओर से टीम में सुंदरम कुमार (कप्तान),चंदन पटेल, मिस्बा खान,अभिराज,सिद्धू ठाकुर,फैजान,सैयद अमान,पंकज कुमार,अंकित राज,सुधांशु कुमार, रेहान,उदित पांडेय,आयुष कुमार एवं सूर्य कुमार ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।

इस उपलब्धि का श्रेय खेल शिक्षक नीरज कुमार के अथक परिश्रम, समर्पण एवं कुशल मार्गदर्शन को भी जाता है,जिनके सतत प्रयासों से विद्यालय की टीम ने यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की । विद्यालय की प्राचार्या प्रमिला सिंह एवं समस्त शिक्षकगणों ने खिलाड़ियों और खेल शिक्षक को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं । प्राचार्या ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल अनुशासन,टीम भावना और आत्मविश्वास का सर्वोत्तम माध्यम है तथा ऐसी उपलब्धियां विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं ।

## 80 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्र नही दें पायेंगे परीक्षा




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**♦ महिला कॉलेज प्रशासन ने सत्र 2026-30 सेमेस्टर वन छात्रों के लिए जारी किया अल्टिमेटम**

**राजपुर-** वीरकुंवर सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध प्रखंड मुख्यालय स्थित बीपीजेपीएस महिला कॉलेज प्रशासन द्वारा स्नातक सेमेस्टर वन सत्र 2026-30 के छात्रों के उपस्थित को लेकर अल्टिमेटम जारी किया गया है.

जानकारी देते हुए प्रिंसिपल डा रघुवंश मिश्रा ने बताया कि सेमेस्टर वन छात्रों का 25 जुलाई से शिक्षण क्लास शुरू हो गया है.सभी छात्रों का उपस्थित होना अनिवार्य है.अन्यथा विश्व विद्यालय के आदेशानुसार मानक उपस्थित पुरा नहीं होने पर परीक्षा फार्म भरने या किसी प्रकार का सहयोग के लिए अवरोध उत्पन्न हो जायेगा.

उन्होंने बताया कि कम उपस्थिति वाले छात्र छात्राओं को परीक्षा से बंचित किया जा सकता है.इसके लिए कॉलेज प्रशासन पुरी तरह प्रतिबद्ध है.

## जमीनी विवाद में मारपीट को लेकर 6 लोगों पर हुई कार्रवाई





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अकोढीगोला (रोहतास)** जिले के अकोढीगोला थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई के नेतृत्व में बीएनएस की धारा 126/170 के तहत कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 6 लोगों को विधि व्यवस्था संधारण हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी महोदय डिहरी के पास भेजा गया है, जिसमें पहला मामला ग्राम तेतराढ का है जहां जमीनी विवाद को लेकर रोहित कुमार पिता स्वर्गीय उपेंद्र सिंह एवं चिंटू कुमार पिता वीरेंद्र कुमार ग्राम तेतराढ थाना अकोढीगोला तथा सुरजीत कुमार पिता सरोज कुमार सिंह एवं मनजीत कुमार पिता शंकर सिंह दोनों ग्राम पुनरवासी बीघा थाना डालमियानगर जिला रोहतास के बीच मारपीट हुई थी जिसको लेकर कार्रवाई की गई है और दूसरा मामला ग्राम अकोढीगोला का है जहां दो सगे भाई इस्माइल मियां एवं इजराइल मियां उर्फ पप्पू खान दोनों पिता बाराफती खान के बीच हुए झगड़े के बाद पुलिस ने दोनों को ही शांति भंग की आशंका में बीएनएस की धारा126/170 में कार्रवाई कर डिहरी एसडीएम कोर्ट भेज दिया है।

## गोडारी रामरूप उच्च प्लस टू विद्यालय में पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर अपराध एवं सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता के लिए चलाया गया अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास।** काराकाट के गोडारी रामरूप उच्च प्लस टू विद्यालय में पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर अपराध एवं सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय थाना के महिला पुलिस सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम तथा दैनिक जीवन में डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। जागरूकता सत्र के दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया सुरक्षा और साइबर बुलिंग जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से समझाया गया। विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा एवं सजगता पर बल दिया गया।

अधिकारियों ने उन्हें सुरक्षित रहने, बिना डरे आवाज उठाने तथा संबंधित हेल्पलाइन या पुलिस प्रशासन को तुरंत सूचित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार ने पुलिस प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह बच्चों को जागरूक करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।अमरेश कुमार ने बताया कि जब पुलिस और प्रशासन के अधिकारी स्वयं आकर बच्चों को समझाते हैं, तो बच्चे उनकी बातों को अधिक गंभीरता से सुनते हैं। उन्होंने विशेष रूप से साइबर अपराध और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर दी गई जानकारी को बेहद आवश्यक बताया। प्रधानाध्यापक ने यह भी कहा कि शिक्षक भी प्रार्थना सभा के माध्यम से समय-समय पर बच्चों को इन बातों के प्रति जागरूक करते रहेंगे, ताकि वे जिम्मेदार व सतर्क नागरिक बन सकें। विद्यालय प्रशासन ने आशा व्यक्त की कि छात्रों के बीच कानून एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा इस प्रकार के जागरूकता अभियान नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे अपने घर, परिवार और आसपास के लोगों को भी साइबर सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर काराकाट एसआई अनामिका कुमारी, महिला थाना डेहरी प्रियंका कुमारी, एससी/एसटी डेहरी पूनम कुमारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलापति कुमार, शिक्षकगण, पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## महिला कॉलेज डालमियानगर में सेमेस्टर -1 की छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



दिनांक --27/07/2026 ,आज महिला कॉलेज डालमियानगर,डेहरी -- ऑन - सोन में सेमेस्टर -1,सत्र -2026-2030 में नव नामांकित छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में नव नामांकित छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

मंच संचालन कर रहे डॉ हरेंद्र कुमार सिन्हा, विभागाध्यक्ष (हिंदी विभाग) ने महाविद्यालय परिवार की तरफ से छात्राओं का स्वागत - अभिनंदन करते हुए उनके नामांकन को उनके जीवन एवं भविष्य की आधारशिला कहा।

उन्होंने नई शिक्षा नीति,CBCS प्रणाली एवं पाठ्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस समारोह में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित थे। प्रत्येक विभाग के प्राध्यापकों ने अपना और अपने विषय का परिचय बड़े ही प्रभावशाली तरीके से दिया।

कार्यक्रम में ज्ञान , अनुशासन,संस्कार और निर्दिष्ट लक्ष्यों के बारे में बात की गई। सभी छात्राओं ने अपना - अपना परिचय देते हुए अपने लक्ष्यों एवं सपनों के बारे में बात की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने छात्राओं को नियमित कॉलेज आने का सुझाव दिया ताकि उनका पठन - पाठन सुचारू रूप से होता रहे। उन्होंने किसी भी तरह की समस्या उपस्थित होने उनसे मिलने की सलाह दी।

इस मौके पर डॉ उपासना, कुमारी नीतू रानी , डॉ जयराम सिंह,डॉ रेणु कुमारी,डॉ मिथिलेश कुमार सिंह,डॉ नवीन प्रसाद,डॉ सिम्बीदीप,डॉ राजीव कुमार,डॉ स्मिता सोनी,डॉ अन्नू ,डॉ खुशबू,गिन्नी कुमारी उपस्थित थे।

## आगामी 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु एक बैठक आयोजित की गई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज/रोहतास।** अनुमंडल कार्यालय, बिक्रमगंज के सभागार में आगामी 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। समारोह स्थल पर साफ-सफाई, विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

साथ ही, सभी विभागों एवं संस्थानों से अपने-अपने कार्यालयों एवं परिसरों में गरिमापूर्ण ढंग से राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा स्वतंत्रता दिवस की गरिमा के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने समारोह को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति का प्रतीक है तथा इसके आयोजन में सभी की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## पोल्ट्री फार्म में फन फैलाए बैठा था स्पेक्टेकल कोबरा, रेस्क्यू टीम शिवम ने मिनटों में किया सुरक्षित रेस्क्यू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट।** काराकाट नगर पंचायत के बाद गांव स्थित एक पोल्ट्री फार्म में सोमवार सुबह जहरीले स्पेक्टेकल कोबरा (गेंहूमन) के निकलने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि फार्म संचालक की सूझबूझ और वन विभाग की तत्परता से सर्प का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। इस दौरान न किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचा और न ही सर्प को कोई हानि हुई। जानकारी के अनुसार, पोल्ट्री फार्म संचालक संतोष गुप्ता सुबह करीब छह बजे रोज की तरह फार्म पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उनकी नजर फार्म के अंदर मौजूद एक वयस्क गेंहूमन सर्प पर पड़ी। उन्होंने घबराने या सर्प को मारने का प्रयास करने के बजाय तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन के संस्थापक शिवम कुमार ने प्रशिक्षित तरीके से सावधानीपूर्वक सर्प का सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसके बाद सर्प को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। शिवम कुमार ने बताया कि वर्षा ऋतु में बिलों में पानी भरने और भोजन की तलाश के कारण सर्प अक्सर खेतों, घरों, गोदामों और पोल्ट्री फार्म जैसे स्थानों तक पहुंच जाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि सर्प दिखने पर उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि सुरक्षित दूरी बनाकर तुरंत वन विभाग या अधिकृत रेस्क्यू टीम को सूचना दें। वन विभाग के अधिकारियों ने भी कहा कि सर्प पर्यावरण संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे खेतों में चूहों जैसे हानिकारक जीवों की संख्या नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए वन्यजीवों के संरक्षण में सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए।

# अखिल भारतीय हलुवाई वैश्य समाज की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**डेहरी।** डेहरी में दिनांक 26 जुलाई 2026 (रविवार) को संध्या 8:00 बजे गोकुल के प्रांगण में अखिल भारतीय हलुवाई वैश्य समाज की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता के श्री संजीव कुमार ने की।

बैठक में समाज के विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विशेष रूप से बाबा गणिनाथ जी महाराज के जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बाबा गणिनाथ जी की भव्य शोभायात्रा दिनांक 03 सितंबर 2026 (गुरुवार) को निकाली जाएगी तथा जयंती महोत्सव दिनांक 05 सितंबर 2026 (शनिवार) को श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

बैठक में समाज के सभी सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता निभाने एवं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया गया।

आगामी बैठक दिनांक 05.08.2026 को संध्या 3:00 बजे बाबा गणिनाथ जी का मन्दिर प्रांगण में होगा, इस बैठक में अखिल भारतीय हलवाई वैश्य समाज के अध्यक्ष का अभी चुनाव की जाएगी।

बैठक का समापन समाज की एकता, सामाजिक समरसता एवं बाबा गणिनाथ जी के आदर्शों के अनुसरण के संकल्प के साथ हुआ। इस बैठक में संजय कमार गुप्ता, चदन गुप्ता, संतोष कुमार, कृष्ण किशोर, बलराम गुप्ता, आनंद गुप्ता, विनोद गुप्ता, विद्यासागर, मुन्ना गुप्ता, संजय कुमार, मिथिलेश कुमार, कुंदन कुमार,मनोज गुप्ता, सुनील गुप्ता, ऋतुराज गुप्ता, पिंटू कुमार, एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूर ने की खुदकुशी की कोशिश

**भागलपुर।** भागलपुर में एक मजदूर ने छत से कूदकर आत्महत्या की कोशिश की है। हालत गंभीर बनी हुई है, इलाज के लिए ग्रामीणों की मदद से परिजन मायागंज लेकर पहुंचे। पीड़ित की पहचान लगन मल्लिक(54) के तौर पर हुई है। घटना रंगरा थाना क्षेत्र के सगुठिया बाजार की है। घायल के पुत्र संतोष ने बताया कि रात में छत पर सो रहे थे। देर रात अचानक छत से नीचे कूद गया। उन्हें गंभीर चोटें आईं। कान से ब्लड नहीं रुक रहा है, स्थिति गंभीर है। पहले नवगछिया अस्पताल लेकर गए, जहां से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। पिताजी ने परिवार के भरण-पोषण के लिए सूप (बांस से बने घरेलू सामान) बनाने का काम करते है। उनकी मेहनत से ही परिवार का गुजारा चलता है।

**पहले झाड़-फूंक कराया था:** संतोष ने आगे कहा कि पिताजी ने परिवार के लोगों को कहा था उसे कुछ संदिग्ध चीज दिखा था, जिसके बाद वो घबरा गए थे। कुछ दिन पहले झाड़-फूंक भी करवाया था। छत पर ही अकेले ही सोए थे, मैं जा ही रहा था। अचानक वो छत से नीचे कूद गए।

### मानव श्रृंखला बनाकर सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर जवानों को दी गई बधाई

**अररिया।** फारबिसगंज के तिरसकुण्ड पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में सोमवार को सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला तैयार कर सीआरपीएफ जवानों और अधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्रधान मिथिलेश कुमार सिंह ने सीआरपीएफ दिवस को लेकर स्थापना और उद्देश्य के बारे में बच्चों को जानकारी दी। वहीं शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने बच्चों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना कल्पना दत्त की जयंती पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कवि सह शिक्षक संजीत कुमार निगम ने प्रभु जगन्नाथ के पावन मिलन और प्रेम के उत्सव नीलाद्री बिजे के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

### महादलित समुदाय की किशोरियों के बीच एमएचएम किट का वितरण

**अररिया।** महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत संचालित डिस्ट्रिक्ट हब फॉर विमेन एम्पावरमेंट द्वारा जिला के चौरी पंचायत के पंचायत भवन में महादलित समुदाय में संचालित किशोरी समूहों की सक्रिय सदस्य एवं किशोरियों के साथ सखी वार्ता कार्यक्रम एवं मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन किट वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत चौरी, पकड़ी एवं धमगंज की लगभग 50 से ज्यादा किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट हब फॉर विमेन एम्पावरमेंट के कर्मी,महिला पर्यवेक्षिका, विकास मित्र,सेविका, पंचायत प्रतिनिधि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी पात्र किशोरियों के बीच एमएचएम किट का वितरण किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने किशोरियों से नियमित रूप से स्वच्छता अपनाने, शिक्षा जारी रखने तथा अपने समुदाय की अन्य किशोरियों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महिला विकास निगम द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। बाल विवाह, कौशल प्रशिक्षण लैंगिक हिंसा, साइबर सुरक्षा आदि के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी।

### फारबिसगंज माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष बने मुकेश लखोटिया

**अररिया।** फारबिसगंज के मारवाड़ी अतिथि सदन में माहेश्वरी सभा का चुनाव पूर्णिया अंचल के उपाध्यक्ष गोविंद बिहानी एवं सहसचिव सुमित लोहिया की देखरेख में सोमवार को हुआ। जिसमें मुकेश लखोटिया को अध्यक्ष, महेश माहेश्वरी को सचिव, बेजू माहेश्वरी को कोषाध्यक्ष तथा विजय लखोटिया एवं सुरेश राठी को संरक्षक चुना गया। इस अवसर पर अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल एवं अजातशत्रु अग्रवाल मारवाड़ी अतिथि सदन पहुंचकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं। इसके अतिरिक्त ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मोतीलाल शर्मा, तेरापंथ समाज के अध्यक्ष महेंद्र बैद,बछराज राखेचा,मारवाड़ी युवा संगठन के अध्यक्ष दिलीप गौतम, पवन अग्रवाल, राजेश पण्डिया, आदर्श गोयल, विजय भंसाली, मनोज भंसाली, मनोज जैन सहित फारबिसगंज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई दी। मौके पर पूर्णिया अंचल के सहसचिव सुमित लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि माहेश्वरी सभा फारबिसगंज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का विधिवत शपथ ग्रहण समारोह आगामी 2 अगस्त को मुजफ्फरपुर में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में पूर्णिया अंचल की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजन एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### सिकटी पुलिस ने 60 बोतल नेपाली शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया।** सिकटी थाना पुलिस ने भारत नेपाल सीमा पर गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक तस्कर को 60 बोतल नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया। सिकटी थाना क्षेत्र के सिकटी बाजार से करीब सौ मीटर उत्तर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या-160 के पास हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल की तलाशी के दौरान डिक्की और सीट के नीचे छिपाकर रखी गई कुल 18 लीटर नेपाली शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गदहकाट वार्ड संख्या 8 निवासी 34 वर्षीय मोहम्मद मोसिम के रूप में हुई है। सिकटी थाना प्रभारी रौशन कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को 60 बोतल नेपाली देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में अररिया भेज दिया गया है।

### हथियार चमकाकर बहस कर रहा था युवक

**बेगूसराय।** बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। रघुनाथपुर गांव में युवक हथियार और गोली लेकर ग्रामीणों के साथ बहसबाजी कर रहा था। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और 5 गोली बरामद किया है। घटना 26 जुलाई की है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि कुछ लोग एक युवक को पकड़े हुए हैं उसके पास कट्टा-गोली दिख रहा है। कुछ लोग सबूत के लिए इसका वीडियो बना रहे हैं और पुलिस को सूचना देने की बात कर रहे हैं।

**कट्टा और गोली बरामद:** बताया जा रहा है कि रघुनाथपुर गांव का ही रहने वाला रवीश कुमार (19) नाम का युवक कट्टा लहराकर लोगों में खौफ पैदा करना चाह रहा था। लेकिन लोग एकजुट हो गए और पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है।


**पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा:** इस संबंध में एसपी मनीष ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि रघुनाथपुर गांव में एक मनचला युवक हथियार और गोलियों के साथ मौजूद है। स्थानीय ग्रामीणों के साथ बात-विवाद कर रंगदारी झाड़ रहा है। ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। सूचना में बताया गया कि त्वरित कार्रवाई कर युवक को रंगे हाथ पकड़ा जा सकता है। सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना की डायल-112 टीम तुरंत रघुनाथपुर गांव पहुंची। जहां से पंकज कुमार ठाकुर के पुत्र रवीश कुमार (19) को एक देसी कट्टा एवं 5 गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बैद्यनाथ गर्ल्स स्कूल में 11 पौधे लगाए गए

**मुंगेर।** मुंगेर जिला मुख्यालय स्थित बैद्यनाथ गर्ल्स स्कूल में मारवाड़ी महिला समिति, मुंगेर शाखा द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और लोगों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने की। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए।

# वीडियो बनाकर 12वीं क्लास की छात्रा ने किया सुसाइड

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में 17 साल की नाबालिग छात्रा ने खुदकुशी कर ली। वो लॉज में रहकर 12वीं क्लास की पढ़ाई कर रही थी। सुसाइड करने से पहले उसने एक वीडियो भी बनाया था, जिसमें मकान मालिक अतिक सूजा और रेंटर पर टॉर्चर का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान बाथ इलाके के बड़हरा गांव की सुनील कुनार की बेटी शिवानी कुमारी (17) के रूप में हुई है। वीडियो में शिवानी बोल रही है, जाह्नवी और उसके परिजन परेशान कर रहे हैं। मेरी मौत के जिम्मेदार यही लोग हैं। पुलिस ने जाह्नवी की मां, पिता लालमोहन को हिरासत में लिया है। घटना ततारपुर थाना क्षेत्र के उर्दू बाजार की है।

**भाई बोला- काम करने का प्रेशर बनाती थी:** मृतका के भाई सत्यम ने बताया कि शिवानी पिछले करीब डेढ़ साल से भागलपुर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। करीब एक महीने पहले ही उर्दू बाजार स्थित किराए के मकान में रहने आई थी। जाह्नवी शर्मा भी वहीं अपने परिवार के साथ रहती थी। सत्यम का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती कराने के बाद मकान मालिक वहां से फरार हो गया। इतना ही नहीं, मौत की सूचना मिलने के बाद उसने कमरे में रखा शिवानी का सामान भी बाहर निकाल दिया। जब परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उनके साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

**फोन पर बात हुई थी, सब नॉर्मल था:** मौसेरे भाई सन्नी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जाह्नवी के माता-पिता घरेलू काम करने का दबाव बनाता था। उससे खाना बनाने, घर के अन्य काम कराने की बात कही जाती थी। यही नहीं, मकान में रहने वाली अन्य लड़कियों से भी ऐसे ही काम करवाए जाते थे। मकान मालिक भी इसमें शामिल है। घटना वाले दिन सुबह शिवानी की अपने भाई सत्यम फोन पर बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान उसने सामान्य और संयमित तरीके से बात की थी। किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही देर बाद वह इतना बड़ा कदम उठा लेगी। जहर खाने के बाद उसे मकान मालिक ने ही अस्पताल लाया था। कुछ देर बाद ही फरार हो गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

**जाह्नवी बोली- उसका अफेयर चल रहा था:** वहीं, जाह्नवी शर्मा ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि बच्ची करीब एक महीने से यहां रह रही थी। उसे केवल देर रात तक बाहर रहने और बिना बताए कहीं जाने से मना किया जाता था। 22 जुलाई को अपना सामान निकालकर पास में रहने वाले एक युवक के यहां रख चुकी थी। दावा करते हुए कहा कि उसका एक युवक से प्रेम-प्रसंग था। मृतका के परिजनों के अनुसार बच्ची सोशल साइट्स पर रील बनाती थी। उसके करीब 1.34 हजार फॉलोअर्स थे और प्रमोशनल पोस्ट से उसे कुछ इनकम होती थी।

## तेज बारिश से सड़कों पर 2 फीट पानी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया।** अररिया में सोमवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश के बाद शहर में व्यापक जलजमाव हो गया। कुछ ही घंटों की तेज बारिश से प्रमुख सड़कों से लेकर अंदरूनी मोहल्लों तक पानी भर गया, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। सड़कों पर पानी भर जाने से लोगों को घरों से निकलने में परेशानी हुई। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को विशेष दिक्कतें झेलनी पड़ीं। शहर के कई इलाकों में सड़कें तालाब जैसी दिखने लगीं, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को भारी असुविधा हुई।

**थोड़ी सी बारिश में भी सड़कें जलमग्न हो जाती:** जलजमाव के कारण यातायात भी प्रभावित रहा। कई स्थानों पर लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। दैनिक कार्यों के लिए निकलने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में शहर में जलनिकासी की समस्या हर साल सामने आती है, लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि नगर परिषद द्वारा नालों की समुचित सफाई और प्रभावी जलनिकासी व्यवस्था न होने के कारण थोड़ी सी बारिश में भी सड़कें जलमग्न हो जाती हैं।

**जलनिकासी के लिए कोई लॉन्ग टर्म मास्टर प्लान नहीं:** नगर परिषद की वैकल्पिक व्यवस्था भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। शहर के बस स्टैंड और आश्रम चौक जैसे प्रमुख स्थानों पर जमा पानी को पंपिंग सेट के जरिए निकालते देखा गया।

## स्कॉर्पियो गाड़ी से 250 लीटर विदेशी शराब के साथ चालक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** जिला मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर सोमवार को जीरो माइल के पास नाकाबंदी कर स्कॉर्पियो गाड़ी पर लदे भारी मात्रा में विदेशी शराब के खेप के साथ गाड़ी के चालक को गिरफ्तार किया। मद्य निषेध विभाग के अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने यह जानकारी दी। मद्य निषेध विभाग के अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने बताया कि सोमवार सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि विदेशी शराब की बड़ी खेप किशनगंज से फारबिसगंज की तरफ फोर लेन सड़क से जाने वाली है। प्राप्त सूचना के आधार पर एसआई पूजा कुमारी के नेतृत्व में एक मद्य निषेध टीम का गठन किया गया। दल में एएसआई रंजीत कुमार सहित विभाग के सिपाही और गृहरक्षकों को लगाया गया। गठित टीम जीरो माईल के पास पहुंच कर किशनगंज की तरफ से आने वाली संदिग्ध वाहन का जांच प्रारंम्भ किया।इसी कड़ी में स्कॉर्पियो गाड़ी संख्या बीआर 01 ई-7752 को घेराबंदी कर रोका गया एवं जांच एवं पूछताछ करने पर वाहन पर सवार व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वाहन में शराब है। गाड़ी का चालक सारण जिला के इसुआपुर थाना क्षेत्र के सढ़वारा लौवां वार्ड संख्या 6 का रहने वाला गुड्डू कुमार पिता मनोज पंडित है। वाहन की तलाशी लेने पर डिक्की में एवं पिछले सीट के नीचे छुपा कर रखा गया 1392 बोतल विदेशी बरामद हुआ।कुल शराब की मात्रा 250.560 लीटर है। पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने बताया कि बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र बंगाल में वाहन पर शराब लोड किया गया था। जिसे छपरा ले जाना था।

## बारिश देख खिड़की बंद करने गई सास,बहू की लाश मिली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में संदिग्ध हालत में एक विवाहिता की मौत हो गई। कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर संतान न होने का ताना देकर हत्या करने का आरोप लगाया है, जबकि ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहे हैं। मृतका की पहचान सुरो गांव निवासी सुबोध कुमार की पत्नी सीमा कुमारी(28) के रूप में हुई है। सुबोध कुमार रेलवे सुरक्षा बल (RPF) में कॉन्स्टेबल है। फिलहाल ओडिशा के पुरी में तैनात है। ससुर मजदूरी करते हैं। परिवार के बाकी पुरुष भी बाहर रहकर मेहनत-मजदूरी करते हैं। घर में केवल महिलाएं ही मौजूद थी। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के सुरो गांव की है। सीमा की मौत के बाद उसकी सास, देवरानी और ननद फरार है।

**सास ने सबसे पहले देखी लाश:** बताया जाता है कि रविवार की रात परिवार की सभी महिलाएं खाना खाकर सो गई थी। सोमवार सुबह-सुबह अचानक बारिश होने लगी। बारिश से सीमा की सास सीता देवी की नींद खुली। घर में बारिश का पानी न आए इसलिए वो खिड़की बंद करने के लिए अपनी बहू के कमरे में गई। वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। बहू सीमा कुमारी पंखे के सहारे फंदे से लटकी हुई थी। इसके बाद परिजनों ने तुरंत ग्रामीणों और सीमा के पति को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पति सुबोध कुमार ने अपने ससुराल वालों और बछवाड़ा थाना की पुलिस को फोन किया। जिसके बाद पुलिस और मायके पक्ष के लोग पहुंचे।

**मां बोली- बच्चा नहीं होने पर टॉर्चर करते थे:** मृतका सीमा की मां गायत्री देवी ने दामाद और उसके परिवार वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। बिलखती मां ने बताया कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। फिर लाश को लटका दिया गया। गायत्री देवी ने बताया, शादी को 3 साल ही हुए थे, लेकिन ससुराल वाले एक ही साल से बच्चे को लेकर दबाव बनाने लगे थे।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/627, दिनांक 24.07.2026; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: डीएसटीई/सिग/टी/15/26-27/एसएफ; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान: सियालदह मंडल में डीएसटीई/। एवं एएसटीई/। के अनुभाग में इंटरलॉक्ड एलसी गेटों (ओएसएल) में आरटीयू का प्रावधान। निविदा मूल्य: रु. 7,30,70,702.86; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा: रु. 14,61,400; निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। कार्य समापन अवधि: 12 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीख: 06.08.2026; निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: 20.08.2026 को 14.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीख: 20.08.2026 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरण: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंड: निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंड: निविदादाता द्वारा बी/एन अथवा 'बी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां बी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज: जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्य: डाटा लॉगर अथवा आरटीयू अथवा कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्यों को आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना, जिसमें ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचए-एसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग कार्य शामिल हो। टिप्पणी: निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षरित होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-150/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा के बाद भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट, अररिया प्रशासन ने बढ़ाई चौकसी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** नेपाल के सुनसरी जिले के कप्तानगंज में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प और सांप्रदायिक तनाव के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। घटना में 24 वर्षीय बोलबम श्रद्धालु ओमप्रकाश मेहता की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद सीमावर्ती बिहार के अररिया जिले में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अररिया के जिलाधिकारी (डीएम) विनोद दूहन और पुलिस अधीक्षक (एसपी) जितेन्द्र कुमार ने सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। दोनों अधिकारियों ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राजकिशोर कुमार के साथ फुलकाहा और घूरना थाना क्षेत्रों से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा का गहन निरीक्षण किया तथा सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मानिकपुर, कोशिकापुर समेत कई सीमावर्ती गांवों का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नेपाल की घटना का किसी भी प्रकार का प्रभाव भारतीय क्षेत्र में नहीं पड़ने दिया जाएगा। सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) की 56वीं और 52वीं बटालियन के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सीमा पर चौकसी और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। भारत-नेपाल सीमा से आने-जाने वाले प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की सघन जांच की जा रही है। सीमा पर अतिरिक्त पुलिस बल और एसएसबी के जवानों की तैनाती कर संयुक्त गश्त तेज कर दी गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। जिलाधिकारी विनोद दूहन ने सीमावर्ती गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्व की जानकारी तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है तथा खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की अफवाह या तनावपूर्ण स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।

## एक शाम वीर शहीदों के नाम कार्यक्रम में रातभर गीत संगीत का दौर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

अररिया। डिजिटल प्रेस क्लब अररिया की ओर से अपने स्थापना दिवस और कारगिल विजय दिवस के मौके पर रविवार शाम को एक शाम वीर शहीदों के नाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में देर रात तक गीत संगीत का दौर चलता रहा। स्कूली बच्चों के देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम के साथ कॉमेडियन राज सोनी,गायक अमर आनंद,गायिका प्रिया राज,गजल गायक सुजीत झा,उत्तरप्रदेश से आई विभा शुक्ला और अलाउद्दीन खान के एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने लोगों को एकसूत्र में बांधे रखा। फारबिसगंज द्वारका पैलेस परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें कारगिल के शहीद के परिजनों और स्कूली बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विभिन्न स्कूली बच्चों के राष्ट्रभक्ति से प्रेरित गीत संगीत और एकांकी के बाद गजल गायक सुजीत झा ने अपनी शुरुआत चिट्ठी आई है गजल से की, जिसके बाद उनके द्वारा प्रस्तुत गजलों की लड़ी और मुंबई से आए कॉमेडियन राज सोनी का अपने रोमियो के साथ हास्य व्यंग्य का दौर ऐसा चला कि लोगों के चेहरे खिल उठे। गायिका प्रिया राज ने अपनी शुरुआत लग जा गले कि फिर यह हसीन रात हो न हो गीत से की।उन्होंने राष्ट्रभक्ति गीत देश रंगीला रंगीला गाकर सबों को झूमने को मजबूर कर दिया।गायक अमर आनंद के साथ ड्यूल सॉन्ग कौन दिशा में लेके चला रे बटोहिया के बाद अमर आनंद ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत की तराना को पेशकर महफिल में शमा बांध दिया।कॉमेडियन राज सोनी ने नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले से लेकर चले जंतर मंतर पर आंदोलन और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर व्यंग्यात्मक शैली में प्रस्तुति कर लोगों को खूब गुदगुदाया। डिजिटल प्रेस क्लब के अध्यक्ष शुभम कुमार, कार्यक्रम प्रभारी त्रिभुवन ठाकुर और सचिव जगदीश झा गुड्डू ने डिजिटल प्रेस क्लब की स्थापना और उद्देश्य की जानकारी दी।

मालदा मंडल के तहत गनगनियाँ स्टेशन पर हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर/एजेंट की नियुक्ति

एनआईए सूचना सं.: सी.192/हाल्ट-एजेंट/एम/जीएनएनए/26 दिनांक: 24.07.2026

पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के तहत खड़िया पीपरा हाल्ट एवं कमरगंज हाल्ट के बीच स्थित **गनगनियाँ स्टेशन** पर कमीशन के आधार पर टिकट बिक्री के कार्य के लिए हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर/एजेंट की नियुक्ति हेतु योग्य **स्थानीय निवासियों** (**उसी जिले** का निवासी होना चाहिए जहाँ उपर्युक्त हाल्ट स्टेशन स्थित है) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक उसी जिले का निवासी होना चाहिए जहाँ संबंधित हाल्ट स्टेशन स्थित है। विस्तृत नियम और शर्तें, कार्य की परिधि, पात्रता मानदंड और आवेदन के प्रारूप आवेदन कागजात में उपलब्ध है। **हॉल्ट स्टेशन का नाम :** गनगनियाँ (जीएनएनए), **जिले का नाम जहाँ स्टेशन स्थित है :** भागलपुर, बिहार। **चयनित आवेदक द्वारा हाल्ट स्टेशन का भार लेने से पहले जमा की जाने वाली सुरक्षा राशि** (i) रु.2,000 / - (मनी रिसीट के रूप में), (ii) अग्रिम टिकट जमा (7 दिनों की औसत टिकट बिक्री के बराबर राशि), (iii) रु.10,000/- की राशि ब्लूटूथ समर्थित पोर्टेबल थर्मल प्रिंटर की सुरक्षा जमा के रूप में, (iv) रु.25,000/-की राशि के टिकट रोल की सुरक्षा जमा के रूप में। **आवेदन जमा करने का स्थान:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, डीआरएम कार्यालय, पीओ-झलझलिया, जिला: मालदा, पश्चिम बंगाल, पिन -732102, **आवेदन जमा करने की तिथि:** दिनांक 30.07.2026 से 28.08.2026 तक 11.00 बजे से 17.00 बजे के बीच हर कार्य दिवस पर। **आवेदन बॉक्स खोलने की तिथि:** दिनांक 28.08.2026 को 17.30 बजे। **नोटिस बोर्ड का स्थान और वेबसाइट का विवरण जहां पूरा वर्णन (आवेदन प्रारूप और नियम और शर्तों सहित) देखा जा सकता है: वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, डीआरएम कार्यालय, पीओ: झलझलिया, जिला: मालदा, पश्चिम बंगाल, पिन -732102** और पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** पर आवेदन प्रारूप और विस्तृत नियम एवं शर्तों सहित संपूर्ण निविदा सूचना देखी जा सकती है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित बाइक पलटने से दो युवक घायल

**आरा।** अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला के निवासी 15 वर्षीय समीर कुमार और प्रिंस कुमार है। दोनों बाइक पर सवार होकर रिल बनाने और फोटो सूट करने के लिए बहियारा जा रहे थे। उसी क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में बाइक पर सवार दोनों युवक घायल हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। घायल युवक ने बताया कि हम लोग बाइक पर सवार होकर अपने घर जवाहर टोला से बहियारा जा रहे थे।

### महंत अयोध्या नाथ स्वामी ने पाठ्य सामग्री बांटी

**आरा।** श्री हनुमान मंदिर बड़ी मठिया परिसर में रविवार को महंत श्री अयोध्या नाथ स्वामी की अध्यक्षता में महादलित बच्चों के बीच निःशुल्क स्कूल ड्रेस, पाठ्य सामग्री, छाता एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री सम्मानित एवं नई आशा के संचालक भीम सिंह भवेश सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। महंत ने बच्चों को शिक्षा, संस्कार और मेहनत का महत्व बताते हुए प्रेरक कथा सुनाई तथा मन लगाकर पढ़ाई करने और अच्छे संस्कार अपनाने की अपील की। भीम सिंह भवेश ने कहा कि वंचित बच्चों को शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सच्ची मानव सेवा है।

### अखिल भारतीय यादव महासभा संगठन को और करेगा मजबूत

**आरा।** अखिल भारतीय यादव महासभा, जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को श्रीकृष्ण चेतना समिति सभागार में जिला अध्यक्ष यादव राम सकल सिंह भोजपुरिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पहले सभी प्रखंडों में प्रखंड सम्मेलन आयोजित करने और इसके बाद दो दिवसीय जिला सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री रामलखन सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग को लेकर महासभा का एक शिष्टमंडल केंद्रीय गृह मंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपने का भी फैसला किया गया। आगामी बिहार पंचायत चुनाव में यादव समाज की भूमिका और संगठन की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष यादव राम सकल सिंह भोजपुरिया ने कहा कि समाज के लोगों पर बढ़ रहे अत्याचार के खिलाफ अखिल भारतीय यादव महासभा लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन चलाएगी तथा समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करेगी। बैठक में देवेंद्र यादव पदयात्री, सत्यनारायण यादव, प्रयाग यादव, सुदर्शन यादव, भुनेश्वर यादव, सुरेश यादव, कन्हैया व्यास, नवल यादव, राजेश कुमार मास्टर, सतेंद्र यादव, चंद्रमा यादव एवं सुनील कुमार सिंह आदि थे।

### गड़हनी का श्मशान घाट बदहाल, चार साल बाद भी सुविधाएं नहीं

**गड़हनी।** नगर पंचायत गड़हनी के वार्ड संख्या 4 स्थित इस्लामगंज में बनास नदी किनारे बने श्मशान घाट की बदहाली स्थानीय लोगों में नाराजगी का कारण बनी हुई है। नगर पंचायत गठन के चार वर्ष बीत जाने के बावजूद श्मशान घाट पर आज तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकी हैं। मो रमीज, प्रवीण शर्मा का कहना है कि श्मशान घाट पर शव रखने के लिए शेड तक नहीं है। अंतिम संस्कार में आने वाले परिजनों और अन्य लोगों के बैठने अथवा बारिश और धूप से बचने के लिए भी कोई शेड या व्यवस्था नहीं की गई है। इसके अलावा पूरे परिसर में गंदगी फैली रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट वह स्थान है, जहां हर व्यक्ति की अंतिम यात्रा पहुंचती है। इसके बावजूद नगर पंचायत द्वारा इस स्थल के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने श्मशान घाट की साफ-सफाई, शव रखने के लिए शेड, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन को इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल के विकास के लिए शीघ्र पहल करनी चाहिए, ताकि अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

### राज्यस्तरीय रेड रन में दौड़ेंगे वीकेएसयू के एनएसएस स्वयंसेवक, 28 जुलाई को प्रतियोगिता

**आरा।** राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में आगामी 28 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय रेड रन 2026 में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के चयनित स्वयंसेवक अपना दमखम दिखाएंगे। इस प्रतिष्ठित 5 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए सभी चयनित प्रतिभागी सोमवार (27 जुलाई) को आरा से पटना के लिए रवाना होंगे। युवाओं के माध्यम से समाज में एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस वृहत कार्यक्रम का आयोजन बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना (वीकेएसयू) की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. साधना रावत ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पटना जाने वाली विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों की इस टीम का नेतृत्व श्री त्रिदंडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय (शाहपुर) के नोडल पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार करेंगे। सभी छात्र उनके दिशा-निर्देशन में ही पटना जाएंगे। डॉ. रावत ने बताया कि इस राज्यस्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में केवल उन्हीं एनएसएस स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का विशेष अवसर मिला है, जिन्होंने विगत 2 जुलाई को आरा के महाराजा कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयन सूची में अपनी जगह पक्की की थी।

### जान गंवाने वाले छात्रों की याद में निकाला कैंडल मार्च

**आरा।** नीट पेपर लीक प्रकरण से उपजे गहरे आक्रोश और इस घोटाले के कारण मानसिक तनाव में आकर अपनी जान गंवाने वाले छात्रों की स्मृति में रविवार को आरा में एक कैंडल मार्च निकाला गया। छात्र-युवाओं ने एकजुट होकर जहां एक ओर दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि दी, वहीं दूसरी ओर देश की लचर परीक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर तीखा प्रहार किया। यह कैंडल मार्च वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) के मुख्य द्वार से प्रारंभ हुआ और शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आरा रेलवे स्टेशन परिसर तक पहुंचा। स्टेशन परिसर में यह मार्च एक श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो गया। उपस्थित सैकड़ों छात्र-युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत छात्रों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। आक्रोशित युवाओं ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और भविष्य में छात्रों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की। कैंडल मार्च और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पिंटू पासवान, नंदलाल पासवान, पप्पू कुमार, विक्की कुमार, गोविंद कुमार, गोल्डन, सुधीर राम, राहुल कुमार, प्रदीप कुमार, विवेक और अभिषेक कुमार सहित कई छात्र और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए आइसा के भोजपुर जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने कहा, "नीट पेपर लीक केवल एक परीक्षा में हुई गड़बड़ी नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था पर एक गंभीर हमला है। लगातार हो रहे पेपर लीक ने लाखों छात्रों के भविष्य को असुरक्षित बना दिया है।" उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव और निराशा के कारण कई मेधावी छात्रों ने अपनी जान गंवा दी है, जिसकी पूरी नैतिक जिम्मेदारी सरकार की बनती है। उन्होंने चेतावनी दी कि शिक्षा व्यवस्था को बचाने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए छात्र-युवा आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। भीम आर्मी के भोजपुर जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि देश के होनहार छात्रों के साथ हो रहे इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, "शिक्षा सभी का बुनियादी अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह एक निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू करे।"

# ई-रिक्शा ने सगी बहनों को रौंदा, 1 की मौत, बड़ी बहन-मौसी घायल

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**आरा।** आरा में सोमवार को ई-रिक्शा ने 2 सगी बहनों और उनकी मौसी को रौंद दिया। तीनों घर के दरवाजे के बाहर खड़ी थी। हादसे में छोटी बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़ी बहन और मौसी घायल हो गई। घटना के बाद ड्राइवर ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। शव को सड़क पर रखकर रोड जाम कर दिया। टायर जलाकर आगजनी भी की। करीब 2 घंटे तक ट्रैफिक जाम रहा। घटना टाउन थाना क्षेत्र के नगर निगम के पास की है।

**परिजन को 20 हजार का सौंपा चेकः** जाम की सूचना के बाद आरा सदर सीओ, पूर्व डिप्टी मेयर पुष्पा सिंह कुशवाहा और टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को समझाया, पर परिजन एक भी बात नहीं सुन रहे थे। जिसके बाद 20 हजार रुपए का चेक परिजन को सौंपा गया। तब परिजन और ग्रामीण शांत हुए। जाम हटाया गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**घर के बाहर खाना बना रही थीः** मृत बच्ची टाउन थाना क्षेत्र के नगर निगम वार्ड नंबर-10 निवासी घुरफेकन डोम की बेटी ममता कुमारी (4) है। जबकि जख्मियों में मृतता की बड़ी बहन सोनी कुमारी और मोहल्ले के निवासी साधु राम की पत्नी सह मृतका की मौसी क्रांति देवी शामिल है। क्रांति देवी ने बताया कि मैं घर के बाहर खाना बना रही थी। दोनों बच्चियां भी साथ में थीं। इसी दौरान ई-रिक्शा ने रौंद दिया। बड़ी बहन सोनी कुमारी और मौसी क्रांति देवी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

**मृतका की मां नगर निगम में सफाईकर्मी हैः** पूर्व डिप्टी मेयर पुष्पा सिंह कुशवाहा ने बताया कि मृत बच्ची की मां नगर निगम में सफाई कर्मी है। मां काम पर गई हुई थी, तभी बच्ची को एक टोटो वाले ने रौंद दिया। अभी तत्काल 20,000 का परिवारिक लाभ का सहयोग किया गया है। कबीर अंत्येष्टि के तहत 3000 भी दिया जाएगा। परिवार वालों हर संभव मदद किया जाएगा। बताया जाता है कि मृत बच्ची अपने तीन बहन और एक भाई में छोटी थी।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बच्ची की मौत



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के मंगरांव गांव में रविवार को एक हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान अजीत साह की पुत्री प्रीति कुमारी (7 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ईसापुर-खीरी मुख्य मार्ग जाम कर बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, प्रीति खेलते हुए अपने घर की छत पर चली गई थी। इसी दौरान वह मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई।

**विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं कीः** परिजन उसे तत्काल एक निजी क्लिनिक ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि वे लंबे समय से बिजली विभाग से मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने या सुरक्षित करने की मांग कर रहे थे। इस संबंध में कई बार आवेदन भी दिए गए, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी इसी लाइन की वजह से लोग करंट की चपेट में आ चुके हैं, फिर भी विभाग ने इस खतरे को गंभीरता से नहीं लिया।

# सिद्धचक्र महामंडल विधान के छठे दिन सिद्ध परमेष्ठी के 256 गुणों की हुई आराधना

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**आरा।** भगवान महावीर मार्ग (जेल रोड) के श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में, आचार्य श्री सुलभ सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य रवि कीर्ति शास्त्री के निर्देशन में, श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के छठे दिन रविवार को सिद्ध परमेष्ठी के 256 गुणों की आराधना की गई। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान जिनेंद्र प्रभु के अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा से हुई। इसके बाद देवशास्त्र गुरु पूजा, श्री पार्श्वनाथ पूजा, श्री पंचमेरू पूजा और श्री नंदीश्वर द्वीप पूजा संपन्न कराई गई। विधान में सौधर्म इंद्र-इंद्राणी उर्मिला-सुनील जैन, कुबेर सपना-अनीश जैन, ईशान उषा-आलोक जैन तथा मैना सुंदरी के रूप में मंजुला-आदेश जैन सहित श्रद्धालुओं ने 256 श्रीफल, ध्वज एवं अर्घ्य समर्पित किए। आचार्य श्री सुलभ सागर जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान अनंत सिद्धात्माओं की आराधना का महान अनुष्ठान है। इसमें सिद्धों के अष्टगुण, सोलह कारण, चौंसठ ऋद्धियां, पंचपरमेष्ठी एवं सहस्त्रनामावली सहित अनेक अर्घ्य समर्पित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह विधान आत्मशुद्धि, आध्यात्मिक उन्नति तथा सांसारिक कल्याण का श्रेष्ठ माध्यम है और अष्टाह्निका महापर्व के दौरान श्रद्धापूर्वक इसकी आराधना करने से असीम पुण्य की प्राप्ति होती है। संध्या में महाआरती, भजन, गुरुभक्ति, प्रश्नमंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन को सफल बनाने में चातुर्मास समिति के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहयोग दिया।

# सत्संग में विहंगम योग ने समर्पण दीप महोत्सव की तैयारियों पर की चर्चा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**आरा।** धोबहा बाजार के संत जेवियर्स +2 एकेडमी के मीटिंग हॉल में ब्रह्मविद्या विहंगम योग का अनुमंडल स्तरीय सत्संग हुआ। कार्यक्रम का संचालन आरा अनुमंडल संयोजक श्रीकृष्ण प्रसाद ने किया। सत्संग की शुरुआत भजन-कीर्तन से हुई, जिसमें रीता पांडेय और प्रो. उमेश पांडेय ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूनम देवी ने कहा कि मनुष्य जीवन सद्गुरु की कृपा से मिला है और इसे सेवा व साधना में लगाना चाहिए। रंजन कुमार सिंह ने कहा कि ब्रह्मविद्या विहंगम योग आत्मिक आनंद और प्रेम का मार्ग है। उपदेष्टा रीता देवी ने सेवा भाव को जीवन के दुर्गुणों के नाश का माध्यम बताया। जिला सचिव विजय पांडेय ने सभी से समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। पटना पश्चिमी मंत्री उमेश कुमार ने कहा कि सद्गुरु की आज्ञा का पालन करते हुए मानव सेवा ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। इस अवसर पर संत जेवियर्स +2 एकेडमी के प्राचार्य सनोज कुमार को विहंगम योग संस्थान की ओर से प्रधान सद्ग्रंथ स्वर्वेद भेंट किया गया। मीडिया समन्वयक सुरेश कुमार ने बताया कि 14-15 दिसंबर 2026 को स्वर्वेद महामंदिर धाम, उमरहां (वाराणसी) में वार्षिकोत्सव आयोजित होगा। वहीं, समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव की संकल्प यात्रा 18 जुलाई से कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकली है, जो 18 सितंबर को भोजपुर पहुंचेगी। महोत्सव से प्राप्त सेवा राशि सैनिक सम्मान, गौ सेवा और गुरुकुल विस्तार जैसे समाजोपयोगी कार्यों में लगाई जाएगी।

# पीके ने बांकीपुर उपचुनाव में प्रचार करने को कहा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**आरा।** भोजपुर के भरत तिवारी एनकाउंटर मामले की बांकीपुर उपचुनाव में एंट्री हो गई है। भरत के परिजनों ने वोटिंग के ठीक तीन दिन पहले जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाभी ने कहा, 15 दिनों में भरत को न्याय दिलाने का भरोसा जताते हुए प्रशांत किशोर ने उनके लिए प्रचार करने को कहा। परिजनों का ये भी आरोप है कि प्रशांत किशोर ने उन्हें एक बड़े वकील से मिलवाने के बहाने अपने कार्यालय बुलाया, लेकिन वहां उनकी तस्वीर खिंचवाकर सोशल मीडिया पर यह प्रचारित कर दिया कि भरत तिवारी का परिवार उनसे मिलने आया है। इधर बीजेपी सांसद से भरत की मां और भाभी की बातचीत का वीडियो वायरल है, जिसमें मां आशा देवी और भाभी सुमन देवी दावा कर रही हैं कि जन सुराज के प्रशांत किशोर ने उन्हें बांकीपुर उपचुनाव में अपने पक्ष में प्रचार करने के लिए कहा था। बीजेपी इसे ओछी राजनीति बता रही है, वहीं जन सुराज ने इन आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है।

**'फोन करने पर कोई जवाब नहीं मिला':** भरत तिवारी की भाभी सुमन देवी ने बताया कि घटना के चार-पांच दिन बाद ननद रूबी तिवारी समेत अन्य परिवार को अपने आवास पर बुलाए थे। कहा था कि पंद्रह दिन के अन्दर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो हमलोग आंदोलन करेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया। फोन नंबर देने के बाद भी हमलोगों ने कई बार फोन किया, लेकिन किसी ने रिसीव नहीं किया। घर पर आकर कई बड़े-बड़े आश्वासन दिया था।

**सम्राट सरकार पर पूरा भरोसाः** सुमन ने आगे कहा कि 24 जुलाई को हमलोगों ने सांसद मनोज तिवारी से भी मुलाकात की थी, घटना की पूरी तरह जानकारी दी। मेरे देवर की हत्या कर दी गई है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। जिसके लिए भरत लड़ाई लड़ रहे थे आज उनकी हालत बद से बदतर बनी हुई है। उसी दिन परिवार के लोगों की मुलाकात मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से हुई। उन्हें शुरू से लेकर अंत तक की जानकारी दी गई। उन्हें आधी-अधूरी बात बताई गई थी। उसके बाद CM सर ने आश्वासन दिया है कि 48 घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। मुझे विश्वास है कि सम्राट सरकार हमारे परिवार को न्याय दिलाकर रहेंगे।

**'हर चीज में राजनीति ठीक नहीं':** उधर, बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने भी इस मुद्दे पर प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कहा कि शोकाकुल परिवार को न्याय और सांत्वना देने की जरूरत है, न कि उन्हें चुनावी राजनीति में शामिल करने की। जिस परिवार ने अपना बेटा खोया है, उससे चुनाव प्रचार की बात करना संवेदनहीनता है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि प्रशांत किशोर ओछी राजनीति करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भरत तिवारी की मां से बांकीपुर उपचुनाव में प्रचार करने को कहा गया था, लेकिन परिवार ने मना कर दिया।

**CM से मुलाकात के बाद 2 अफसर हटेः** शुक्रवार को भरत भूषण तिवारी के परिजनों ने पटना में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने भावुक परिजनों को ढांढस बंधाया और साफ कहा कि सरकार उनके साथ है।

# बेहोशी की हालत में मिली पंजाब की युवती



सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में बेहोशी की हालत में एक युवती मिली है। अगिआंव से पूर्व विधायक मनोज मंजिल की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। युवती को अस्पताल में एडमिट कराया। घटना नवादा थाना क्षेत्र के पावर गंज स्थित अंडरपास के पास की है। युवती के पास से सिंदूर और आधार कार्ड मिला है। पहचान पंजाब के लुधियाना जिले के चंडीगढ़ रोड शहरी क्षेत्र पुलिस कॉलोनी सेक्टर नंबर 32 (ए) निवासी सुमित रंजन के पत्नी शिवानी सिंह(32) के रूप में हुई है।

**'अंडरपास के पास काफी भीड़ जमा थी':** पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने बताया कि रविवार को पैदल पावर गंज स्थित अंडरपास के नीचे से गुजर रहा था। इस दौरान देखा कि एक लड़की झाड़ी में बेहोशी की हालत में पड़ी है। पास में ही उसका पर्स पड़ा हुआ था। लोगों की काफी भीड़ लगी हुई थी।

# गुरु रहमान ने विद्यार्थियों को दी संघर्ष से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता




**आरा।** तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, हरिगांव में मोटिवेशनल स्पीच सह अखिल भारतीय कवि सम्मेलन–2026 हुआ। शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि डॉ. कृष्ण मुरारी अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पांडेय तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। नई दिल्ली से आए प्रसिद्ध कवि विनोद पाल ने राष्ट्रप्रेम और समकालीन सामाजिक सरोकारों से जुड़ी अपनी ओजपूर्ण कविताओं का पाठ किया। कवयित्री डॉ. शिखा दीप्ति ने नारी शक्ति, मानवीय मूल्यों और सामाजिक समरसता पर आधारित अपनी संवेदनशील काव्य प्रस्तुति की। महाविद्यालय की निदेशक (प्रशासन) आकांक्षा सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता; अनुशासन, निरंतर परिश्रम, समय का सदुपयोग और सकारात्मक सोच ही ऊंचाइयों तक पहुंचने का एकमात्र सशक्त माध्यम है। प्राचार्य डॉ. राहुल कुमार पाण्डेय ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री बांटना नहीं है, बल्कि ऐसे जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक तैयार करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों को दर्शाने वाली एक पावर प्वाइंट (पीपीटी) प्रस्तुति भी दिखाई गई, जिसमें संस्थान की गुणवत्ता और आधुनिक सुविधाओं का विस्तार से वर्णन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रमोद कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक अनिल पाल ने किया।उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन व्यक्तित्व निर्माण में बेहद उपयोगी हैं।

# 28 जुलाई को राजद का धरना-मार्च

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में युवा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा राजद के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र आजाद ने की। इसका मुख्य उद्देश्य 28 जुलाई 2026 को होने वाले एक दिवसीय धरना और पैदल मार्च की रणनीति तैयार करना था। इस बैठक में आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। नेताओं ने बताया कि यह धरना और पैदल मार्च बिहार में छात्रों के लोकतांत्रिक आंदोलन के दौरान हुए गोलीकांड और लाठीचार्ज के विरोध में आयोजित किया जा रहा है।

**खाद, पानी और सिंचाई का मुद्दा उठाएंगेः** इसके अतिरिक्त, बढ़ती बेरोजगारी, किसानों को खाद, पानी व सिंचाई की समस्या, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे जनसरोकार के मुद्दे भी उठाए जाएंगे। राजद जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह के मार्गदर्शन में आंदोलन को व्यापक और प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को धरना एवं पैदल मार्च में शामिल करने की अपील की गई। नेताओं ने जोर दिया कि जनता से जुड़े मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना आवश्यक है।

**आंदोलन को सफल बनाने की अपीलः** युवा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र आजाद ने कहा कि छात्र, युवा, किसान और आम नागरिक विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। आजाद ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत कर आंदोलन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत लगाने का आह्वान किया। बैठक में किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बबलू यादव, छात्र नेता मंजी यादव, युवा जिला प्रधान महासचिव ओम प्रकाश माली, युवा नगर अध्यक्ष बबन राजभर, छात्र नेता विश्वा यादव, युवा नेता नंदन यादव, युवा मीडिया प्रभारी रमेश कुमार, युवा नेता इमरान अंसारी सहित युवा राष्ट्रीय जनता दल के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज हत्या में फरार ससुर के घर इश्तेहार चस्पा

**हाजीपुर।** वैशाली के हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र में एक चर्चित दहेज हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। न्यायालय के आदेश पर फरार अभियुक्त गरीबनाथ शर्मा के घर इश्तेहार चस्पाया गया है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में आत्मसमर्पण न करने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक, रामपुर दिलावर निवासी सुबोध कुमार मिश्रा ने 13 मई 2021 को अपनी बेटी अन्नु कुमारी की शादी बिरोपुर निवासी राकेश कुमार से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही राकेश कुमार, उसके पिता गरीबनाथ शर्मा, मां मुन्नी देवी, बहन सुमन कुमारी और बहनोई रवि कुमार अन्नु को दहेज में बोलेरो गाड़ी की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि कई बार सामाजिक स्तर पर मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन ससुराल पक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा। दहेज न मिलने पर अन्नु को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी जाती थीं। दर्ज शिकायत के अनुसार, 17 मार्च 2026 की रात अन्नु कुमारी ने अपने पिता को फोन पर बताया था कि उसके पति, सास और ससुर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। अगले दिन सुबह उसके पति राकेश कुमार ने फोन कर अन्नु की मौत की सूचना दी। जब परिजन उसके ससुराल पहुंचे, तो अन्नु का शव घर के हॉल में सोफे पर पड़ा मिला। उस समय घर के अन्य सदस्य वहां मौजूद नहीं थे। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेजा। मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की हत्या पति राकेश कुमार, ससुर गरीबनाथ शर्मा, सास मुन्नी देवी, ननद सुमन कुमारी और बहनोई रवि कुमार ने दहेज की मांग पूरी न होने पर एक सुनियोजित साजिश के तहत की है। मामले के दर्ज होने के बाद से गरीबनाथ शर्मा फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद न्यायालय से इश्तेहार जारी होने पर पुलिस ने विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए उसके घर पर इश्तेहार चस्पाया।

### पर्यटन मंत्री के बेटे से 50 लाख की रंगदारी मांगी, एक ही नंबर से 4 दिन में तीन भाजपा नेताओं को धमकी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर भाजपा नेताओं को धमकी देकर रंगदारी मांगने के मामलों में बड़ा खुलासा हुआ है। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के बेटे और भाजपा नेता कृष्ण मुरारी से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में एसआईटी ने चार आरोपियों की पहचान कर ली है। इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि 21 से 24 जुलाई के बीच एक ही मोबाइल नंबर से जिले के तीन भाजपा नेताओं से कुल दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई थी, जिससे पूरे जिले में दहशत का माहौल बन गया था।



पुलिस जांच में सामने आया है कि 8476841620 नंबर से व्हाट्सएप के जरिए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी भरे संदेश भेजे गए। ट्रूकॉलर पर यह नंबर 'आमिर रजा' के नाम से प्रदर्शित हो रहा है। इसी नंबर से पर्यटन मंत्री के पुत्र कृष्ण मुरारी, साहेबगंज के जिला पार्षद एवं भाजपा नेता इंजीनियर राजेश सहनी और ब्रह्मपुरा के भाजपा नेता रंजीत सहनी से रंगदारी मांगी गई। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के पुत्र कृष्ण मुरारी ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि 24 जुलाई की रात करीब 10:20 बजे उनके व्हाट्सएप पर मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को मुंबई से संचालित लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस से सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने चार आरोपियों की पहचान की। इनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में कुढ़नी के किशुनपुर बलौर निवासी एवं डीटीओ कार्यालय में संविदा पर कार्यरत अमन प्रकाश, ब्रह्मपुरा निवासी पवन सहनी और कांटी निवासी कन्हाई कुमार शामिल हैं। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यही गिरोह पटना में भी एक विधायक, डॉक्टर और अन्य जनप्रतिनिधियों को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर रंगदारी की धमकी भेज चुका है। इस इनपुट के आधार पर पुलिस गिरोह के नेटवर्क और तकनीकी साक्ष्यों की गहराई से जांच कर रही है।

### महिला गैंग ने 2.5 लाख की चेन गायब की, ऑटो में बैठी थी पीडब्ल्यूडी की लिपिक

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में ऑटो सवार महिला की 2.50 लाख की सोने की चेन गायब हो गई। पीड़िता पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) की लिपिक हैं। पीड़िता वीणा देवी ने कहा कि मैं हाजीपुर की रहने वाली हूं। मुजफ्फरपुर कचहरी परिसर स्थित कंबाइंड बिल्डिंग में पीडब्ल्यूडी में लिपिक के पद पर कार्यरत हूं। सोमवार सुबह मैं घर से ऑटो पकड़कर माड़ीपुर पहुंची। वहां से कचहरी जाने के लिए दूसरे ऑटो में सवार हुई। शुरुआत में ऑटो में मैं अकेली थी, लेकिन माड़ीपुर ओवरब्रिज पार करते ही पांच महिलाएं और एक बच्चा ऑटो में चढ़ गए। महिलाएं तेज आवाज में बातचीत और हल्ला-हंगामा करने लगीं। इसी दौरान एक महिला का हाथ मेरे गले पर लगा।



विरोध भी किया, लेकिन इसी बीच साथ में मौजूद बच्चा अचानक उल्टी करने का नाटक करने लगा। मैं सीट पर किनारे हो गई। इसी अफरा-तफरी का फायदा उठाकर महिलाओं ने गले से चेन निकाली ली। पीड़िता कहती हैं कि ऑटो में मुझे पता तक नहीं चला कि मेरी चेन गले से निकाल ली गई है। कचहरी के पास ऑटो से उतरने के बाद जब मैंने अपने गले पर हाथ लगाया तो चेन गायब थी। तब तक महिलाओं का पूरा गिरोह वहां से निकल चुका था। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद वीणा देवी समाहरणालय परिसर पहुंचीं और अपने बेटे को सूचना दी। इसके बाद संबंधित थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और ऑटो के रूट की जांच कर महिला गिरोह की पहचान में जुट गई है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा विधायक की सजा पर लगाई रोक

**मुजफ्फरपुर।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साहेबगंज से भाजपा विधायक और पूर्व पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह को 2018 के हर्ष फायरिंग और हत्याकांड मामले में राहत दी है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत की ओर से सुनाई गई सजा पर तत्काल रोक लगाते हुए उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। इससे पहले, दिल्ली की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने विधायक राजू सिंह को 4 साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी और 25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। मामला 31 दिसंबर 2018 की रात दिल्ली के फतेहपुर बेरी स्थित एक फार्महाउस की है। जहां नए साल की पार्टी चल रही थी। आरोप है कि पार्टी के दौरान जश्न में फायरिंग हुई। जिसमें डॉ. अर्चना गुप्ता नाम की महिला को गोली लगी थी। उनकी मौत हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर पता चला कि विधायक राजू सिंह की ओर से गोली चलाई गई थी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की एमपी-एमएलए अदालत ने इस मामले में आईपीसी की धारा 304 (भाग-2) यानी गैर-इरादतन हत्या के तहत 4 साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई थी। निचली अदालत के फैसले के बाद विधायक राजू सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने विधायक के वकीलों की दलीलों पर सुनवाई करते हुए उनकी सजा पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी और जमानत याचिका स्वीकार कर ली। राजू कुमार सिंह मुजफ्फरपुर जिले की साहेबगंज विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक हैं। वह नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार में पर्यटन मंत्री भी रह चुके हैं।

# बिहार के युवाओं को डिजिटल क्रिएटिव उद्योग में मिलेगा नया मंच

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार के युवाओं को एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स (वीएफएक्स), गेमिंग, ग्राफिक डिज़ाइन, यूआई/यूएक्स और डिजिटल मीडिया जैसे उभरते क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए शानदार शुरुआत आज पटना में की गयी है। इसके तहत आज पटना में रिलायंस एनीमेशन अकादमी का शुभारंभ किया गया, जो बिहार की पहली रिलायंस एनीमेशन अकादमी का संचालन एफके मीडिया एंड प्रोडक्शन्स द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा, उद्योग और मीडिया जगत से जुड़े लोगों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी आधारित क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और ऐसे में इस प्रकार की संस्थाएं युवाओं के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनेता राजेश कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दौर रचनात्मकता और तकनीक का है। उन्होंने कहा कि यदि युवा अपनी रुचि को सही प्रशिक्षण और मेहनत के साथ जोड़ें, तो एनीमेशन, गेमिंग और डिजिटल कंटेंट जैसे क्षेत्रों में बेहतर करियर बनाया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बिहार के विद्यार्थियों को अब इन क्षेत्रों की शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

इस अवसर पर रिलायंस एनीमेशन अकादमी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तेजोनिधि भंडारी तथा बिजनेस हेड संदीप शेट्टी ने संस्थान की प्रशिक्षण व्यवस्था, उद्योग आधारित पाठ्यक्रम, आधुनिक लैब, स्मार्ट क्लासरूम और प्लेसमेंट सहायता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमों को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि विद्यार्थी प्रशिक्षण के बाद रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।

एफके मीडिया एंड प्रोडक्शन्स के प्रबंध निदेशक फ़रहान खान ने कहा कि अकादमी का उद्देश्य बिहार के प्रतिभाशाली युवाओं को राज्य में ही आधुनिक और व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह संस्थान राज्य में क्रिएटिव एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र को नई दिशा देगा तथा युवाओं के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार एवं करियर के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अकादमी के अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का अवलोकन किया और इसे बिहार के कौशल विकास क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# खुसरूपुर में 24 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** खुसरूपुर के लोदीपुर गांव में 24 वर्षीय एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर खुसरूपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान गुड़िया देवी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गुड़िया देवी मूल रूप से मौसीमपुर की निवासी थीं। इसी वर्ष उनकी शादी मोकामा के गोसाईंगांव में हुई थी। शादी के लगभग एक माह बाद वह लोदीपुर निवासी रिक्की कुमार के साथ चली गई थीं। बाद में दोनों ने विवाह कर लिया था और लोदीपुर में साथ रह रहे थे।

**एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची:** घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की। पुलिस ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मामले के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल की।



❒ **पति को छोड़ प्रेमी संग रह रही थी, भाई का आरोप- "रुपये की मांग को लेकर हत्या"**

मृतका के भाई सन्नी कुमार ने अपनी बहन की हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि ससुराल पक्ष के लोग रुपये की मांग को लेकर गुड़िया को प्रताड़ित करते थे और अक्सर मारपीट करते थे। घटना के बाद पति रिक्की कुमार सहित घर के अन्य सदस्य फरार बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने जानकारी दी कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# पटना हाईकोर्ट के 2 अधिवक्ता नशे की हालत में गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना हाईकोर्ट के दो युवा अधिवक्ताओं को शराब के नशे में होने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने उन्हें कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित छज्जूबाग जज आवास परिसर से पकड़ा है। कोतवाली थानेदार अजय कुमार ने मामले की पुष्टि की है। दोनों की पहचान आकाश केशव और वर्ती कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल दोनों को कोतवाली थाना में रखा गया है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को छात्रों के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसक झड़प के बाद कई छात्रों को विभिन्न थाना क्षेत्रों से हिरासत में लिया गया था। इनमें से कुछ छात्रों को पीआर बॉन्ड पर रिहा किया गया, जबकि हिंसक गतिविधियों में शामिल बताए गए आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इन्हीं छात्रों की पैरवी करने के लिए दोनों युवा अधिवक्ता छज्जूबाग स्थित न्यायालय पहुंचे थे।



♦ **देर रात सीजेएम आवास पर प्रदर्शनकारियों का पक्ष रखने पहुंचे, मुंह से बदबू आने के बाद धराए**

बताया जा रहा है कि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (CJM) के समक्ष सुनवाई के दौरान दोनों अधिवक्ताओं ने बहस शुरू की। इसी दौरान उनके मुंह से शराब की दुर्गंध आने की बात सामने आई। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर दोनों की अल्कोहल जांच कराई गई।

# अपराध की साजिश रच रहे 5 अपराधी गिरफ्तार, बिहटा से देसी कट्टा, कार्बाइन, कारतूस और शराब बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी सिमरी बहपुरा गांव में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, एक देसी कार्बाइन, भारी मात्रा में जिंदा कारतूस, कई खाली खोखे और शराब की बोतल बरामद की है। बिहटा थाना पुलिस को बीती रात गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरी बहपुरा गांव में कुछ अपराधी इकट्ठा हुए हैं। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं।

सूचना के आधार पर, स्थानीय थानाप्रभारी अमित कुमार ने अपनी टीम के साथ तत्काल छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांचों युवकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान धीरज कुमार, हिमांशु कुमार, सुजीत कुमार, शशि कुमार और रोशन कुमार के रूप में हुई है। ये सभी मनेर थाना क्षेत्र के मौला गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस फिलहाल पकड़े गए आरोपियों से बरामद हथियारों और कारतूसों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। साथ ही, उनके पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।



**पांच में से 3 का आपराधिक इतिहास भी था:** पटना पश्चिम सिटी एसपी संकेत कुमार ने बताया कि दानापुर डीएसपी 2 और बिहटा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और छापेमारी शुरू की गई। पुलिस ने मौके से पांच युवक को गिरफ्तार कियाय़ यह सभी मनेर मौला गांव के रहने वाले हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक देसी कट्टा देसी करवा कहीं जिंदा कारतूस और गोली का खोखा शराब की बोतल बाइक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आगे SP ने कहा कि पांच गिरफ्तार अपराधियों में से तीन अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है

❒ **गिरोह के रूप में एक्टिव था नेटवर्क**

और बड़ी घटनाओं में यह सभी लोग शामिल रहा करते थे क्षेत्र में दहसत फैलाना और घटना को अंजाम देना इनका मुख्य पेशा था ।फिलहाल पुलिस इसके पूरे गिरोह के नेटवर्क का जांच की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों में हिमांशु उर्फ सोनू ,रौशन और धीरज के ऊपर बिहटा, मनेर और रानीतालाब थाना में हत्या के प्रयास ,हत्या रंगदारी जैसे मामले पहले से दर्ज हैं। इन मामलों में फरार भी चल रहा था।

**पूरे गिरोह के नेटवर्क को खंगाला जा रहा:** जांच में पता चला कि गिरफ्तार सभी अपराधी एक गिरोह के रूप में काम करता था। क्षेत्र में भय का माहौल बनाया करता था। हाल के दिनों में बहपुरा बाजार में फायरिंग कर डर का माहौल बनाया था। इनके द्वारा ही घटना की गई थी। फिलहाल इस पूरे गिरोह के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। जांच की जा रही है। पता लगाया जा रहा है कि गिरफ्तार अपराधी और किन-किन घटनाओं में आज तक शामिल रहा है।

# कृष्णा अल्लावरु सहित 12 कांग्रेसियों पर दर्ज कराई एफआईआर, पटना में भाजपा-कांग्रेस टकराव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना में बुधवार को कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच जमकर लाठी-डंडे चले थे। बीजेपी नेता कांग्रेस ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इसे लेकर भाजपा ने बिहार प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु सहित कांग्रेस के 12 लोगों पर FIR दर्ज कराई है। वहीं, कांग्रेस की ओर से भी पाटलिपुत्र थाने में आवेदन दिया गया था, मगर रिसीविंग मिलने के बाद भी अब तक FIR दर्ज नहीं की गई है, जिसके कारण कांग्रेस में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी और कांग्रेस नेता करुणा सागर ने कहा, 'बीजेपी के भाड़े के गुंडों ने सदाकत आश्रम पर हमला किया था और उल्टा हमारे ऊपर ही अटेम्प्ट टू मर्डर का FIR दर्ज कर दिया। हम सभी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपने बचाव के लिए डंडे उठाए थे।'





**राहुल गांधी शांतिपूर्ण तरीके से कर रहे थे प्रदर्शन:** कांग्रेस नेता करुणा सागर ने कहा, '20 जुलाई को जो दिल्ली के जंतर मंतर पर पुलिस की बर्बरता देखने को मिली थी, उसके खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्लियामेंट में आवाज उठाने की कोशिश की थी, मगर उन्हें बोलने नहीं दिया गया। उसके बाद राहुल गांधी कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के आवास के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। वहां से सभी शीर्ष नेताओं को घसीट के ले जाया गया। फिर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने घोषणा की कि भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। 22 जुलाई को भाजपा के भाड़े के गुंडो के साथ सदाकत आश्रम में हमला किया। पुलिस को यह बात पहले से पता थी, लेकिन उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया और ना ही हमें कोई सूचना दी। उस हमले में हम यही कोशिश कर रहे थे कि उन सभी को वापस कार्यालय से पीछे कर दें, ताकि वह हमारे इस कांग्रेस के मंदिर में ना घुसें।' बुधवार को दोनों ओर से डंडे चले, पत्थर चलाए गए थे। दोनों पार्टियों के बीच मारपीट के दौरान शुरुआत में पुलिस चुपचाप खड़ी नजर आई। इसके बाद मामला बढ़ने पर पुलिस ने एक्शन लिया। इसके बाद भाजपा के पटना महानगर जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता ने पाटलिपुत्र थाने में कांग्रेस प्रभारी, पूर्व विधायक समेत दर्जनों नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। कांग्रेस की ओर से भी पाटलिपुत्र थाने में आवेदन दिया गया था।

❒ **पुलिस पर लगाए पक्षपात के आरोप, कांग्रेस बोली- जरूरत पड़ी तो न्यायालय जाएंगे**

प्रदर्शन के दौरान बीजेपी का कहना था कि राहुल गांधी ने दुर्भावनापूर्ण मंशा के साथ पीएम आवास के सामने धरना प्रदर्शन कर हंगामा किया था। कांग्रेस की ओर से देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की गई थी। भाजपा ने कहा है कि गंभीर खतरे में डालने की कांग्रेस की प्रवृत्ति रही है।

# आईआईटी अम्हारा पुलिस ने 12 लीटर देसी शराब जब्त की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहटा प्रखंड के आईआईटी अम्हारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 12 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुन्ना कुमार (35) के रूप में हुई है, जो जयेंद्र राम का पुत्र और ग्राम लई, थाना आईआईटी अम्हारा, जिला पटना का निवासी है।

आईआईटी अम्हारा थाना प्रभारी रौशन कुमार राज ने सोमवार सुबह इस मामले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि आरोपी को शराब के साथ गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। उसके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



♦ **एक व्यक्ति गिरफ्तार, अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी**

थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि अवैध देसी शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत लई क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस शराब माफियाओं पर कड़ी नजर रख रही है।

# औरंगाबाद समेत 5 जिलों में बारिश मधुबनी-बक्सर में छाए बादल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार के अधिकांश इलाकों में सोमवार को मौसम सुहावना रहेगा। वहीं बेगूसराय, औरंगाबाद, बगहा, अररिया और सुपौल में आज बारिश हुई। जबकि मधुबनी और बक्सर में बादल छाए हुए हैं। अररिया में देर रात से ही लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलजमाव हो गया है।

मौसम विभाग ने 26 जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। यहां गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर बिजली गिरने की भी आशंका है। साथ ही 40 kmph की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। विभाग के मुताबिक, बाकी 12 जिलों में मौसम सामान्य रहने की उम्मीद है। हालांकि यहां बादलों की आवाजाही बनी रह सकती है। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। बीते 24 घंटे में पटना, नालंदा, बेगूसराय में तेज धूप रही। बीच में हल्के बादल भी छाए रहे। बाकी जिलों में भी मौसम सामान्य रहा।



बीते कुछ दिनों से बिहार में मौसम लगातार बदल रहा है। कभी तेज धूप निकल रही तो कुछ ही देर में बादल छा रहे हैं। कई जगहों पर बारिश भी हो रही है। इसकी मुख्य वजह यह है कि प्रदेश में नमी वाली हवाओं का प्रभाव बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर गर्मी बढ़ने से बादलों का तेजी से विकास हो रहा है।

# आरजेडी कैंडिडेट के साथ तेजस्वी का रोड शो, बोले- बिहार में अपराधी नहीं छात्रों पर चल रही एके-47

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बांकीपुर उपचुनाव के लिए कल चुनाव प्रचार थम जाएगा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव राजद कैंडिडेट रेखा गुप्ता के साथ बांकीपुर इलाके में करीब 4 किलोमीटर रोड शो कर रहे हैं। तेजस्वी और रेखा गुप्ता गाड़ी से लोगों का आभिवादन कर रहे हैं। रोड शो मीठापुर प्रधान कार्यालय से शुरू हुआ है जो चिरैया टांड़ पुल होते हुए सब्जीबाग चौराहे पर खत्म होगा। तेजस्वी ने इस दौरान कहा कि सम्राट चौधरी खुद आपराधिक छवि के मुख्यमंत्री हैं। ना काम पर, ना छवि पर, सिलेक्टेड मुख्यमंत्री हैं। सम्राट चौधरी ने कोई काम नहीं किया, केवल गोली चलवाने का काम किया। तीनों छात्रों की किस्मत अच्छा थी कि तीनों बच गए, लेकिन आज तक देश में ऐसा नहीं हुआ था। तेजस्वी ने कहा कि एनडीए की सरकार साफ कर दिया था कि किसी भी छात्रों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्राथमिकी वापस होगी। जो भी छात्र गिरफ्तार हुआ है, उसे रिहा कर दिया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नरेंद्र मोदी अपने जुबान के पक्के नहीं है। नरेंद्र मोदी पर कोई व्यक्ति विश्वास नहीं करने वाला है। जिस प्रकार नरेंद्र मोदी ने किसान को ठगा इस प्रकार छात्रों को ठगने का काम कर रहे हैं।



**बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी करेंगे रोड शो:** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री नितिन नवीन भी आज रोड शो करेंगे। उनके साथ NDA उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा मौजूद रहेंगे। यह रोड शो दोपहर 3 बजे भट्टाचार्य मोड़ से शुरू होकर मोना सिनेमा हॉल के पास समाप्त होगा। रोड शो के बाद मोना सिनेमा हॉल के पास जनसभा का भी आयोजन होगा। इसमें सीएम सम्राट चौधरी समेत भाजपा के कई नेता शामिल होंगे। बता दें कि 28 जुलाई चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। 30 जुलाई को मतदान होगा।

❒ **नितिन नवीन भी झोकेंगे ताकत**

**बांकीपुर में है कांटे की टक्कर:** पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प और त्रिकोणीय नजर आ रहा है। राजद ने रेखा कुमारी गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला भाजपा के नीरज कुमार सिन्हा और जन सुराज के उम्मीदवार प्रशांत किशोर से है। जन सुराज की सक्रियता और प्रशांत किशोर की चुनावी मौजूदगी ने इस मुकाबले को और रोचक बना दिया है।

# ट्रेजरी घोटाले में वरिष्ठ अधिकारियों को बचा रही है सरकार : प्रतुल शाहदेव

**एजेंसी। रांची**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड के कथित हजारों करोड़ रुपये के ट्रेजरी घोटाले को लेकर राज्य सरकार पर अपने चहेते वरिष्ठ अधिकारियों को बचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य के वित्त मंत्री स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि पिछले कुछ वर्षों के लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के सरकारी धन का हिसाब नहीं मिल रहा है। सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि भाजपा शुरू से ही आशंका जताती रही है कि सरकार अपने पसंदीदा अधिकारियों को बचाने में लगी हुई है। उनके अनुसार, जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) में ऐसे अधिकारियों को शामिल किया गया, जिनके पुलिस अधीक्षक (एसपी) के कार्यकाल के दौरान संबंधित जिलों में ट्रेजरी घोटाले हुए थे। उन्होंने कहा कि एसआईटी के दो सदस्य हजारीबाग और बोकारो में एसपी रह चुके हैं, जहां इस मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। ऐसे में उनसे निष्पक्ष जांच की अपेक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने केवल निचले स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई कर वरिष्ठ अधिकारियों को बचाने का प्रयास किया है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि चारा घोटाले के मामलों में सीबीआई की विशेष अदालत ने ट्रेजरी अधिकारियों की भूमिका स्वीकार करते हुए उन्हें सजा सुनाई थी, जिसे बाद में उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने भी बरकरार रखा। उन्होंने दावा किया कि झारखंड वित्त नियमावली की धारा 114, 115, 116, 305, 305-ए और 306 तथा झारखंड कोषागार संहिता, 2016 के परिशिष्ट-3, परिशिष्ट-18 और परिशिष्ट-19 में सरकारी धन की निकासी को लेकर डीडीओ और ट्रेजरी अधिकारियों की जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से निर्धारित हैं। उनके अनुसार, संबंधित अधिकारियों का दायित्व है कि वे बिल, दस्तावेज और हस्ताक्षरों की वैधता की जांच करें तथा किसी भी प्रकार का संदेह होने पर भुगतान रोककर आवश्यक जांच करें। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सीआईडी ने अपनी चार्जशीट में सभी डीडीओ और ट्रेजरी अधिकारियों को क्लीन चिट देते हुए उनके नाम तक शामिल नहीं किए। उन्होंने कहा कि चाईबासा ट्रेजरी घोटाले में भी सीआईडी ने केवल सिपाहियों को आरोपित बनाया। उनका आरोप है कि राज्य में जिन मामलों को ठंडे बस्ते में डालना होता है, उनकी जांच सीआईडी को सौंप दी जाती है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि राज्य सरकार ने स्पेशल ऑडिट कराने की अनुशंसा प्रधान महालेखाकार (प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल) से की थी। इसके बाद प्रधान महालेखाकार ने 11 मई, 2026 को गृह विभाग की अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 87 प्रकार के दस्तावेज उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। उनका आरोप है कि दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार ने ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उत्पाद सचिव के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने अब तक अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पूरे मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि चारा घोटाले को दबाने के आरोपों के बीच लालू प्रसाद को छह मामलों में सजा हो चुकी है। वर्तमान सरकार भी उसी प्रकार की गलती दोहरा रही है। प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अजय राय भी उपस्थित थे।

## बोकारो लापता युवती मामला : हाई कोर्ट ने सीबीआई के एसपी को किया तलब, जांच की प्रगति पर जताई चिंता

**एजेंसी। रांची**




बोकारो की लापता युवती मामले में सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जांच की प्रगति पर गंभीर चिंता जताते हुए मामले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष सीआईडी और सीबीआई की ओर से जांच की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। अदालत ने अब तक हुई जांच, उपलब्ध साक्ष्यों तथा जांच एजेंसियों द्वारा उठाए गए कदमों का विस्तार से अवलोकन किया। साथ ही यह जानना चाहा कि अब तक युवती का पता क्यों नहीं चल सका है और जांच को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए आगे क्या कदम उठाए जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च न्यायालय ने सीबीआई के एसपी को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जांच की प्रगति और आगे की कार्ययोजना से अदालत को अवगत कराने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सुजीत नारायण और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ में हुई। अदालत ने मामले को मंगलवार के लिए पुनः सूचीबद्ध करते हुए अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि बोकारो की लापता युवती का मामला लंबे समय से झारखंड उच्च न्यायालय की निगरानी में चल रहा है। इससे पहले भी अदालत जांच की धीमी प्रगति पर चिंता जता चुकी है और सीबीआई तथा सीआईडी को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी जांच करने का निर्देश दे चुकी है। सोमवार की सुनवाई में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से तलब किए जाने का निर्देश भी इसी क्रम का हिस्सा माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'ओजस' और 'प्रवाह' सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नियमितता और अनुशासन को सम्मानित करने के लिए 'ओजस' एवं 'प्रवाह' सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 'ओजस' के तहत उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया, जबकि 'प्रवाह' में नियमित उपस्थिति, अनुशासित प्रयास और सतत प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रेलवे झारखंड के महानिदेशक अनिल पल्टा ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों ने प्रेरणादायक समूहगान और पंचमहाभूतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। श्री पल्टा ने कहा कि सफलता के लिए परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता जरूरी है। सिर्फ अंक नहीं, स्किल्स भी भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने और आजीवन सीखने की प्रेरणा दी। प्राचार्या मनीषा शर्मा ने कहा कि वास्तविक उत्कृष्टता नियमित प्रयास और आत्मानुशासन से आती है। प्रत्येक उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### 9 अगस्त को रांची में होगा भव्य सावन सिंधारा उत्सव, पोस्टर का विमोचन




**रांची।** श्री जीण माता प्रचार समिति, रांची द्वारा सावन माह के अवसर पर आयोजित होने वाले सावन सिंधारा उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उत्सव का पोस्टर सोमवार को मारवाड़ी भवन, हरमू रोड में विमोचित किया गया। समिति के अनुसार यह भव्य आयोजन 9 अगस्त 2026 को मारवाड़ी भवन में होगा। इस वर्ष का उत्सव धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक वैभव का संगम होगा। कार्यक्रम में गुजरात की भजन गायिका दीदी आशा वैष्णव और पुरुलिया की दीदी शीतल कटारुका भजनों की प्रस्तुति देंगी। इस बार मां जीण भवानी की चौसठ योगिनी का दिव्य स्वरूप और विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समिति ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद जताई है। पोस्टर विमोचन के दौरान अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पालड़ीवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गांव में सड़क नहीं होने से गर्भवती की मौत, बाबूलाल ने सरकार से मांगा जवाब



**रांची।** साहिबगंज जिले के पीराचक गांव में सड़क नहीं होने के कारण समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी। इससे एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। इस घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर सवाल उठाए हैं। बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर सोमवार को कहा कि सिर्फ सड़क नहीं होने की वजह से एक गर्भवती महिला की जान चली जाना बेहद दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि राज्य बनने के 25 साल बाद भी जिले के कई गांवों तक पक्की सड़क नहीं पहुंची है। बाबूलाल मरांडी ने सरकार से इस मामले में जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीराचक सहित ऐसे सभी गांवों को जल्द से जल्द पक्की सड़क से जोड़ा जाए, ताकि भविष्य में किसी की जान सड़क के अभाव में न जाए।

### वी ने लॉन्च किया 200 का 'वैल्यू एंटरटेनमेंट पैक', 20 ओटीटी + 200 चैनल + 30GB डेटा

**रांची।** दूरसंचार कंपनी वी ने अपने कंटेंट प्लेटफॉर्म वी मूवीज एंड टीवी पर 200 का नया वैल्यू एंटरटेनमेंट पैक लॉन्च किया है। 28 दिन की वैलिडिटी वाले इस पैक में 20 ओटीटी प्लेटफॉर्म, 200+ लाइव टीवी चैनल, 30GB हाई-स्पीड डेटा और अनलिमिटेड 5G डेटा मिलेगा। इस पैक के तहत जियोहॉटस्टार, सोनी लिव, ज़ी5, लायन्सगेट प्ले, फैनकोड, मनोरमामैक्स सहित कई ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस एक ही सब्सक्रिप्शन में मिलेगा। 16 भाषाओं में नेशनल, इंटरनेशनल और रीजनल कंटेंट उपलब्ध होगा। कंपनी के अनुसार यह पैक केबल/डीटीएच की तुलना में कम कीमत में पूरा एंटरटेनमेंट देता है। यूजर्स अलग-अलग ओटीटी का पेमेंट और सब्सक्रिप्शन मैनेज करने की झंझट से बच सकेंगे। पैक 4 डिवाइस पर काम करेगा और सोनी लिव को छोड़कर सभी प्लेटफॉर्म पर 2 स्क्रीन पर एक साथ स्ट्रीमिंग की सुविधा मिलेगी। नया 200 पैक वी ऐप और अन्य रीचार्ज चैनलों के जरिए रीचार्ज किया जा सकेगा।

## जेबीवीएनएल को उच्च न्यायालय से राहत, एकल पीठ के आदेश पर लगी रोक

**एजेंसी। रांची**



झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड(जेबीवीएनएल) के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पद पर प्रमोशन देने से संबंधित एकल पीठ के आदेश पर झारखंड उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) की अपील पर सुनवाई करते हुए निगम को राहत प्रदान की है। जेबीवीएनएल ने एकल पीठ के 16 दिसंबर 2025 को दिए गए उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसने अशुकरु खड़िया और गोपाल माझी को एक्जीक्यूटिव इंजीनियर से सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पद पर प्रमोशन देने का निर्देश दिया गया था। साथ ही झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिकल इंजीनियर जनरल कैडर रूल 1976 में संशोधन का भी आदेश दिया था। प्रतिवादी की नियुक्ति बिजली विभाग में वर्ष 1984 में जूनियर इंजीनियर पद पर हुई थी। इसके बाद प्रोन्नति पाकर वह एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पद तक पहुंचा था। उसने एकल पीठ में रिट याचिका दाखिल कर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पद पर प्रोन्नति का आग्रह किया था। नियम के तहत सुपरीटेंडेंट इंजीनियर पद पर उसी को प्रोन्नति दी जाती है, जिसने इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की है। प्रतिवादी डिप्लोमा होल्डर थे, जिस कारण झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम की ओर से प्रतिवादियों को सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पद पर प्रमोशन नहीं दिया जा रहा था। झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से अधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा।

## झमाझम बारिश से रांची समेत कई इलाकों को गर्मी-उमस से राहत, दो दिन भारी वर्षा का अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से जारी गर्मी और उमस के बीच सोमवार दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश ने लोगों को राहत दी। बारिश के कारण तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उमस कम हुई और मौसम सुहाना हो गया। बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में लोगों ने राहत की सांस ली और शाम के समय मौसम खुशनुमा बना रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार सोमवार को राज्य के मध्य और उससे सटे उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं मंगलवार को उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्यवर्ती क्षेत्रों में भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके अलावा कई स्थानों पर गरज के साथ वज्रपात और तेज हवाएं चलने की भी आशंका है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी मिलने और मानसूनी सिस्टम के सक्रिय रहने के कारण झारखंड में वर्षा की गतिविधियां तेज बनी हुई हैं। इसके प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले 48 घंटे तक बादल छाए रहने और रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 61.4 मिलीमीटर वर्षा पश्चिमी सिंहभूम जिले के झींकपानी में दर्ज की गई। वहीं सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 34.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 22.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को रांची में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद अचानक बादल घिर आए और कई इलाकों में तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण सड़कों पर पानी जमा हो गया और वाहन चालकों को कुछ समय के लिए धीमी गति से आवागमन करना पड़ा। हालांकि बारिश थमने के बाद मौसम पूरी तरह से सुहावना हो गया और लोगों को उमस से राहत मिली। राजधानी रांची में सोमवार को अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री तथा न्यूनतम 24.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.2 डिग्री तथा न्यूनतम 27.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर नहीं जाने, वज्रपात के समय पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने तथा मौसम संबंधी ताजा अपडेट पर नजर बनाए रखने की अपील की है। विभाग का कहना है कि मानसून फिलहाल सक्रिय बना हुआ है और आने वाले दिनों में राज्य के कई हिस्सों में अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

## रांची विवि की कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी अंजना को शुभकामनाएं दीं

**एजेंसी। रांची**



रांची विश्वविद्यालय की छात्रा और अंतरराष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी अंजना कुमारी महतो आगामी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप, बाटुमी (जॉर्जिया) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। अंजना इस प्रतियोगिता के लिए चयनित 40 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर (डॉ) सरोज शर्मा ने सोमवार को अंजना कुमारी महतो से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अंजना की यह उपलब्धि रांची विश्वविद्यालय, झारखंड और पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अंजना अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का गौरव बढ़ाएंगी। अंजना कुमारी महतो की इस उपलब्धि से रांची विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और झारखंड के युवा खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ है। सभी ने आशा व्यक्त की कि वे अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश, राज्य और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगी एवं झारखंड के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगी। इस अवसर पर डॉ अमर चौधरी, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ मुकुंद मेहता, डॉ दिनेश उरांव, डॉ स्मृति सिंह, डॉ विनोद नारायण, प्रभा मेहता, उदय साहू, शिवेंद्र दूबे और चंचल भट्टाचार्य उपस्थित थे। सभी ने अंजना को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल प्रदर्शन और भारत के लिए पदक जीतने की कामना की।

## कैंब्रियन कांके रोड के छात्रों ने किया बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण

**अनुभवात्मक शिक्षा से विकसित होगा कौशल बोधः परमजीत कौर**



**एजेंसी। रांची**

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कृषि और पशुपालन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। उन्हें मिट्टी की तैयारी, बीज चयन, बुआई की विधि, पौधों की देखभाल, उर्वरकों का संतुलित प्रयोग तथा कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में बताया गया। वहीं कक्षा 4, 5 और 6 के बच्चों के लिए थॉमस केल द्वारा निर्देशित फिल्म 'मोआना' का विशेष स्क्रीनिंग थिएटर में आयोजित की गई। विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि अनुभवात्मक शिक्षा वर्तमान शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है। यह बच्चों को वास्तविकता से जोड़ती है और विषय की गहरी समझ विकसित करती है। क्लासरूम के अलावा जब बच्चे सक्रिय रूप से कार्य में भाग लेते हैं तो उनकी रुचि बढ़ती है और उनमें कौशल बोध विकसित होता है, जो नई शिक्षा पद्धति का मुख्य लक्ष्य है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित थे।

## रांची में सात वार्डों में चला डेंगू सर्विलांस अभियान, कई घरों और बर्तनों में मिले लार्वा

**एजेंसी। रांची**



डेंगू और अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को रांची शहरी क्षेत्र के सात वार्डों में व्यापक डेंगू सर्विलांस अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने घर-घर जाकर बुखार से पीड़ित लोगों की जानकारी जुटाई, संभावित डेंगू मरीजों की पहचान की तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जांच की। विभाग ने बताया कि डेंगू और मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रतिदिन शहर के सात अलग-अलग वार्डों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने नागरिकों से अपील की कि तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, आंखों के पीछे दर्द या त्वचा पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने सप्ताह में एक दिन 'ड्राई डे' मनाने, घरों के आसपास पानी जमा नहीं होने देने, पूरी बांह के कपड़े पहनने तथा मच्छरदानी और मच्छररोधी उपायों का नियमित उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही डेंगू मुक्त और स्वस्थ रांची का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। सिविल सर्जन ने बताया कि वार्ड संख्या 21, 22 और 23 में अभियान के दौरान 76 घरों तथा 680 पानी वाले बर्तनों की जांच की गई। इनमें 16 घरों और 25 बर्तनों में डेंगू के लार्वा पाए गए। वहीं वार्ड संख्या 5, 16, 27 और 28 में 90 घरों तथा 566 पानी वाले बर्तनों की जांच की गई, जिनमें 13 घरों और 13 बर्तनों में लार्वा मिला। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, पुराने टायरों और अन्य जलजमाव वाले स्थानों का विशेष रूप से निरीक्षण किया। विभाग ने लोगों से अपने घरों और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा कहीं भी पानी जमा नहीं होने देने की अपील की है, ताकि डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके।

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**
Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

ज्ञापांक 2207 दिनांक 25.07.2026
**इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या – 05/2026-27 (2nd Call)**

मेदिनीनगर नगर निगम में पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण एवं आवश्यक कार्यों के सफल निश्पादन हेतु किराये पर 02 Mahindra Scorpio (Fuel Type – Diesel) ड्राईवर सहित की आवश्यकता है। जिसके लिए इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। उक्त अभिव्यक्ति सूचना में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक –**07.08.2026** को समय 11:00 बजे से 03:00 बजे तक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में उपस्थित होकर दर सहित एवं वांछित दस्तावेज (सील बन्द लिफाफे में) कार्यालय अवस्थित सील बन्द बॉक्स में जमा कर सकते है। सील बन्द लिफाफा उसी दिन दिनांक– **07.08.2026** को समय 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

इच्छुक व्यक्ति आवेदन पत्र के साथ वाहन एवं वाहन चालक से संबंधित निम्नांकित कागजात अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे, अन्यथा उनकी पात्रता स्वतः समाप्त समझी जायगी। इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना की शर्ते निम्नवत् हैः–

1. आवेदनकर्त्ता को PAN Card एवं GST Registration Certificate को स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. वाहन का Commercial Registration अनिवार्य होगा।
3. उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक, पलामू स्तर से निर्गत अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र जो विगत एक वर्श के अन्दर निर्गत हुआ हो संलग्न करना होगा।
4. सफल आवेदनकर्त्ता द्वारा नया वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। यदि पुराना वाहन उपलब्ध कराया जाता है तो वाहन का निबंधन 01JAN2024 के पूर्व का नहीं होगा।
5. सफल आवेदनकर्त्ता को वाहन उपलब्ध कराते समय संबंधित सभी कागजातों यथा Registration Certificate (RC), Comprehensive Registration, Pollution Certificate, Road Tax Paid Certificate एवं चालक का Driving Licence की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. वाहन चालक को श्रम विभाग द्वारा निर्गत अद्यतन निदेश के अनुरूप वाहन मालिक द्वारा परिश्रामिक का भुगतान किया जाएगा।
7. आवंटित आवेदक को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
8. किसी भी प्रकार का न्यायिक विवाद का निबटारा स्थानीय जिला न्यायालय में ही किया जा सकेगा।

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 385980 (District)26-27*D

## सक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में मासूम गिड़गिड़ाता रहा और सनकी आशिक ने गला दबाकर महिला को मार डाला

**गाजियाबाद, एजेंसी।** प्रेम नगर कॉलोनी में रिजवाना की हत्या के समय उनके दो छोटे बच्चे घर पर थे। जबकि दोनों बड़े बच्चे स्कूल गए हुए थे। दोनों में हाथापाई होने पर चार वर्षीय बेटे ने चाचा को अम्मी को न मारने के लिए कहा, लेकिन आरोपित ने उसकी एक न सुनी। लोगों ने बताया कि निसार के घर से निकालने के कुछ देर बाद ही फैजान घर पहुंचा। वह रिजवाना से बातचीत करने लगा। इस दौरान उसने बच्चों को बाहर भेज दिया। कुछ देर बाद कमरे से तेज आवाज आने लगी तो चार वर्षीय बेटा कमरे में चला गया। उसने देखा कि चाचा रस्सी से अम्मी का गला दबा रहे हैं। उसने रोते हुए चाचा से अम्मी को न मारने के लिए कहा, लेकिन आरोपित ने उसकी एक न सुनी। आरोपित यही कहता रहा कि अगर तू मेरी नहीं हुई तो किसी की नहीं रहने दूंगा। एसीपी लोनी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फैजान का एकतरफा प्रेम सामने आया है। उसने रिजवाना से साथ चलने को कहा लेकिन उसने साथ चलने से मना कर दिया। गुस्से में आरोपित ने रिजवाना की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपित के जाने के बाद रिजवाना बेसुध फर्श पर पड़ी थी। चार वर्षीय बेटा मां से लिपट कर रोता रहा। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और निसार को घटना की जानकारी दी।

### फरीदाबाद में मोहना एलिवेटेड मार्ग पर निर्माण कार्य ठप

**डागर, एजेंसी।** फरीदाबाद में मोहना एलिवेटेड मार्ग पर पेयजल की लाइन को बदलने के लिए पिछले चार महीने से पीडब्ल्यूडी को पाइप नहीं मिल रहे। यह लाइन जैन कॉलोनी के बूस्टर से पंचायत भवन के प्रांगण में बनाए गए बूस्टर के लिए जाती है। पाइपलाइन न बदले जाने के कारण पिछले चार महीने से पिलर डालने का काम ठप पड़ा हुआ है। चार दिन पहले पीडब्ल्यूडी के अधीक्षक अभियंता मनोज ओला ने एलिवेटेड साइट का निरीक्षण किया था। वहीं, निरीक्षण के दौरान ओला ने पीडब्ल्यूडी के विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार को एलिवेटेड के काम को दिसंबर-2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए। यदि इसी तरह से पाइपलाइन के कारण काम ठप रहा तो योजना का निर्माण कार्य अंतिम तारीख तक कैसे पूरा हो जाएगा। पीडब्ल्यूडी के उपमंडल अधिकारी रवि इंद्र सिंह का कहना है कि वह पाइप लेने के लिए एफएमडीए से बातचीत कर रहे हैं। जल्दी ही पाइप को लाकर लाइन को बदल दिया जाएगा।

### नोएडा जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ऑनकॉल नहीं आया डॉक्टर

**नोएडा, एजेंसी।** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में गंभीर रूप से घायल मरीजों के तत्काल उपचार के लिए विशेषज्ञों को ऑनकॉल बुलाने की सेवा ध्वस्त हो गई है। चौंकाने वाली बात है कि तीन दिन पूर्व अस्पताल के स्टाफ ने लहूलुहान हालत में एक मरीज को विशेषज्ञ की परामर्श और बिना एक्सरे जांच के रेफर करने के लिए बोल दिया। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में मेरठ मंडल के अपर निदेशक इमरजेंसी में आनकाल विशेषज्ञ न बुलाने और एक्सरे के बिना मरीज रेफर करने पर भड़क गए। उन्होंने स्टाफ को फटकार लगाकर सीएमएस से मामले में जवाब तलब किया है। जानकारी के अनुसार, 24 जुलाई को नोएडा के एक परिवार ने सात वर्षीय आदिल को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया था। खून लगातार बह रहा था। स्टाफ ने घायल बच्चे का खून साफ किया और पट्टी बांध दी। हैरानी की बात है कि स्टाफकर्मी ने ऑर्थोपैडिक विशेषज्ञ को बुलाने के लिए न तो इमरजेंसी कॉल की और न ही उसकी चोट का सटीक पता लगाने के लिए एक्सरे किया।

## सिंगापुर में 1.25 लाख की नौकरी का लालच देकर 100 युवाओं को बनाया बंधक, फिरौती के लिए मांग रहे 15 लाख

**अमरावती , एजेंसी।** सिंगापुर में आईटी नौकरी का झांसा देकर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के करीब 100 युवाओं को म्यांमार में बंधक बना लिया गया है. जहां वे एक अंतरराष्ट्रीय साइबर क्राइम सिंडिकेट के चंगुल में फंस गए हैं. पीड़ितों का दावा है कि उन्हें बिजली के झटके देकर प्रताड़ित किया जा रहा है. अंधेरे कमरों में बंद रखा जा रहा है, भूखा रखा जा रहा है और जबरन साइबर धोखाधड़ी कराई जा रही है. फंसे हुए लोगों में गुंटूर जिले के राधारंगानगर के साईबाबा, कृष्णा जिले के अवनीगड्डा के पूर्णा वेंकटकृष्णा और श्रीकाकुलम जिले के पलास के श्रीराम शामिल हैं. उनके परिवार वालों के अनुसार, इनलोगों ने सोशल मीडिया पर सिंगापुर में 1.25 लाख रुपये प्रति माह वेतन वाली आईटी नौकरियों के विज्ञापन देखकर आवेदन किया था. 2 अप्रैल को विजयवाड़ा से यह सोचकर रवाना हुए थे कि उन्हें वैध नौकरी मिल गई है. लेकिन भर्ती एजेंट कथित तौर पर उन्हें सिंगापुर के बजाय कंबोडिया ले गए और बाद में म्यांमार भेज दिया. जहां, उनके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए गए. पीड़ितों ने बताया कि उन्हें पहाड़ी इलाकों में बने सुनसान परिसरों में बंधक बनाकर रखा गया था. उनसे जबरन साइबर अपराध करवाए जा रहे थे. मना करने वाले या टारगेट पूरा न कर पाने वाले युवाओं को बिजली के झटके दिए जाते थे. अंधेरे कमरों में अकेले बंद कर दिया जाता था और भूखा रखकर बुरी तरह प्रताड़ित किया जाता था. पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ फंसी कुछ महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया. उन्होंने बताया कि कई लोगों ने वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन पूर्णा वेंकटकृष्णा सहित 18 लोगों को दोबारा पकड़ लिया गया. गिरोह ने उन्हें बेरहमी से टॉर्चर किया. रिपोर्ट के अनुसार, यह साइबर गिरोह प्रत्येक व्यक्ति की रिहाई के बदले 15 लाख रुपये की फिरौती मांग रहा है. पीड़ितों से फोन कॉल मिलने के बाद, उनके रिश्तेदारों और दोस्तों ने 17 जुलाई को विदेश मंत्रालय (स्न्न्न) के पास एक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद 22 जुलाई को आंध्र प्रदेश नॉन-रेसिडेंट तेलुगु सोसाइटी (क्क्रञ्ज) में भी एक अलग शिकायत दर्ज कराई गई है. शनिवार सुबह, साईबाबा के दोस्त साईराम द्वारा की गई।

## गुरु केवल शिक्षा नहीं, जीवन को दिशा भी देते हैं, गुरुजनों के आदर्शों को जीवन में उतारें : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए गुरु-शिष्य परंपरा को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया है। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन को दिशा भी देते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अपने गुरुजनों का सदैव सम्मान करें और उनके बताए आदर्शों को जीवन में उतारें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा और विकसित प्रदेश के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा, 'मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों, भारतीय मनीषा एवं सनातन संस्कृति में गुरु को साक्षात परम ब्रह्म माना गया है। विक्रम संवत 2083 की आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा (29 जुलाई, 2026) को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व हम सबके लिए गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का अवसर है।'

उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में यह पर्व महर्षि वेदव्यास की स्मृति में 'व्यास पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बौद्ध परंपरा में यह भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश और धर्मचक्र प्रवर्तन का स्मृति-दिवस है। जैन परंपरा में इसका संबंध गौतम स्वामी के ज्ञान-दीक्षा प्रसंग से है, जबकि सिख परंपरा में भी गुरु-वाणी सर्वोपरि है। इसीलिए गुरु पूर्णिमा गुरु-शिष्य परंपरा एवं आध्यात्मिक चेतना का सार्वकालिक उत्सव है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने गुरु वशिष्ठ से ज्ञान और संस्कार प्राप्त कर आदर्श जीवन की मर्यादाओं को आत्मसात किया, जबकि भगवान श्रीकृष्ण ने महर्षि सांदीपनि के आश्रम में रहकर ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने कठोपनिषद का उल्लेख करते हुए कहा कि नचिकेता ने यमराज के समक्ष क्षणिक सुख और वैभव का नहीं, बल्कि 'श्रेय' अर्थात् सत्य एवं आत्मज्ञान का मार्ग चुना। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां गुरु का सम्मान होता है, वही समाज उन्नति करता है। इसी भावना के अनुरूप राज्य सरकार ने पिछले नौ वर्षों में शिक्षक सम्मान और उनके सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी भर्ती, समयबद्ध सेवा-सुविधाएं, आधुनिक डिजिटल संसाधन तथा निरंतर क्षमता संवर्धन सुनिश्चित कर सरकार ने गुरुजनों को ऐसा समर्थ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया है, जहां वे ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की अपनी भूमिका का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना शुरू की गई है। इसके तहत बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा से जुड़े प्रदेश के 60 लाख शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और उनके आश्रित परिजन लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के 7.50 लाख से अधिक शिक्षकों और उनके आश्रित परिजनों को भी इस योजना के दायरे में लाया गया है।

## रेवंत रेड्डी ने की युवाओं की पैरवी, बोले- 25 नहीं 21 साल में लड़ें चुनाव

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का कहना है कि अब राजनीति में युवाओं के प्रतिनिधित्व की अधिक जरूरत है। इसलिए चुनाव लड़ने की उम्र 21 साल किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए जिम्मेदार लोगों से बातचीत भी करेंगे। सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि यह जरूरी है क्योंकि अगर आप जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, सिंगापुर और कई अन्य पड़ोसी देशों को देखें, तो 50 प्रतिशत से ज्यादा देशों में वोटिंग की उम्र 21 साल है।

पहले, हमारे यहां वोटिंग की उम्र 21 साल थी और विधानसभा व लोकसभा चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 25 साल थी, और सब कुछ ठीक से चल रहा था। लेकिन जब वोटिंग की उम्र घटाकर 18 साल कर दी गई, तो अब चुनाव लड़ने की उम्र सीमा भी कम करने का समय आ गया है।

**विधानसभा-लोकसभा में युवा नेतृत्व का समर्थन:** आईएएनएस के साथ खास बातचीत में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि 21 साल की उम्र में हम लोगों को आईएएस, आईपीएस और अन्य सिविल सेवक के तौर पर नियुक्त कर रहे हैं, उन्हें मेयर और जिला पंचायत अध्यक्ष बना रहे हैं, तो फिर विधानसभा और



लोकसभा क्यों नहीं? इसलिए, मैं यह मुद्दा उठाना चाहता हूं क्योंकि भारत की लगभग 30 प्रतिशत आबादी 'जेन जी' पीढ़ी की है। उन्हें विधायक, सांसद, राज्य मंत्री और केंद्रीय मंत्री के तौर पर सेवा करने के मौके मिलने चाहिए।

**देश में 'जेन जी' 30% लेकिन प्रतिनिधित्व 1% भी नहीं: रेवंत रेड्डी:** उन्होंने कहा कि मैं सभी से मिलूंगा और उनसे बात करूंगा। मैं इन लोगों के लिए अपनी पूरी कोशिश करूंगा क्योंकि मैं नहीं चाहता कि उनकी ऊर्जा बेकार जाए। मैं इस ऊर्जा को सही दिशा देना चाहता हूं। मैं उन्हें विधायक, सांसद और मंत्री बनाना चाहता हूं और देश की तरक्की व विकास में उन्हें हिस्सेदारी दिलाना चाहता हूं क्योंकि आबादी में उनकी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत है, लेकिन उनका प्रतिनिधित्व 1 प्रतिशत भी नहीं है।

**नए शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी को दी बधाई:** नए शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले शिक्षा मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और प्रकाश जावड़ेकर का हमने जो भविष्य देखा है, उनका राजनीतिक करियर खराब हो गया। नए शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी हमारे जानने वाले हैं और पड़ोसी राज्य के हैं। उन्हें बधाई दी है। उम्मीद है कि वह समस्याओं को खत्म करेंगे। युवाओं के मुद्दे को उन्हें याद दिलाने की कोशिश की।

## कांग्रेस को झटका देने की तैयारी में सपा, इमरान मसूद के बयान से दामाद शायान नाराज

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे नए-नए समीकरण भी बनने लगे हैं। पश्चिमी यूपी में कुछ ज्यादा ही हलचल है। एक तरफ आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एक्टिव हैं तो दूसरी तरफ एमआईएमआईएम के प्रमुख असुद्दीन ओवैसी लगातार सभाएं कर माहौल को गरमा रहे हैं। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद लगातार बयानबाजी कर सपा पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अब कांग्रेस और इमरान मसूद को ही सपा झटका देने की तैयारी कर रही है। इमरान मसूद के दामाद शायान मसूद जल्द समाजवादी पार्टी का दामन थाम सकते हैं। लोकसभा चुनाव में इमरान के लिए पूरी ताकत से प्रचार में जुटे शायान के इस कदम की चर्चा ने लखनऊ तक सियासी हलचल बढ़ा दी है। शायान मसूद सहारनपुर की राजनीति के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक से आते हैं।



## दर्दनाक हादसाः रामदेवरा में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, पानी के टांके में मिले शव

**जैसलमेर , एजेंसी।** राजस्थान के जैसलमेर जिले से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है. रामदेवरा थाना क्षेत्र के लोहारकी गांव में रविवार रात एक ही परिवार के चार लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मृतकों में पति-पत्नी और उनके दो छोटे मासूम बच्चे शामिल हैं. चारों के शव गांव में ही बने पानी के एक टांके से बरामद किए गए हैं. ग्रामीणों ने चारों को टांके से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया. इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है. मृतकों की पहचान लोहारकी गांव के निवासी जसराज सुथार (30 वर्ष), उनकी पत्नी निरमा (28 वर्ष), 10 वर्षीय बेटे और 5 वर्षीय बेटी के रूप में हुई है. स्थानीय स्तर पर मिल रही जानकारी के मुताबिक, इस परिवार में पिछले कुछ समय से आपसी विवाद चल रहा था. हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का अभी तक आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं हुआ है और पुलिस मामले की जांच कर रही है. इस खौफनाक कदम के पीछे की असली वजह क्या थी, इसका आधिकारिक खुलासा पुलिस की जांच के बाद ही हो पाएगा. पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब 9 बजे जसराज के भाई ने उसे पानी के टांके में कूदते हुए देखा. उसने शोर मचाकर परिवार और आसपास के ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी. इसके बाद लोग तत्काल टांके के पास पहुंचे, लेकिन तब तक चारों पानी में डूब चुके थे. ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद सभी को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही रामदेवरा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया. पुलिस ने टांके का निरीक्षण कर आसपास के लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए हैं. फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से बारीकी से जांच कर रही है. हत्या या सामूहिक आत्महत्या? : इस दर्दनाक घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं.




## जंतर-मंतर से सीख लें योगी...जौहर यूनिवर्सिटी पर कार्रवाई से भड़की महबूबा मुफ्ती, कहा- यह नफरत-बदले की कार्रवाई

**रामपुर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार विपक्ष के निशाने पर हैं। इस बीच जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने योगी सरकार की आलोचना की है। महबूबा मुफ्ती ने जौहर यूनिवर्सिटी पर यूपी सरकार की कार्रवाई को नफरत और बदले की कार्रवाई कहा है। मुफ्ती ने सीएम योगी को दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन से सीख लेने की सलाह दी है।

**महबूबा मुफ्ती ने बताया बदले की भावना:** महबूबा मुफ्ती ने रविवार को अपने एक्स हैंडल पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पोस्ट शेयर किया। जौहर विश्वविद्यालय पर प्रदेश सरकार की कार्रवाई का विरोध करते हुए मुफ्ती ने लिखा कि जौहर यूनिवर्सिटी जैसे शिक्षण संस्थान को नष्ट करना नफरत और बदले की भावना के अलावा और कुछ नहीं दिखाता। आगे उन्होंने लिखा कि योगी को जंतर-मंतर से सीख लेनी चाहिए और देखना चाहिए कि देश के युवा किस तरह नफरत और बंटवारे की राजनीति को नकार रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी जौहर विश्वविद्यालय मामले में यूपी सरकार के विरोध में उतर आए हैं। सरकार की कार्रवाई का विरोध करते हुए अखिलेश ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'शिक्षा की रक्षा' आंदोलन भी जीतेगा! रामपुर के जौहर विश्वविद्यालय को बचाने के लिए धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं की हौसलाअफजाई के लिए हमारे सांसद व विधायक शामिल हैं। अखिलेश ने प्रदेश सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि जब यूपी सरकार के शासनादेश के आधार पर भाजपा सरकार अन्य निर्माणों का नियमतीकरण कर सकती है तो जौहर यूनिवर्सिटी का क्यों नहीं, जौहर यूनिवर्सिटी के साथ भेदभाव-दुराव क्यों? हम सबकी मांग है कि भाजपा अपने प्रतिशोध की आग में नौजवानों का भविष्य न झोंके।

**प्रशासन ने दिया 38 भवनों के ध्वस्तीकरण का आदेश:** यूपी में भू-उपयोग नियमों के उल्लंघन और अवैध निर्माण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सरकार लगातार सख्ती से कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत रामपुर विकास प्राधिकरण ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर में बिना नक्शे की स्वीकृति के निर्मित भवनों के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है।

## बाढ़ की स्थिति में सुधार, 5.24 लाख लोग प्रभावित, 2 और मौतों से मृतकों की संख्या बढ़कर 68 हुई

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को और सुधार हुआ, हालांकि पांच जिलों में 5.24 लाख से ज़्यादा लोग अभी भी प्रभावित हैं, जबकि दो और मौतों के साथ इस साल की बाढ़ में मरने वालों की संख्या 68 हो गई. एक सरकारी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई. असम स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के अनुसार चराईदेव, गोलाघाट, जोरहाट, नागांव और शिवसागर जिलों में 5,24,700 से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं. रविवार देर रात जारी बुलेटिन में कहा गया कि पिछले 24 घंटों के दौरान चराईदेव जिले में



बाढ़ के पानी में डूबने से दो और लोगों की जान चली गई. चराईदेव सबसे ज़्यादा प्रभावित जिला है, जहाँ लगभग 1.9 लाख लोग प्रभावित हैं. इसके बाद शिवसागर (1.5 लाख से ज़्यादा) और जोरहाट (लगभग 1.4 लाख) हैं. शनिवार से बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है, जब छह जिलों में लगभग 6.55 लाख लोग प्रभावित हुए थे.

एएसडीएमए ने कहा कि एडमिनिस्ट्रेशन चार जिलों में 354 रिलीफ कैंप और मदद बांटने वाले सेंटर चला रहा है और 37,724 बेघर लोगों का ध्यान रख रहा है. आर्मी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ , फायर एंड इमरजेंसी सर्विस और पुलिस जैसी कई एजेंसियों ने ऊपरी असम के अलग-अलग हिस्सों से कई लोगों को बचाया है, ऐसा कहा गया है.

अभी पूरे असम में 763 गांव पानी में हैं और 48,742.09 हेक्टेयर फसल खराब हो गई है, ऐसा कहा गया है. बुलेटिन में कहा गया है कि राज्य के अलग-अलग जिलों में तटबंधों, सड़कों, पुलों और दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान हुआ है. एएसडीएमए ने कहा कि नुमालीगढ़ में धनसिरी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. बड़े पैमाने पर बाढ़ की वजह से पूरे असम में 88,240 पालतू जानवर और मुर्गी पालन पर असर पड़ा है, ऐसा कहा गया है.

बाढ़ ने न केवल इंसानी जिंदगी बल्कि राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कमर भी तोड़ दी है। राज्य भर के 763 गांव पूरी तरह जलमग्न हैं और लगभग 48,742.09 हेक्टेयर कृषि भूमि पानी में डूबी हुई है, जिससे फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। यही नहीं, इस आपदा में 88,240 पालतू मवेशी और पोल्ट्री भी प्रभावित हुए हैं। बुनियादी ढांचे की बात करें तो कई जिलों में तटबंध, सड़कें और पुल टूट गए हैं, जिससे संपर्क पूरी तरह कट गया है। बाढ़ का खतरा अभी इसलिए भी बना हुआ है क्योंकि कई नदियां उफान पर हैं। नुमालीगढ़ में धनसिरी नदी अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है और राहत कार्यों को और तेज कर दिया है। असम की इस स्थिति पर पूरे देश की नजर है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही मानसून की ये मार कम होगी और जनजीवन फिर से पटरी पर लौटेगा।

### गुरुग्राम में 396 किमी सड़क सुधार का दावा फेल

**गुरुग्राम, एजेंसी।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के धूल प्रदूषण रोकने संबंधी निर्देशों के बावजूद गुरुग्राम में सड़क सुधार योजना गति नहीं पकड़ सकी है। मानसून के बीच शहर की जर्जर सड़कें लोगों की परेशानी का बड़ा कारण बनी हुई हैं। जगह-जगह गड्ढों और टूटी सड़कों पर जलभराव से वाहन चालकों, स्कूली बच्चों और पैदल राहगीरों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम गुरुग्राम की रिपोर्ट के अनुसार दूसरी तिमाही तक 396 किलोमीटर सड़कों के सुधारीकरण के लक्ष्य के मुकाबले केवल 177 किलोमीटर सड़कें ही दुरुस्त हो सकी हैं, जबकि 219 किलोमीटर सड़कें अब भी मरम्मत का इंतजार कर रही हैं। सड़क सुधार में निगम काफी पीछे है।

### बस सेवा के कुछ समय के लिए बंद होने से बहुत परेशानी हुई

## कावेरी जल विवाद: तमिलनाडु-कर्नाटक सीमा पर तनाव, बेंगलुरु जाने वाली बसें होसुर में रोकी गई

**होसुर , एजेंसी।** कावेरी जल विवाद को लेकर कन्नड़ संगठनों के विरोध प्रदर्शन के बाद रविवार को तमिलनाडु से कर्नाटक जाने वाली बसों को होसुर बॉर्डर पर रोक दिया गया. बस सेवा के कुछ समय के लिए बंद होने से तमिलनाडु में यात्रियों को बहुत परेशानी हुई है.



कन्नड़ संगठन मेकेदातु डैम प्रोजेक्ट के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं. कन्नड़ संगठनों ने बांध के निर्माण का विरोध करने के लिए तमिलनाडु सरकार की आलोचना की. कर्नाटक ने, बेंगलुरु और आस-पास के इलाकों में पेय जल की सप्लाई करने के लिए कनकपुरा के पास कावेरी नदी पर मेकेदातु में एक डैम बनाने का प्रस्ताव रखा है. हालांकि, तमिलनाडु ने डैम का कड़ा विरोध किया है, उनका दावा है कि इससे जल के प्राकृतिक बहाव पर असर पड़ेगा, किसानों को सिंचाई में दिक्कत होगी और यह सुप्रीम कोर्ट के 2018 के कावेरी फैसले का उल्लंघन करेगा. डैम निर्माण के समर्थन में कन्नड़ जागृति वेदिके के कार्यकर्ता बेंगलुरु-होसुर बॉर्डर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. इसे देखते हुए पुलिस ने रविवार सुबह 4 बजे से ही होसुर में बेंगलुरु जाने वाली तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम (ञ्जहस्ञ्ज) की सभी बसों को रोक दिया है. अधिकारियों ने कहा कि कृष्णागिरी जिले की पुलिस के आदेश पर एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है. इसके अलावा, ञ्जहस्ञ्ज के धर्मपुरी ज़ोन ने भी सलाह दी है कि होसुर से आगे बेंगलुरु के लिए बसें न चलाई जाएं. कृष्णागिरी पुलिस ने घोषणा की है कि अगली सूचना तक बेंगलुरु के लिए बसें नहीं चलेंगी. तमिलनाडु सरकार के परिवहन विभाग ने भी कहा है कि स्थिति पूरी तरह सामान्य होने के बाद ही बसें सीमा पार करेंगी. इस प्रकार, तमिलनाडु से जाने वाली बसें होसुर में फंसी हुई हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## असली सुधार चाहिए, छात्रों का भरोसा जीतने निकली सरकार

आखिरकर शिक्षा मंत्री प्रधान ने इस्तीफा दे ही दिया। पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन के बीच, पीएम मोदी ने आश्वासन दिया कि सरकार सख्त कदम उठाएगी। इसके बाद, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एंटी-पेपर लीक बिल में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे मुद्दे की गंभीरता जाहिर होती है। सरकार तेजी से निर्णय लेकर स्टूडेंट्स को यकीन दिलाने का प्रयास कर रही है कि उनकी आवाज सुनी गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार रात अपने संदेश में यह आश्वासन दिया कि उनकी सरकार पेपर लीक के खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। इसके कुछ घंटों बाद ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एंटी-पेपर लीक बिल में संशोधन को मंजूरी दे दी। इसी से मुद्दे की गंभीरता जाहिर होती है। सरकार तेजी से निर्णय लेकर स्टूडेंट्स को यकीन दिलाने का प्रयास कर रही है कि उनकी आवाज अनसुनी नहीं रह गई है। एनटीए में सुधार। हाल के बरसों में पेपर लीक जितनी बड़ी समस्या बन चुका है, उसे देखते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई जरूरी है। हालांकि यह भी ध्यान में रहना चाहिए कि देश में कई बार कानून की कमी से ज्यादा उसका पालन चुनौतीपूर्ण होता है। एनटीए की कमियां और सीमित क्षमता कई बार सामने आ चुकी है। इसमें सुधार के लिए तुरंत कदम उठाने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि संस्थागत मजबूती जरूरी है। एड-हॉक की व्यवस्था ने बरसों से परेशान किया है। अब स्थायी और मजबूत सिस्टम चाहिए। अदालत की निगरानी। यह महत्वपूर्ण है कि केंद्र द्वारा नीट में किए जा रहे सुधारों की सुप्रीम कोर्ट लगातार निगरानी करेगा। असल में बार-बार की गड़बड़ियों की वजह से सिस्टम से स्टूडेंट्स का भरोसा कमजोर हुआ है। वे अब मूलभूत बदलाव चाहते हैं और शीर्ष अदालत की निगरानी से इसमें मदद मिलेगी। शुक्रवार का एक बेहद अहम घटनाक्रम रहा सरकार और कॉकरोच जनता पार्टी के बीच दूसरे दौर की बातचीत। भले कोई समाधान नहीं निकला, पर इसे सकारात्मक मानना चाहिए। जन-आंदोलन का नतीजा आखिरकार संवाद से ही निकलता है। दोनों पक्ष तीसरे दौर की वार्ता के लिए सहमत हुए है, जो आज दोपहर में होनी है। हालांकि, सबसे बड़ा मतभेद है शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग। सीजेपी और विपक्ष इस पर अड़ा है, जबकि सरकार अभी परीक्षा सुधारों पर जोर दे रही है। सीजेपी के आंदोलन को स्टूडेंट्स ने अपना बना लिया है, क्योंकि सुरक्षित व पारदर्शी परीक्षा उनके भविष्य से जुड़ी है। आज हालात यहां तक इसलिए पहुंचे, क्योंकि जिम्मेदार लोग बार-बार नाकाम रहे। सीजेपी ने परीक्षा प्रणाली में रिफॉर्म्स के लिए सरकार को पांच सुझाव दिए है। केंद्र को इन पर खुले दिल से विचार करना चाहिए। आज समाज, न्यायपालिका और सरकार जिन सवालों से जूझ रहे है, उनका जवाब मिलकर ही निकाला जा सकता है।

## लोकतंत्र या दमन? नीट आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई ने खड़े किए बड़े सवाल

नीट प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर जिम्मेदारी तय करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के साथ प्रदर्शन करना क्या ऐसी गतिविधि है, जिसके लिए विद्यार्थियों को बेरहमी से पीटा जाए या उनसे दुर्व्यवहार किया जाए? एक लोकतांत्रिक देश के नागरिक होने के नाते अगर लोग सरकार की किसी कमजोरी पर सवाल उठाते हैं या अपने असंतोष को जाहिर करते हैं, तो क्या उन्हें चुप कराने के लिए पुलिस की बेलगाम सख्ती का सहारा लेने को उचित ठहराया जा सकता है? यह सवाल नीट 2026 में प्रश्नपत्र लीक होने के मुद्दे पर खड़े हुए आंदोलन में शामिल युवाओं के खिलाफ पुलिस के रवैये के सामने आने के बाद उठा है, जिसमें यह विचार करने की जरूरत तक नहीं समझी गई कि क्या प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग आखिरी विकल्प था।अव्वल तो आंदोलनकारियों से संवाद के तकाजे को तरजीह नहीं दी गई। उसके बाद दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वालों के खिलाफ पुलिस ने जैसी सख्ती दिखाई, छात्र-छात्राओं की पिटाई की गई, उससे सरकार की मंशा और लोकतंत्र के प्रति उसके दायित्वों पर गहरे सवाल उठे हैं। इसी मुद्दे पर और जंतर-मंतर पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ मुंबई में हुए एक प्रदर्शन के दौरान कुछ विद्यार्थियों को एक पुलिसकर्मी ने आपत्तिजनक और गैरकानूनी तरीके से धमकी दी कि घर चले जाओ, नहीं तो जेब में 'पाउडर' डाल देंगे और फिर जिंदगी भर परेशान रहोगे।सवाल है कि एक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में शामिल होने भर के लिए विद्यार्थियों या किसी भी व्यक्ति को पुलिस ऐसी धमकी देती है।

*सभी आंदोलनरत छात्रों को ध्यान रखना चाहिए कि हमारे प्यारे देश में ओछी राजनीति कब क्या करा दें, उसका कोई भरोसा नहीं है, इसलिए वह पूरी तरह से सज़ग रहें और शांतिपूर्ण आंदोलन को छात्र व नौजवानों के हितों तक ही सीमित करते हुए किसी भी कीमत पर हिंसक ना होने दें, तब ही देर सबेर छात्रों के हितों की बात को लेकर के कुछ ठोस निर्णय अवश्य होगा।*

## छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन का कुछ राजनेताओं ने कर दिया राजनीतिकरण!

(ललित गर्ग)

नीट परीक्षा लीक कांड के बाद से ही सरकारी परीक्षाओं में पेपर लीक रोकते हुए देश में छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए रणनीति बनाने की मांग व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे लेकर के शुरू हुई छात्रों की मांग पर अब पूरी तरह से राजनीति का शिकार होती जा रही है। नीट-यूजी की 3 मई 2026 को आयोजित मूल परीक्षा के पेपर लीक होने की खबरों के बाद 12 मई 2026 को सरकार ने नीट की परीक्षा को रद्द कर दिया था। तब से ही छात्रों में आक्रोश व्याप्त है और वह देश के विभिन्न हिस्सों में शांति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करके अपना जबरदस्त विरोध प्रकट कर रहे थे। लेकिन अचानक ही 16 मई 2026 को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) नामक एक पार्टी बन जाती है और वह पार्टी छात्रों के आंदोलन में कूद पड़ती है, उस पार्टी के द्वारा दिल्ली में जून के प्रथम सप्ताह से धरना प्रदर्शन शुरू किया जाता है, इस धरना प्रदर्शन में सबकुछ ठीक ठाक ही चल रहा था, लेकिन जब से कुछ राजनेताओं की एंट्री हुई है तब से ही छात्रों की मूल मांगो से खिलवाड़ होना शुरू हो गया है। हालांकि केंद्र सरकार ने नीट परीक्षा के पेपर लीक के इस मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इस मामले की जांच सौंपी दी थी। वही सरकार के द्वारा नए सिरे से नीट की पुनर्परीक्षा 21 जून 2026 को आयोजित की जा चुकी है, 16 जुलाई 2026 की रात को पुनर्परीक्षा के नतीजे भी एनटीए के द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। लेकिन आजकल जबरदस्त प्रतियोगिता के इस दौर में सरकारी नौकरी व महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर बार-बार रद्द होने के कारण देशभर के छात्रों में भारी मानसिक तनाव के चलते विरोध की स्थिति जबरदस्त ढंग से देखने को मिल रही है। छात्रों के द्वारा लगातार देश व प्रदेशों के नीति-निर्माताओं से परीक्षाओं की निष्पक्षता और छात्रों के बीच विश्वसनीयता को बरकरार रखने के लिए धरातल पर ठोस आवश्यक कदम उठाने की मांग भी लगातार की जा रही है। वहीं केंद्र सरकार निरंतर छात्रों को आश्वस्त कर रही थी कि वह भविष्य में आयोजित परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है, फिर भी आंदोलन जारी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि छात्र आंदोलन में जब सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की एंट्री होती है, वह भूख हड़ताल पर बैठ जाते हैं और जब भूख हड़ताल एक-एक दिन करके लंबी चलने लगती है, तो छात्रों का शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा यह आंदोलन देश के कुछ राजनेताओं के लिए अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए एक शानदार पर्यटन स्थल बन जाता है, जिसके चलते धरनास्थल पर बहुत तेज़ी से छोटे व बड़े राजनेताओं का तांता लगने लग जाता है। अब पिछले कुछ दिनों से जिस तरह की स्थिति कुछ लोगों व राजनेताओं के द्वारा देश राजधानी दिल्ली में बनायी जा रही है, उससे अब यह स्पष्ट होता जा रहा कि लंबे अरसे से आंदोलनरत छात्रों की मूल मांगें राजनीतिकरण के चलते अब पीछे छूट गई हैं। छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन को आज कुछ लोगों के गैंग ने छात्र हित के जगह पर्दे के पीछे छिपी सत्ता हथियाने की सीढ़ी से केंद्र व प्रदेशों में सत्ता परिवर्तन करने का हथियार बना लिया है। छात्रों के शांतिपूर्ण आंदोलन को कुछ लोगों व राजनेताओं ने पूर्व की भांति ही सत्ता परिवर्तन करने की महत्वाकांक्षा का हथियार बनाते हुए आंदोलन को राजनेताओं की स्वार्थ पूर्ति अखाड़ा बनाकर रख दिया है। हर बार की ही तरह इस बार भी छात्रों के बेहद शांतिपूर्ण ढंग से चल रहे आंदोलन को कुछ चतुर, चालाक व बेहद ही स्वार्थी राजनेता ने घुसकर के छात्रों व देश युवाओं के केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश को अपने क्षणिक हितों को साधने की ताकतवर ऊर्जा के रूप में इस्तेमाल करते हुए अपने व्यक्तिगत एजेंडे व हितों की पूर्ति करने व पार्टी के हितों को साधने वाली राजनीतिक जमीन को मजबूत करने वाला आंदोलन बनाकर रख दिया है। छात्रों के नाम पर शुरू हुए आंदोलन में अब छात्रों के हित की बातें बहुत पीछे छूटते जा रही हैं, राजनेताओं के छिपे हुए एजेंडे छात्र व नौजवानों के हितों पर हावी होते जा रहे हैं, कुछ लोगों के द्वारा आंदोलन को हिंसक बनाते हुए राजनीतिकरण किया जा रहा है। नीट परीक्षा लीक कांड के बाद से ही सरकारी परीक्षाओं में पेपर लीक रोकते हुए देश में छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए रणनीति बनाने की मांग व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे लेकर के शुरू हुई छात्रों की मांग पर अब पूरी तरह से राजनीति का शिकार होती जा रही है। छात्रों के शांति प्रिय आंदोलन में कुछ राजनेताओं की कृपा से अब तो आलम यह हो गया है कि कुछ राजनेता को छात्रों के विरोध का यह अवसर पर देश व प्रदेशों की सत्ता को परिवर्तित कर सत्ता पर काबिज होने का एक बड़ा अवसर तक लग रहा है। छात्रों के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर देश के पक्ष-विपक्ष के राजनेताओं के द्वारा जमकर के राजनीति की जा रही है, सड़क से लेकर संसद तक हर तरफ़ संग्राम छिड़ा हुआ है, सड़क पर कुछ लोगों के द्वारा जबरदस्त टकराव की स्थिति उपस्थिति उत्पन्न करते हुए, लोगों के जान-माल व देश की बहुमूल्य संपत्तियों व सुरक्षा कर्मियों तक को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं 20 जुलाई 2026 से ही जब से संसद में मानसून सत्र शुरु हुआ है तब से ही छात्रों व अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा व समस्या के स्थाई निदान पर चर्चा करने की जगह जमकर के हंगामा बरपाया जा रहा है। हालांकि देश की सुरक्षा एजेंसियां छात्र आंदोलन की आड़ में देशविरोधी गतिविधियों होने की लगातार संभावना व्यक्त कर रही हैं, लेकिन फिर भी किसी भी पक्ष को राष्ट व छात्रों के हितों की कोई चिंता वास्तव में नज़र नहीं आती है, केवल और केवल किसी भी तरह से सत्ता हथियाने व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा करवाने की चिंता ज्यादा है। हालांकि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को दुविधा में डालने से पहले और हंगामा खड़ा होने से पहले ही स्वयं ही नैतिकता के आधार पर बिना किसी भी जोर दवाब के केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा स्वेच्छा से पहले ही दे देना चाहिए था और सरकार का विवेक था कि वह धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को स्वीकार करती या अस्वीकार करती। लेकिन छात्रों, अभिभावकों व हमें भी निष्पक्ष रूप से यह विचार अवश्य करना चाहिए कि क्या केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पूर्ण हो जाने से भविष्य में देश में पेपर लीक की यह घटनाएं रुक जायेंगी, क्या इस्तीफे से छात्रों व युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो जायेगा। वैसे भी आज की परिस्थितियों में आंदोलनरत छात्रों को भी यह आत्ममंथन अवश्य करना चाहिए कि आज उनका शांतिपूर्ण आंदोलन कहां आकर के खड़ा हो गया है, क्या आंदोलन पर कब्जा जमाकर के बैठे नेताओं के द्वारा छात्र हित की बातें आज किसी समाधान करने वाले वास्तविक पटल पर उठायी जा रही हैं या इन नेताओं के द्वारा चतुराई से छात्रों की आड़ में अपने-अपने छिपे हुए एजेंडे को पूरा करा जा रहा है।

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से मामला खत्म नहीं, असली चुनौती अभी बाकी है

(अमन कुमार)

धर्मेंद्र प्रधान अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री नहीं रहे हैं। उन्होंने 25 जुलाई 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंपा है। इसी के साथ शिक्षा मंत्री पद पर 5 साल 18 दिन का कार्यकाल खत्म हो गया। उनके बाद अगला शिक्षा मंत्री कौन होगा? इस समय यह सबसे बड़ा सवाल है। लेकिन इससे भी बड़ा सवाल उन चुनौतियों को लेकर है, जिनकी वजह से धर्मेंद्र प्रधान को अपना पद छोड़ना पड़ा है। यूजी परीक्षा में हुई धांधली, पेपर लीक और अनियमितताओं को लेकर देशभर में चल रहे विवाद के बीच धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंपा। दिल्ली के जंतर मंतर समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में बीते कई दिनों से शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की जा रही थी। हालांकि, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के साथ मामला खत्म नहीं हुआ है। असली चुनौती अभी भी बाकी है। धर्मेंद्र प्रधान अब केंद्रीय शिक्षा मंत्री नहीं हैं। नीट एग्जाम पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने शनिवार दोपहर इस्तीफा दे दिया। लेकिन असली चुनौतियां अभी भी वहीं हैं। चुनौती, भारत में पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा प्रणाली की नींव कैसे रखी जाए? इस दौरान सरकार, न्यायलय और शिक्षा मंत्रालय के उन 7 कदमों की चर्चा होना बहुत जरूरी है, जो आने वाले समय में एजुकेशन सिस्टम को बदलने में बड़ी भूमिका निभा सकती है। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से ठीक पहले सरकार ने हाई लेवल पर शिक्षा विभाग में आला अधिकारियों का फेरबदल किया है। हाल ही में उच्च और स्कूली शिक्षा विभाग को संभाल रहे सीनियर अधिकारी विनीत जोशी को पंचायती राज मंत्रालय में भेज दिया है। वहीं नरेश पाल गंगवार को हायर एजुकेशन सेक्रेटरी और टी.के. अनिल कुमार को स्कूल एजुकेशन सेक्रेटरी पद सौंपा गया है। नीट यूजी पेपर लीक की जांच सीबीआई कर रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त से सजा देने की बात कही जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा था कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना 'घोर पाप' है। पेपर लीक के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में सख्त कानून के चलते ऐसी घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद है। लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत पेपर लीक और संगठित नकल गिरोह और जालसाजों के खिलाफ जल्द सुनवाई के लिए स्पेशल फास्ट-ट्रैक बेंच गठित करने की कवायद शुरू हो चुकी है। आईआईटी-जेईई की तर्ज पर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यानी नीट भी 'कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट' (सीबीटी) मोड में आयोजित किया जाएगा। नीट के अलावा दूसरे नेशनल लेवल एग्जाम भी भविष्य में पेन-पेपर मोड से हटाकर पूरी तरह से ऑनलाइन फॉर्मेट में आयोजित कराने पर विचार किया जा रहा है। नीट,यूजी,जेईई मैन और क्यूट समेत लगभग 15 से 20 नेशनल लेवल परीक्षाएं कराने का जिम्मा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का है। परीक्षाओं में अनियमितताओं को लेकर एनटीए को पूरी तरह भंग करने या सुधार करने की मांग की जा रही है। 2024 में यूजीसी नेट पेपर लीक मामले के बाद, एनटीए के प्रमुख सुबोध कुमार सिंह को हटाया गया था। इसी तरह हाल में केंद्र सरकार ने एनटीए के 47 अधिकारियों को हटा दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इनमें से कुछ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपकी आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे काफी सुधर जाएगी। आज अति-आत्मविश्वास में आकर बिना जरूरत का जोखिम उठाने से बचें और अपनी वर्तमान आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने पर ध्यान दें। आपका पक्का इरादा दफ्तर के पेंडिंग काम निपटाने में मदद करेगा। आधिकारिक कामों में आ रही देरी अब खत्म होगी।

### वृष
आज पैसों के मामलों में चला आ रहा उतार-चढ़ाव अब थमने लगेगा। मिथुन राशि में बुध देव विराजमान हैं, जो फंसा हुआ पैसा वापस दिलाने में मदद कर सकते हैं। बैंक और निवेश से जुड़ी बातें अब धीरे-धीरे सुलझेंगी। जल्दबाजी में खरीदारी करने से बचें। अपने बजट को संभालकर चलना और लंबे समय की बचत पर ध्यान देना ही आपके हक में रहेगा।

### मिथुन
आज मन में एक नई उमंग रहेगी। अपनी आर्थिक क्षमता से ज्यादा खर्च करने से पूरी तरह बचें। लंबे समय के लक्ष्य तय करने और अपने निवेश को नए सिरे से देखने के लिए दिन एकदम बढ़िया है। आपका उत्साह दफ्तर में आसपास के लोगों का हौसला बढ़ाएगा।

### तुला
आज आपकी आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार देखने को मिलेगा। घर-परिवार की जरूरतों पर कुछ धन लग सकता है, लेकिन सही बजट बनाने से आपका संतुलन बना रहेगा। दफ्तर में आज आपकी जिम्मेदारी और काम करने की शैली सबको नजर आएगी। बड़े अधिकारी आपकी मेहनत पर पूरा भरोसा जताएंगे। अगर कोई काम रुका हुआ था।

### वृश्चिक
आज का दिन भौतिक सुखों और आराम की चीजों पर धन खर्च करने का मन करेगा। अपनी खुशी के लिए खर्च करना ठीक है, पर दिखावे की खरीदारी पर थोड़ा अंकुश लगाएं। बचत और निवेश को लेकर किसी जानकार की सलाह बहुत काम आ सकती है। आपकी नई सोच और भरोसा दफ्तर में सबको प्रभावित करेगा। मीडिया, शिक्षा, मार्केटिंग और कला से जुड़े लोग आज बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### धनु
आज पैसों को नियम से संभालने और खर्चों पर रोक लगाने का दिन है। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में अच्छी खबर मिल सकती है। किसी को भी बिना पक्के कागजों के उधार देने से पूरी तरह बचें। आपकी आज की गई छोटी-छोटी बचत आगे चलकर बहुत काम आएगी। आपकी मेहनत और पक्के इरादों से आज दफ्तर के लोग और आपके ग्राहक काफी प्रभावित होंगे।

### कर्क
आज पेशेवर संपर्कों और समूह के साथ मिलकर किए गए कामों से धन कमाने के अच्छे मौके मिल सकते हैं। भरोसेमंद लोगों से अपनी आर्थिक योजनाओं पर चर्चा करें। नई तकनीक या मनोरंजन पर अचानक खर्च करने से बचें। काम तेजी से निपटेंगे। सहकर्मियों के साथ तालमेल बहुत शानदार रहेगा। आपकी नई सोच को दफ्तर में पहचान मिलेगी।

### सिंह
आज आपकी आर्थिक स्थिति स्थिर बनी हुई है। घर-परिवार के सहयोग से धन के सही प्रबंधन में मदद मिलेगी। अपनों की सलाह से किया गया निवेश सुरक्षित रहेगा। तुरंत के फायदे की जगह लंबे समय की सुरक्षा पर ही ध्यान दें। करियर में आज नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आपका शांत व्यवहार और दूसरों की मदद करने की आदत दफ्तर में आपकी साख को मजबूत करेगी।

### कन्या
पैसों को लेकर नियम और अनुशासन से चलना आज भी आपकी सबसे बड़ी ताकत है। कुछ अचानक खर्चे सामने आ सकते हैं, जिन्हें आप अपनी समझदारी से संभाल लेंगे। शॉर्टकट से दूर रहकर अपनी पुरानी बचत को ही धीरे-धीरे बढ़ाते रहें। शांति से की जा रही आपकी मेहनत रंग लाएगी।

### मकर
आज अपने बजट को सही करने और पुरानी भूलों को सुधारने का बहुत अच्छा अवसर है। टैक्स या सरकारी कागजों से जुड़ी अड़चनें अब दूर होने लगेंगी। बाजार की देखा-देखी में आकर कोई भी आर्थिक कदम न उठाएं और अपनी बचत को सुरक्षित रखें। आज दफ्तर में आपकी योजना बनाने की कला और काम की बारीकी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी।

### कुंभ
आज बातचीत, यात्रा और संपर्कों के जरिए धन कमाने के नए साधन मिल सकते हैं। छोटी-छोटी बचत आगे चलकर बड़ी रकम बनेगी। भविष्य की आय को लेकर उत्साहित रहें, लेकिन वर्तमान खर्चों को थोड़ा थामकर ही चलें। आपकी मीठी और संतुलित वाणी आज दफ्तर में सबसे बड़ा जरिया बनेगी।पढ़ाई कर रहे लोगों और नई नौकरी की तलाश में लगे लोगों को अच्छे संकेत मिल सकते हैं।

### मीन
आज का दिन आपको पैसों के मामलों में बहुत राहत दिलाएगा। धन से जुड़े फैसले अब एकदम साफ-सुथरे होंगे। आपके रुके हुए लेन-देन पूरे हो सकते हैं। अपने खातों को सलीके से लगाने और निवेश की पुरानी योजनाओं को दोबारा देखना आज आपके लिए बहुत फायदेमंद रहेगा। काम को लेकर आपका भरोसा आज बहुत ऊंचा रहेगा।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6164

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 6165

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | | | | ■ |
| 7 | 8 | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 |
| 12 | | | ■ | ■ | 13 | ■ | |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | 18 | 19 | ■ | 20 | | |
| 21 | ■ | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | | ■ | ■ | 24 | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. भारत रत्न से सम्मानित फिल्म जगत का प्रथम व्यक्ति (5)
5. कला आदि खिखाने वाला व्यक्ति, उस्ताद, दीर्घ मात्रा (2)
6. प्रतिष्ठा नष्ट करना, इज्जत बिगाड़ना , सामाजिक छवि धूमिल करना (5)
7. चौड़े मुंह का गोल पेंदे वाला मिट्ठी, पत्थर आदि का बना पात्र (2)
9. अनुरक्त, समाया हुआ, तन्मय (2)
10. जबड़ा, चिबुक, ठुड्डी (2)
12. कहा जाता है कि तेरहवीं शताब्दीं में अमीर खुसरो ने इस वाद्य का निर्माण किया (3)
14. दंत, दांत (2)
15. टैक्स या कर देने वाला (4)
17. सीमांतर स्थान या प्रदेश, दूरी पर (3)
20. यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा नगर है इसके उपनगरों को मिलाकर यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा शहर है (3)
22. प्रलापी, बहिरभमुखी, बातूनी (3)
23. जो रिश्तें में नाना का पिता हो (4)
24. शास्त्रीय संगीत में ऋषभ स्वर (1)

**ऊपर से नीचे**
1. समान अंतर पर होने वाला (5)
2. जीवित रहना, शरीर में प्राण रहना (2)
3. बिना चर्खे के सूत कातने और लपेटने का एक छोटा उपकरण (3)
4. ऐसी भूमि जहां नदी की बाढ़ का पानी न पहुंच सके (3)
5. अपराध, कसूर, जुर्म (3)
8. धाक, रोब, आतंक (4)
11. बुराई ढूंढना, दोष निकालना (5)
13. धारणकर्ता, वेशधारी, धारण करने वाला (3)
16. राजा या सम्राट को यह भी कहा जाता है (2)
18. कैरिबियाई सागर का मोती कहलाने वाले देश क्यूबा की यह राजधानी है (3)
19. आरंजित करना, रंग करना, रंगना (3)
21. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)

### वर्ग पहेली 6164 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ला | हा | बा | द | बैं | क | ■ |
| न | मा | ज | ■ | ख | ■ | म | ना |
| क | ■ | मा | कू | ल | ■ | ज | न |
| म | धु | ■ | ट | ■ | सि | र्फ | ■ |
| ■ | न | ■ | प्र | हा | र | ■ | को |
| अ | ■ | ■ | बं | ■ | उ | दा | स |
| सु | ध | बु | ध | ■ | ठा | न | ना |
| र | ■ | ध | ■ | चु | ना | व | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

### कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने पर मीराबाई चानू बोलीं-

# 'मेरा ध्यान रिकॉर्ड पर नहीं, प्रदर्शन पर था'



**ग्लासगो (एजेंसी)।** भारत की भारोत्तोलन क्वीन मीराबाई चानू ने ग्लासगो में आयोजित 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और जो कुछ भी कर सकती थी, वह सब किया। मुझे खुशी है कि मैंने इन खेलों में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता है। मीराबाई चानू ने ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्नैच में 85 किलोग्राम वजन उठाकर नया रिकॉर्ड बनाया। साथ ही, उन्होंने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। मीडिया से बात करते हुए मीराबाई चानू ने कहा, 'हर खिलाड़ी का सपना कॉमनवेल्थ गेम्स में जाने का रहता है। ये गेम्स हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं, ताकि हम देश के लिए कुछ करके दिखाएं। हर प्रतियोगिता में दबाव होता है, लेकिन हमें उसे संभालना होता है। यह मेरे लिए खास तौर पर अहम था क्योंकि मैं वेटलिफ्टिंग में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती थी और भारत के लिए मेडल जीतना चाहती थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और जो कुछ भी कर सकती थी, वह सब किया। मुझे खुशी है कि मैंने इन खेलों में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता है।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं असल में कोई रिकॉर्ड तोड़ने के बारे में नहीं सोच रही थी क्योंकि 48 किलोग्राम वर्ग अब कॉमनवेल्थ गेम्स का हिस्सा नहीं रहेगी। मेरा ध्यान अपने प्रदर्शन पर था और यह समझने पर कि एशियाई खेलों से पहले मुझे किन सुधारों की जरूरत है।'

मीराबाई चानू ने यह भी बताया कि उनके कोच ने बोला कि ये करना है, तो मैंने बोला कि ठीक है मैं कर लूंगी, लेकिन रिकॉर्ड के लिए मैंने इतना नहीं सोचा था।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में लगातार तीसरे सीजन में जीता सोना




स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। मीराबाई ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए सोना अपने नाम किया और कॉमनवेल्थ गेम्स में ये उनका लगातार तीसरा गोल्ड मेडल रहा। मीराबाई ने ये कमाल महिलाओं की 48 किलोग्राम भारवर्ग की वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में किया। मीराबाई की यह जीत धमाकेदार इसलिए भी रही क्योंकि उन्होंने दूसरे स्थान पर रहीं नाइजीरिया की रुथ न्योंग से 22 किलोग्राम अधिक वजन उठाया। पीएम मोदी ने भी मीराबाई को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### मीराबाई चानू ने लगाई गोल्ड की हैट्रिक

मीराबाई चानू ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल की शानदार हैट्रिक लगाई और उनका पहला कॉमनवेल्थ मेडल भी ग्लासगो में ही आया था। 2014 के गेम्स में उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था और इसके बाद उन्होंने 2018 गोल्डकोस्ट में इसे गोल्ड मेडल में बदला और फिर बर्मिंघम 2022 में अपना टाइटल बरकरार रखा। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक्स में भी सिल्वर मेडल जीता और ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय बनीं थीं। कॉमनवेल्थ गेम्स में ये मीराबाई चानू का चौथा पदक रहा और इसमें 3 गोल्ड व एक सिल्वर मेडल शामिल है। मीराबाई का मुकाबला इस प्रतियोगिता में असल में खुद से ही था। स्नैच में अगला सबसे अच्छा पहला लिफ्ट नाइजीरिया की रूथ असुकुओ न्योंग का 71 किलोग्राम था, जिन्होंने बाद में सिल्वर मेडल जीता।

## चिली के क्लब कोलो कोलो से जुड़ेंगे

### फीफा वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले गोलकीपर वोजिन्हा

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने शानदार प्रदर्शन से दुनिया का ध्यान खींचने वाले केप वर्डे के अनुभवी गोलकीपर वोजिन्हा अब चिली के मशहूर फुटबॉल क्लब कोलो कोलो से जुड़ने जा रहे हैं। क्लब के अध्यक्ष अनिबल मोसा ने इस समझौते की पुष्टि की है। 40 वर्षीय वोजिन्हा फिलहाल 'फ्री एजेंट' (किसी भी क्लब से अनुबंध नहीं) हैं। वह अगले कुछ दिनों में मेडिकल जांच के लिए चिली जाएंगे। मेडिकल टेस्ट पूरा होने के बाद उनके साथ आधिकारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे और फिर एस्टाडियो मॉन्यूमेंटल में उन्हें क्लब अपने नए खिलाड़ी के रूप में पेश करेगा। कोलो कोलो के अध्यक्ष अनिबल मोसा ने बताया कि वोजिन्हा जल्द ही चिली पहुंचेंगे। सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्हें टीम का हिस्सा बना लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन की



बदौलत वोजिन्हा को यह बड़ा मौका मिला है। इसके साथ ही उन्होंने माना कि इस ट्रांसफर से क्लब को खेल के साथ-साथ व्यावसायिक स्तर पर भी फायदा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, अभी इस ट्रांसफर की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन कोलो कोलो ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा कर इसके संकेत दे दिए हैं। तस्वीर में वोजिन्हा के घुंघराले बाल दिखाई दे रहे थे, जिसके बाद क्लब के प्रशंसकों ने उनके आने की अटकलें तेज कर दी हैं। वर्ल्ड कप से पहले वोजिन्हा ने पुर्तगाल के दूसरे डिवीजन के क्लब चावेस को छोड़ दिया था। इसके बाद विश्व कप में अपने प्रदर्शन से वह हर किसी का दिल जीतने में सफल रहे। फीफा की फैन वोटिंग से चुनी गई वर्ल्ड कप ड्रीम टीम में भी वोजिन्हा को जगह मिली।

## 'मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं': निकोलस

### इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह गर्व के साथ फुटबॉल से विदा ले रहे हैं। 38 वर्षीय डिफेंडर के अनुसार, उन्होंने नेशनल टीम की जर्सी पहनते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास किया। इस अनुभवी सेंटर-बैक खिलाड़ी ने 17 साल से ज्यादा समय तक अर्जेंटीना की ओर से खेलने के बाद रिटायरमेंट की घोषणा की है। ओटामेंडी ने अर्जेंटीना के लिए 139 मैच खेले और फीफा वर्ल्ड कप तथा दो कोपा अमेरिका खिताब जीते। उन्होंने



अपने विदाई संदेश को अपने करियर का सबसे मुश्किल पल बताया। अर्जेंटीना की 'गोल्डन जेनरेशन' के अहम खिलाड़ी ओटामेंडी ने चार फीफा वर्ल्ड कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया और देश के सबसे सफल डिफेंडरों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई। ओटामेंडी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, 'आज मुझे अपने पूरे करियर के सबसे मुश्किल शब्द लिखने पड़ रहे हैं। मैंने बहुत कम उम्र से ही अर्जेंटीना की नेशनल टीम की जर्सी पहनने का सपना देखा था; यह फुटबॉल से मिला मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान था। मैंने पूरी शिद्दत, गर्व और इस जिम्मेदारी के एहसास के साथ इसका बचाव किया कि लाखों अर्जेंटीना वासियों के लिए इसका क्या मतलब है।'

ओटामेंडी ने अर्जेंटीना के लिए अपना आखिरी मैच फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मैच के रूप में खेला।

## रन-अप में बदलाव का मिला फायदा, रवि बिश्नोई का जिम्बाब्वे टी20 सीरीज में दमदार प्रदर्शन




**हरारे (एजेंसी)।** भारत के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से जीती गई टी20 सीरीज के बाद अपनी शानदार वापसी का राज बताया। बिश्नोई ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर हुई गलतियों के बाद उन्होंने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरु में अपनी रन-अप पर कड़ी मेहनत की और अब उसका सकारात्मक परिणाम मैदान पर देखने को मिल रहा है। जिम्बाब्वे दौरे पर बिश्नोई ने तीन विकेट झटके और भारत की क्लीन स्वीप में अहम भूमिका निभाई।

**इंग्लैंड दौरे की गलती से लिया सबक**

रवि बिश्नोई के लिए इंग्लैंड दौरा बेहद निराशाजनक रहा था। मैनचेस्टर टी20 में उन्होंने तीन बैक-फुट नो-बॉल फेंकी थीं और 60 रन खर्च किए थे। उस मुकाबले के बाद उनकी गेंदबाजी और खासकर रन-अप को लेकर सवाल उठे। इसके बाद उन्होंने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पूर्व स्पिनर सैराज बहुतुले और सुनील जोशी की निगरानी में अपनी तकनीक पर काम किया।

### गलतियां सुधारीं, अब नतीजे सामने हैं

सीरीज खत्म होने के बाद रवि बिश्नोई ने बताया कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी की कमियों पर मेहनत की और कोचिंग स्टाफ से लगातार मदद मिली। रवि बिश्नोई ने कहा, मैंने उन चीजों पर काम किया जिनमें सुधार की जरूरत थी, क्योंकि मेरी गेंदबाजी में कुछ गलतियां आ गई थीं। अब उन पर काम करने का फायदा मिल रहा है और उसके नतीजे भी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, कोचों ने मेरा काफी समर्थन किया और बताया कि मुझे किन पहलुओं पर काम करना है। मेरा रन-अप थोड़ा ज्यादा वाइड हो गया था, जो आमतौर पर नहीं होता, लेकिन दुर्भाग्य से इंग्लैंड वाले मैच में बार-बार ऐसा हुआ।

### ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026

## भारत को बड़ा झटका

## राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुरिंदरवीर सिंह का 100 मीटर हीट में सफर समाप्त

**ग्लास्को (एजेंसी)।** ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत की सबसे बड़ी एथलेटिक्स पदक उम्मीदों में शामिल गुरिंदरवीर सिंह पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा के शुरुआती हीट से आगे नहीं बढ़ सके। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भारतीय धावक सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे, जिससे भारत की एथलेटिक्स में पदक की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है।

गुरिंदरवीर ने मई 2026 में रांची में आयोजित फेडरेशन कप में 10.09 सेकंड का समय निकालकर इतिहास रचा था। वह 10.10 सेकंड से कम समय में 100 मीटर दौड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष धावक बने थे। इस प्रदर्शन के बाद उनसे राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन की उम्मीदें थीं, लेकिन अपने पहले कॉमनवेल्थ गेम्स में वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

**अब हाई जंप पर टिकी भारत की नजर**

गुरिंदरवीर के बाहर होने के बाद अब भारतीय एथलेटिक्स दल की उम्मीदें पुरुषों की हाई जंप स्पर्धा पर टिकी हैं। फाइनल में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी सर्वेश कुशारे, पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तेजस्विन शंकर और आदर्श राम ज्योति शंकर भारत की चुनौती पेश करेंगे। सर्वेश कुशारे हाल ही में 2.31 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने मोनाको डायमंड लीग में तीसरा स्थान हासिल कर शानदार फॉर्म का भी परिचय दिया था।



### 10.39 सेकंड का समय भी नहीं दिला सका सेमीफाइनल का टिकट

100 मीटर हीट में गुरिंदरवीर सिंह ने 10.39 सेकंड का समय निकाला। हालांकि यह प्रदर्शन सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त नहीं रहा। सभी 11 हीट समाप्त होने के बाद गुरिंदरवीर 73 धावकों में 28वें स्थान पर रहे। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष 17 धावकों को जगह मिली। रिपोर्ट के अनुसार यदि गुरिंदरवीर 10.24 सेकंड का समय निकालते तो वह अगले दौर के लिए क्वालिफाई कर सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

### राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर पहुंचे थे ग्लास्गो

गुरिंदरवीर ने फेडरेशन कप में 10.09 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा था। उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाते हुए अनिमेष कुजूर के एक दिन पहले बने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया था। इसी वजह से उन्हें ग्लास्गो में भारत के संभावित पदक विजेताओं में गिना जा रहा था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम घोषित


### सौम्य सरकार की 5 साल बाद वापसी

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान नजमुल हुसैन शांतो को सौंपी गई है। बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम में ऑलराउंडर सौम्य सरकार को शामिल किया गया है। सौम्य आखिरी बार 2021 में टेस्ट फॉर्मेट में खेले थे। दूसरी तरफ, 2023 की डब्ल्यूटीसी चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही इस सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर चुकी है।



### पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की 15 सदस्यीय टीम

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), सौम्य सरकार, शादमान इस्लाम, तंजीद हसन, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, अमीत हसन, जाकिर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज (उप-कप्तान), तैजुल इस्लाम, तास्किन अहमद, हसन महमूद, सैयद खालिद अहमद, इबादत हुसैन चौधरी, मुश्फिक हसन।




## रेसलमेनिया के बाद दूसरा सबसे बड़ा इवेंट

### कैसे हुई थी 38 साल पहले शुरुआत

**नई दिल्ली।** 2026 का आयोजन 1 और 2 अगस्त को होने वाला है। उससे पहले कंपनी के इस सालाना मेगा इवेंट के इतिहास पर नजर डालें तो पता चलता है कि यह तकरीबन चार दशक पुरानी प्रतियोगिता है। वर्तमान में यह रेसलमेनिया, रॉयल रम्बल, सर्वाइवर सीरीज और मनी इन द बैंक के साथ WWE के 'Big Five' इवेंट्स में शामिल है। इस साल समरस्लैम का 38वां संस्करण होने वाला है। ओबा फेमी और ब्रॉक लैसनर का केज मैच (Hell In A Cell) पर सभी की नजरें होंगी। इसके अलावा मौजूदा चैंपियन रोमन रेंस की भिड़ंत सैथ रॉलिंस से होने वाली है। ऐसे ही कई धमाकेदार मुकाबलों का गवाह इस साल बनेगा मिनियापोलिस स्थित यूएस बैंक स्टेडियम।

### WWE SummerSlam की शुरुआत कैसे हुई?

SummerSlam का पहला आयोजन 29 अगस्त 1988 को अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित मैडिसन स्क्वायर गार्डन में हुआ था। उस समय WWE के चेयरमैन विंस मैकमैहन ने प्रोफेशनल रेसलिंग में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच अगस्त महीने के लिए एक बड़े पे-पर-व्यू इवेंट के रूप में इसकी शुरुआत की थी। इससे पहले कंपनी रेसलमेनिया, रॉयल रम्बल और सर्वाइवर सीरीज जैसे बड़े इवेंट आयोजित कर चुकी थी। 1980 के दशक के आखिर में WWF की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी National Wrestling Alliance (NWA) की Jim Crockett Promotions थी। Starrcade, Bunkhouse Stampede और Clash of the Champions जैसे इवेंट्स के जवाब में WWF ने लगातार नए मेगा इवेंट लॉन्च किए। इसी के खिलाफ एक रणनीति का हिस्सा था SummerSlam, जिसने बाद में कंपनी के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में जगह बना ली।

### कोरोना महामारी के दौरान बायो-सिक्योर बबल में आयोजन

2020 में कोरोना महामारी के कारण SummerSlam का आयोजन दर्शकों के बिना WWE ThunderDome से किया गया। यह WWE का पहला बड़ा पे-पर-व्यू और लाइव स्ट्रीमिंग इवेंट था, जिसे बायो-सिक्योर बबल के अंदर आयोजित किया गया। ThunderDome में करीब 1,000 LED स्क्रीन लगाई गई थीं, जिनके जरिए दुनिया भर के प्रशंसक वर्चुअली कार्यक्रम का हिस्सा बने। इसके अलावा ड्रोन, लेजर, पायरो, स्मोक और डिजिटल प्रोजेक्शन का उपयोग रेसलर्स की एंट्री को खास बनाने के लिए किया गया।

1988 से शुरू हुआ SummerSlam आज WWE के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में शामिल है। 1992 का ऐतिहासिक वेम्बली शो, ThunderDome युग, रिकॉर्ड कमाई वाला 2023 संस्करण और 2025 से दो दिनों के इस आयोजन की शुरुआत जैसे कई महत्वपूर्ण पड़ाव इस इवेंट को खास बनाते हैं। समय के साथ इसके प्रसारण, आयोजन स्थल और प्रारूप में बदलाव जरूर हुए हैं, लेकिन SummerSlam आज भी WrestleMania के बाद WWE का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन माना जाता है।

## न्यूज बाइट्स

### सूचना के अधिकार के तहत कार्रवाई की छायाप्रति उपलब्ध कराने की मांग

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष शंभू कुमार ने सूचना के अधिकार के तहत केंद्रीय प्रधान सचिव ,सड़क परिवहन और राज्य मार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली एवं प्रधान सचिव, सड़क परिवहन और राज्य मार्ग मंत्रालय, बिहार सरकार पटना को पूर्व में भेजे गए पत्र के आलोक में की गई कार्रवाई की छायाप्रति की मांग की है। उक्त पत्र में औरंगाबाद जिला एवं नगर परिषद दाउदनगर के क्षेत्रों में पड़ने वाले एनएच 139 और दाउदनगर नासरीगंज हाईवे रोड पर ऑटोमैटिक चालान या ई - चालान प्रणाली लगाने के संबंध में जिक्र किया गया था। इस पत्र में कहा गया था कि भारत या बिहार राज्य में सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण मानवीय भूल है। विशेष कर लापरवाही से वाहन चलाना और तेज गति से वाहन चलाना इसका कारण है। ई-चालान प्रणाली पारदर्शिता बढ़ाने के साथ - साथ यातायात के नियमों के पालन को बढ़ावा देने में काफी कारगर है। यह व्यवस्था सड़क सुरक्षा में सुधार करती है। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाती है। भेजे गए पत्र में इन्हीं बातों का उल्लेख करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई गई थी। भाजपा नेता ने सूचना के अधिकार के तहत अब इस मामले में की गई कार्रवाई की छायाप्रति उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि इस संबंध में आवेदक द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई किया जा सके।

### शिव शिष्यों ने निकाली पर्यावरण जागरूकता रैली

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** शिव शिष्य परिवार की ओर से सोमवार को शिव शिष्या नीलम दीदी के जन्मदिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करना था। इसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शिव शिष्यों ने भाग लिया। रैली में शामिल सभी शिव शिष्य हाथों में पौधे लेकर निकले और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पर्यावरण जागरूकता रैली गांधी मैदान से शुरू होकर धर्मशाला मोड़, सब्जी मंडी, रमेश चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान शिव शिष्यों ने शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली के दौरान 'सांसें हो रही कम, आओ लगाएं पेड़ हम', 'पेड़ लगाओ–पर्यावरण बचाओ' और 'हरियाली से ही खुशहाली' जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। शिव शिष्यों ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही नहीं, बल्कि उसकी नियमित देखभाल करना भी हर नागरिक की जिम्मेदारी है। शिव शिष्यों ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और बदलता जलवायु संतुलन गंभीर चिंता का विषय है।

### विद्युत संरचनाओं की सुरक्षा एवं चोरी की रोकथाम को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

# विद्युत आपूर्ति सुरक्षित एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए डीएम को दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार के मुख्य सचिव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर विद्युत आपूर्ति उपकरणों की सुरक्षा, विद्युत संरचनाओं की चोरी की रोकथाम तथा इस दिशा में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में विद्युत आपूर्ति को सुरक्षित एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस और विद्युत विभाग के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि कृषि फीडर, 33 केवी एवं 11 केवी विद्युत लाइन, वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर), एलटी एबी केबल, कंडक्टर सहित अन्य विद्युत संरचनाओं की चोरी या क्षति से बिजली आपूर्ति बाधित होती है। इससे राजस्व की हानि होने के साथ मरम्मत कार्य में अतिरिक्त समय और खर्च लगता है तथा किसानों एवं आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार राज्य में अब तक विद्युत संरचनाओं की क्षति के 1,228 मामले सामने आए हैं, जबकि 798 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। चोरी अथवा क्षति के कारण लगभग 42 किलोमीटर 33 केवी लाइन, 2,748 किलोमीटर 11 केवी लाइन तथा 1,177 किलोमीटर एलटी एबी केबल प्रभावित हुई है। इसके अलावा 1,680 वितरण ट्रांसफार्मरों की कॉयल या तेल चोरी की घटनाएं भी दर्ज की गई हैं।

औरंगाबाद जिले की समीक्षा में बताया गया कि जिले में अब तक विद्युत संरचना क्षति के केवल दो स्थल चिन्हित हुए हैं और दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। जिले में लगभग 3.70 किलोमीटर 11 केवी विद्युत लाइन तथा दो किलोमीटर एलटी एबी केबल प्रभावित हुई है, जबकि ट्रांसफार्मर की कॉयल अथवा तेल चोरी की कोई घटना सामने नहीं आई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, सदर एसडीएम गौरव सिंह, दाउदनगर एसडीएम अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, सिविल सर्जन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत संरचनाओं की चोरी एवं क्षति की रोकथाम के लिए पुलिस और विद्युत विभाग के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए। चोरी प्रभावित क्षेत्रों, कृषि फीडरों और विद्युत उपकेंद्रों के आसपास नियमित गश्ती, सतत निगरानी तथा विशेष चौकसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही दर्ज प्राथमिकी का त्वरित अनुसंधान, प्रभावी अभियोजन तथा संगठित गिरोहों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने पर बल दिया गया। सीमावर्ती एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। बैठक के बाद जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को जिले में विद्युत अवसंरचनाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग और पुलिस प्रशासन के बीच सतत समन्वय बनाए रखते हुए किसी भी चोरी अथवा क्षति की घटना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई हो सके और जिले में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति बनी रहे।

## राशन कार्ड निर्गमन और आवेदन सत्यापन में अव्वल रहा औरंगाबाद

निज संवाददाता | औरंगाबाद

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की योजनाओं की सोमवार को मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। बैठक में राशन कार्ड निर्गमन, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस), सीएमआर आपूर्ति तथा लंबित आवेदनों के निष्पादन की प्रगति का आकलन किया गया। समीक्षा के दौरान औरंगाबाद जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में प्रथम स्थान हासिल किया, जिसकी मुख्य सचिव ने सराहना की। जिले को 25 जुलाई 2026 तक 19,295 नए राशन कार्ड आवेदनों का लक्ष्य दिया गया था। इसके मुकाबले 23,790 आवेदन प्राप्त हुए, जो निर्धारित लक्ष्य का 123 प्रतिशत है। प्राप्त आवेदनों में से 20,499 का सत्यापन पूरा कर लिया गया है। इनमें 19,990 आवेदन पात्र तथा 509 आवेदन अपात्र पाए गए हैं, जबकि केवल 3,291 आवेदन सत्यापन के लिए लंबित हैं। आवेदन सत्यापन की गति के मामले में भी औरंगाबाद राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल रहा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, सदर एसडीएम गौरव सिंह, दाउदनगर एसडीएम अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित राशन कार्ड आवेदनों का सत्यापन प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। पात्र लाभुकों को समय पर राशन कार्ड उपलब्ध कराने, जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने, उचित मूल्य की दुकानों की नियमित निगरानी करने तथा सीएमआर आपूर्ति में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पात्र लोगों तक पहुंचे और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### सदर अनुमंडल ने भी बनाया रिकॉर्ड

प्रखंडवार समीक्षा में औरंगाबाद सदर अनुमंडल ने भी पूरे बिहार में पहला स्थान प्राप्त किया। अनुमंडल को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 16,426 आवेदन प्राप्त हुए, जो लक्ष्य का 134 प्रतिशत है। इनमें 15,678 आवेदनों का सत्यापन कर सदर अनुमंडल ने राज्य में सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

## पोते ने दादा की पीट-पीटकर की हत्या, पिता ने भागकर बचाई जान




निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के रतनपुर पंचायत अंतर्गत लोकन बिगहा (अतरौली) गांव में सोमवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गेट खोलने में हुई देरी से नाराज एक युवक ने अपने ही दादा पर लाठी-डंडे से हमला कर उनकी हत्या कर दी। हमले में युवक के पिता भी घायल होने से बाल-बाल बच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सुरेश सिंह यादव (60) के रूप में हुई है, जो अनाज खरीद-बिक्री का व्यवसाय करते थे। जानकारी के अनुसार सुरेश सिंह यादव अपने पुत्र संजय कुमार के साथ गांव के समीप स्थित पोल्ट्री फॉर्म पर सो रहे थे। सोमवार अहले सुबह करीब तीन बजे संजय का 19 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार वहां पहुंचा और गेट खटखटाने लगा। काफी देर तक गेट नहीं खुलने पर उसने गुस्से में दरवाजा तोड़ दिया और अंदर घुसते ही दोनों पर लाठी-डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में संजय कुमार किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकले और ग्रामीणों को सूचना दी। जब तक लोग घटनास्थल पर पहुंचे, तब तक सुरेश सिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। परिजनों के अनुसार मारपीट में उनके दोनों पैर और एक हाथ बुरी तरह टूट गए थे। गंभीर रूप से घायल सुरेश सिंह यादव को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि आरोपी गुड्डू कुमार मानसिक रूप से कमजोर हैं। हालांकि पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, एसआई दीपक कुमार तथा एएसआई अरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश यादव, सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान अजीत कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

## सबका सम्मान–जीवन आसान के संकल्प के साथ लगा जनता दरबार



- दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, भूमि विवाद समेत विभिन्न मामलों की सुनी गई शिकायतें, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सात निश्चय-3 के अंतर्गत सबका सम्मान–जीवन आसान पहल के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनता दरबार में नागरिकों ने दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली एवं सड़क निर्माण, भूमि विवाद, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, अनुग्रह अनुदान सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर आवेदन सौंपे।

सभी परिवादों का विधिवत पंजीकरण कर उन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले में त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी परिवादों का गुणवत्तापूर्ण और निष्पक्ष निष्पादन किया जाए तथा मामलों की नियमित समीक्षा कर आम लोगों को शीघ्र न्याय और राहत उपलब्ध कराई जाए। जिला प्रशासन ने दोहराया कि जनहित सर्वोपरि है और संवेदनशील, जवाबदेह तथा त्वरित प्रशासनिक व्यवस्था उपलब्ध कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा, रूफटॉप सोलर स्थापना में तेजी लाने के निर्देश



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, लाभुकों के पंजीकरण, रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना, सामग्री की उपलब्धता, बैंक ऋण स्वीकृति तथा अधोसंरचना विकास की विस्तार से समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, सदर एसडीएम गौरव सिंह, दाउदनगर एसडीएम अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति, सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 959 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 779 लाभुकों ने विक्रेता का चयन किया है, जबकि 191 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। पिछले चार माह में 67 नए संयंत्र लगाए गए हैं। अधोसंरचना विकास के तहत अब तक 115 सोलर पैनल एवं 30 संरचनाओं का संस्थापन किया गया है। कार्य में तेजी लाने के लिए 595 मानवबल की तैनाती की गई है। नवंबर 2026 तक निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिदिन 49 संस्थापन का लक्ष्य तय किया गया है। सामग्री उपलब्धता की समीक्षा में बताया गया कि जिले के लिए 576 सोलर मॉड्यूल एवं 30

## सांप के काटने से महिला की इलाज के दौरान मौत

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के रिसियप थाना क्षेत्र के बभंडीह गांव में सांप के डसने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मानमती देवी के रूप में हुई है। घटना रविवार की देर रात की है। परिजनों के अनुसार महिला अपने कमरे में सोने गई थी। बिस्तर पर पहले से मौजूद एक विषैले सांप ने जैसे ही वह लेटी, उसे डस लिया। सांप के काटने के कुछ ही देर बाद मानमती देवी की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन पहले उन्हें झाड़-फूंक के लिए एक तांत्रिक के पास ले गए, लेकिन हालत लगातार गंभीर होती गई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें निजी अस्पताल भेजा, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए फिर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

जिले के बारूण थाना क्षेत्र में सोमवार को रेलवे ट्रैक पर करीब 60 वर्षीय एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार डेहरी से गया की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से उनकी मौत हुई। सूचना मिलने पर बारूण थाना पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना सोननगर रेलवे स्टेशन के समीप पोल संख्या 550/13 और 550/14 के बीच की है। रेलवे ट्रैक पर कार्य कर रहे मजदूरों ने पुलिस को बताया कि बुजुर्ग रेलवे लाइन के किनारे पैदल चल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। बारूण थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मृतक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक की पहचान के लिए उसकी तस्वीर आसपास के थानों, स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से साझा की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। पुलिस के अनुसार पोस्टमॉर्टम के बाद शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। यदि इस दौरान मृतक की पहचान हो जाती है तो शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

## बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल हेतु सुझाव

भारत में वर्षा ऋतु का समय सामान्यतः 15 जून से 15 सितम्बर तक का होता है। इसी मौसम के दौरान परजीवियों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि देखने को मिलती है। वर्षा ऋतु के दौरान अपनाने योग्य कुछ महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख किया गया है जिसका पालन करने से पशुपालक अपने पशु संसाधन के स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं–

- बारिश के पहले पशुओं के पशुशाला की छत की मरम्मत कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके।
- पशुशाला की खिड़कियाँ खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से बचने के लिये पंखों का उपयोग करें।
- इस मौसम में साफ–सफाई का खास ख्याल रखें एवं पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें जिससे मच्छर न हों और परजीवी संक्रमण को रोका जा सके।
- पशुशाला में पशु के मल–मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन हो। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाईल के घोल से अवश्य साफ करें, जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरिया कम हो सके।
- बाड़े में और उसके आस–पास कचड़ा और गंदगी इकठ्ठा न होने दें और उसके निकास की उचित व्यवस्था हो। नियमित अन्तराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें।
- जानवरों को ज्यादा शारीरिक थकावट न होने दें और बार–बार धूप में न लाएँ।
- बारिश के मौसम में पशुओं को बाहर चरने के लिये नहीं भेजें क्योंकि बारिश के मौसम में गीली घास पर कई तरह के कीड़े होते हैं जो पशुओं के पेट में चले जाते हैं और शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं।
- पशु को खेतों के समीप गढ्ढे या तालाब का पानी पिलाने से परहेज करें क्योंकि इस दौरान किसान खेतों में खर–पतवार एवं कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करते हैं जो कि रिसकर इनमें आ जाता है।
- कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएँ।
- दाने का भण्डारण नमी रहित जगह पर करें और ध्यान दें कि इस मौसम में दाने को 15 दिन से अधिक भण्डारण न करें।
- बरसात आने से पहले पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध टीकाकरण करवा दें।

PR No.- 008818 (Animal)D. 2026-27



पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार
@BiharDFARD

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस ने मनाई खुशी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में की गई चर्चा



- युवा राष्ट्र के भविष्य, इनसे खिलवाड़ पर कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी : प्रखंड अध्यक्ष
- झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए : प्रखंड प्रवक्ता

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा देने पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी, दाउदनगर ने खुशी जताते हुए प्रदेश नेतृत्व के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक आयोजित की। इस बैठक में प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कांग्रेस नेता वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान शिक्षा व्यवस्था, युवाओं के संघर्ष और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड प्रवक्ता ई. युवराज पांडेय ने कहा कि देश के युवाओं ने लोकतांत्रिक तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी। यह संघर्ष युवाओं की एकजुटता और लोकतंत्र में विश्वास का प्रतीक है। यदि जनता संगठित होकर आवाज़ बुलंद करे तो सत्ता को उसकी बात माननी पड़ती है।

यह उसी बात का उदाहरण है कि झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए'। मौके पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि देश का युवा राष्ट्र का भविष्य है। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा छात्रों और युवाओं की आवाज़ उठाती रही है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आगे भी संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। कार्यकर्ताओं ने इसे युवाओं के लोकतांत्रिक संघर्ष की सफलता बताया और एक - दूसरे को बधाई दी।

## स्थानांतरण नियमों को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल



- परिवीक्षा अवधि की शर्त हटाने का किया आग्रह, शिक्षा मंत्री ने सभी पात्र शिक्षकों को स्थानांतरण प्रक्रिया में शामिल करने का दिया आश्वासन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

एनआईओएस डीएलएड डिप्लोमाधारी आरई-2 एवं आरई-1 सप्लीमेंट्री शिक्षकों के अभिभावकों और शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से विकास भवन में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानांतरण (ट्रांसफर) के लिए जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में परिवीक्षा अवधि (प्रोबेशन) की अनिवार्यता को शिथिल करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सेवानिवृत्त शिक्षक एवं सेवा पूर्व प्रशिक्षित नियोजित शिक्षक संघ, औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष छठू सिंह ने किया। उन्होंने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि आरई-2 एवं आरई-1 सप्लीमेंट्री के तहत नियुक्त सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी स्थानांतरण प्रक्रिया में शामिल किया जाए। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, शिक्षा मंत्री ने उनकी मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति स्थानांतरण की पात्रता तिथि से पहले हुई है, उन्हें भी स्थानांतरण प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में शीघ्र विभागीय पत्र जारी करने की बात भी कही।

प्रतिनिधिमंडल में अररिया के आजाद खान, नरकटियागंज के भुनेश्वर वर्मा, दरभंगा के शत्रुघ्न पासवान सहित कई शिक्षक एवं अभिभावक शामिल थे। बैठक के बाद शिक्षकों और अभिभावकों ने शिक्षा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि विभाग जल्द आदेश जारी करेगा, जिससे पात्र शिक्षक-शिक्षिकाओं का अपने गृह जिले में स्थानांतरण का रास्ता साफ हो सकेगा।